www.navpradesh.com

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024, वर्ष-13 अंक- 354 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे की नीति पर चलने वाले नेताओं के लिए क्या वाकई खतरे की घंटी बजने वाली है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है कि देश के चुनावी इतिहास में पहली बार भाजपा ने भ्रष्टाचार को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाने की रणनीति बनाई है। उस पर अमल भी शुरू हो गया है। इससे भ्रष्टासूरों की सेहत पर कितना असर पड़ेगा यह देखना दिलचस्प होगा। दरअसल भ्रष्टाचार को भाई लोगों ने अपना जन्म सिद्ध अधिकार मान रखा है। खाओ और खाने दो जिनका सूत्र वाक्य रहा हो वे जानते हैं कि देश की जनता भ्रष्टाचार को गंभीरता से नहीं लेती। वोटों के सौदागर नगदऊ चमकाकर वोट कबाड़ ही लेंगे।

सीनियर लीडर का बयान.. क्या कांग्रेस के लिए बन गई मुसीबत..

उठ रहे कई सवाल, मुहावरों से कांग्रेस को मिलेगा कितना लाभ बीजेपी एफआईआर के बदले क्यों कर रही प्रदर्शन?

रायपुर/नवप्रदेश। एक पुरानी कहावत है कि कई बार गधे को घोड़ा बनाने के प्रयास में पूरा अस्तबल खाली हो जाता है। डॉ. महंत के तल्ख़ मुहावरे कहीं जान बूझकर तो बोले नहीं गए? 36 घंटे से ज्यादा बीतने के बाद भी महंत की ख़ामोशी और बीजेपी नेताओं की सियासत पर मुहावरों से कांग्रेस को कितना लाभ मिलेगा, बीजेपी एफआईआर के बदले क्यों कर रही प्रदर्शन? ...ये सवाल अब उठ रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुलगते सवाल

- डॉ. चरणदास महंत मोदी की मुड़ी फोड़ने वाला मुहावरा दिए तो जिंदल को जूता करने वाला बयान भी मुहावरा था क्या ?
- कबीर के अनुयायी महंत के मुंह से चार लोकसभा में दिए अलग अलग बयान का पार्टी प्रत्याशियों को क्या मिलेगा लाभ?
- विवादित बयान और फिर माफ़ी मांगने के बाद भी बंगला का घेराव, रैली, पहले लाठी मुझे मारो' अभियान क्या चुनावी है?
- बीजेपी की सत्ता है फिर एफआईआर और मुहावरों की जांच के आदेश के बदले गृहमंत्री विजय शर्मा का रैली और घेराव करना क्या लाजमी है?
- क्या भाजपा के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लाठीवाद का जवाब सीजी की जनता ने कांग्रेस को दे दिया है : डॉ. रमन

रायपुर/नवप्रदेश। पीएम मोदी पर की गई विवादित टिप्पणी के बाद से ही नेता प्रतिपक्ष पर बीजेपी का पलटवार जारी है। पूर्व सीएम व विधानसभा अध्यक्ष ने भी नेता प्रतिपक्ष के हिंसात्मक बयान को लेकर निंदा की है। कहा- लाठीवाद का जवाब सीजी की जनता ने कांग्रेस को दे दिया है।

पूरे दिन सोशल मीडिया में भाजपा ने मैं हूं मोदी का परिवार पहली लाठी मुझे मार को ट्रेंड कराया। सभी मंत्रियों ने भी अपने सोशल मीडिया में वीडियो डाला। हालांकि डॉ. महंत ने उनके कहने का आशय भी बता चुके हैं और जिन्हें बुरा लगा है उनसे माफ़ी भी मांगे हैं। डॉ. रमन सिंह ने भी नेता प्रतिपक्ष के हिंसात्मक बयान को लेकर निंदा की है। उन्होंने ङ्क पर लिखा है कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महंत के निवास घेराव पर कांग्रेस को ऐतराज, निर्वाचन आयोग पहुंचे नेता

■ डिप्टी सीएम शर्मा को बर्खास्त करने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के निवास के सामने डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नेतृत्व में भाजपाईयों ने नेता प्रतिपक्ष निवास का घेराव करने की कोशिश की थी। कांग्रेस निर्वाचन आयोग पहुंची और उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की।

छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकोक्ति को गलत समझा, हिंसा हमारी सोच में नहीं : बघेल

नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत जी के बयान पर भाजपा की प्रतिक्रिया पर पूर्व सीएम और कांग्रेस से राजनांदगांव के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा है कि भाजपा के नेताओं ने गलत समझा क्योंकि वे छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति को ठीक तरह से समझ नहीं पाए। उन्होंने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजनांदगांव सीट से बीजेपी उम्मीदवार पांडेय ने भरा पर्चा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह सहित दिग्गज नेता मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर भारत में 7 अप्रैल तक भारी बारिश के आसार

नई दिल्ली, (वार्ता)। देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में सात अप्रैल तक गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।अरुणाचल प्रदेश में चार से सात अप्रैल तक भारी बारिश और बर्फ़बारी होने के आसार हैं।असम और मेघालय में पांच अप्रैल को भारी बारिश होने का अनुमान जताया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश भर में आपात हवाई पट्टियों का जाल बिछाने की योजना

नई दिल्ली, (वार्ता)। वायु सेना अपने विमानों को आपात स्थिति में कहीं भी उतारने के लिए देश भर में विभिन्न राज्यों में आपात हवाई पट्टी सुविधाओं का जाल बिछाने पर काम कर रही है। वायु सेना ने गगन शक्ति अभ्यास के दौरान पिछले सप्ताह ही कश्मीर घाटी में उत्तरी सेक्टर में इसी तरह की आपातकालीन हवाई पट्टी पर चिनूक हेलिकॉप्टर, एम आई 17 और उन्नत हल्के ध्रुव हेलिकॉप्टर को उतारकर बड़ी संख्या में सैनिकों को वहां पहुंचाया।

सीएसपीडीसीएल में भर्ती के नाम पर चल रहा धोखे का बाजार

पंजीयन के एवज में वसूल रहे एक से दो हजार रुपए

■ बिल ऑपरेटर, रीडिंग चेंज हेल्पर और लाइन चोरी आफिसर के नाम से ऑन लाइन ठगी का नेटवर्क

■ विभाग को नहीं है इसकी भनक, नव प्रदेश की पड़ताल में खुलासा

मनीष बाघ

नवप्रदेश एक्सक्लूसिव

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में सीएसपीडीसीएल के नाम पर धोखे का बाजार खुल्लमखुल्ला चल रहा है। लोगों से ऑन लाइन और आफ लाइन दोनों तरह से संपर्क कर पंजीयन के नाम पर एक से दो हजार रुपये तक वसूल किए जा रहे हैं, पर इसके बारे में विभाग को भनक तक नहीं है।

नव प्रदेश की पड़ताल में यह खुलासा हुआ है। सोशल मीडिया में सीएसपीडीसीएल के नाम पर रिसीविंग और फिर जारी किए गए पोस्ट की जानकारी हाथ लगी है। बकायदा इसमें संपर्क नंबर तक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

CSPDCL

बाकायदा छत्तीसगढ़ शासन का लोगो और हस्ताक्षर

जो इश्तेहार जारी किया गया है उसमें बाकायदा हस्ताक्षरयुक्त छत्तीसगढ़ शासन का लोगो बना हुआ है। एक संपर्क नंबर भी दिया गया है। यह नंबर 9238050547 ओडिशा का है। कुल 325 पदों के लिए संपर्क साधने को कहा जा रहा है।

> अगर इस तरह का इश्तेहार जारी किया गया है तो यह पूरी तरह से फर्जी है। लोगों से धोखाधड़ी के लिए उन्हें गुमराह किया जा रहा है। सीएसपीडीसीएल ने ऐसे किसी भी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित नहीं किया है।
>
> **- गोविंद पटेल,** पीआरओ- सीएसपीडीसीएल
>
> ऑन लाइन विज्ञापन जारी कर अगर लोगों से ठगी करने की शिकायत मिलेगी तो निश्चित रूप से जांच कर कार्रवाई करेंगे। सायबर सेल द्वारा तकनीकी छानबीन कर आरोपियों की खोजबीन करेंगे।
>
> **- संजय सिंह,** डीएसपी-सायबर क्राइम

सेलरी 18 हजार से ऊपर, छह छुट्टी का लालच : बिल ऑपरेटर, रीडिंग चेंज, हेल्पर और लाइन चोरी अफसर के लिए जारी इस इश्तेहार के हिसाब से 18500 रुपये से लेकर 19700 रुपये तक दिए जाएंगे। हमर छत्तीसगढ़, हमर बिजली के स्लोगन के साथ शातिरों ने जरूरतमंद बेरोजगारों को निशाने पर लिया है।

..तब अफसरों के खड़े हुए कान

पड़ताल के बाद नव प्रदेश से जानकारी मिलने के बाद विभागीय अफसरों ने जांच कार्रवाई की बात कही है। साथ ही इस मामले में पुलिस से भी मदद लेने का दावा किया है। विभागीय अफसरों का कहना है, विभाग से जारी होने वाले विज्ञापन बकायदा अधिकृत वेबसाइट पर है। सोशल मीडिया से सामने आए इस इश्तिहार के लिए विभाग की कोई अपनी जिम्मेदारी नहीं है।

जग्गी हत्याकांड : सप्ताह भर में दोषियों को करना होगा कोर्ट में सरेंडर

■ हाईकोर्ट से सभी दोषियों की अपील खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने सभी 28 दोषियों की अपील खारिज करते हुए निचली अदालत द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा बरकरार रखी है। इससे पहले अपील की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जिसे आज सुना दिया गया। सभी दोषियों को हफ्तेभर के भीतर ट्रायल कोर्ट ने सरेंडर करने का आदेश दिया है।

हत्याकांड में इन्हें माना गया है दोषी

आजीवन कारावास की सजा पाने वालों में 2 तत्कालीन सीएसपी, एक तत्कालीन थाना प्रभारी के अलावा रायपुर नगर निगम के मेयर एजाज ढेबर के भाई याहवा ढेबर, शूटर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

4 जून 2003 को हुई थी घटना

4 जून 2003 को एनसीपी के कोषाध्यक्ष रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में तत्कालिन मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी सहित 31 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में दो आरोपी बल्टू पाठक और सुरेन्द्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे। अमित जोगी को कोर्ट ने बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ रामअवतार जग्गी के पुत्र सतीश जग्गी की ओर से अपील सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है, जो विचाराधीन है।

अरविंद की रिमांड, अनवर ईओडब्ल्यू की कस्टडी में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला मामले में हाईकोर्ट से जमानत पर रिहा हुए कारोबारी अरविंद सिंह को हिरासत में लेने के बाद ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम ने गुरुवार को अनवर ढेबर को भी कस्टडी में ले लिया है। अनवर को कुम्हारी टोल के पास से एसीबी ने हिरासत में लिया। इसके बाद अनवर को ईओडब्ल्यू कार्यालय लाया गया। दो दिन पहले मंगलवार को हाईकोर्ट ने अरविंद सिंह को जमानत दी थी। करीब 10 महीने पहले अरविंद की दुर्ग से गिरफ्तारी हुई थी।

गुरुवार देर शाम अनवर ढेबर को भी हिरासत में लिए जाने की खबरें सुर्खियों में आ गई। अनवर को ईओडब्ल्यू कार्यालय लाए जाने पर वहां गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। गौरतलब है कि ईडी(प्रवर्तन निदेशालय) ने एसीबी को दी गई रिपोर्ट में अनवर ढेबर को शराब घोटाले का किंगपिन बताया था। ईडी के पत्र के आधार पर ही ईओडब्ल्यू ने अनवर ढेबर पर केस दर्ज किया था। अरविंद सिंह 8 अप्रैल तक रिमांड पर

70 लोगों के खिलाफ है जुर्म दर्ज

बता दें 2161 करोड़ के शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय के प्रतिवेदन पर ईडी ने 70 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है, जिसमें कारोबारी अरविंद सिंह और अनवर ढेबर का नाम शामिल है। इस मामले में गिरफ्तार करने के बाद ईओडब्ल्यू-एसीबी इनसे पूछताछ करेगी।

एएससीआई का 'रिस्पॉन्सिबल इन्फ्लुएंसिंग ई-लर्निंग पाठ्यक्रम

नई दिल्ली, (वार्ता) भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) में सोशल मीडिया पर लघु फिल्म बनाने वाले लोगों के लिए एक पाठ्यक्रम 'रिस्पॉन्सिबल इन्फ्लुएंसिंग कोर्स' शुरू किया है। इस पाठ्यक्रम में विनियमनम और प्लेटफॉर्म-विशेष दिशानिर्देशों को भी शामिल किया गया है। एएससीआई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी महासचिव मनीषा कपूर ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि परिषद की प्रशिक्षण शाखा एएससीआई अकादमी ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

14 नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली राज्यसभा सदस्यता की शपथ

नई दिल्ली, (वार्ता)। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरूवार को विभिन्न राज्यों से चुनकर आये अलग अलग दलों के 14 सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया है कि श्री धनखड़ ने इन सदस्यों को संसद भवन में आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलायी। शपथ लेने वाले सदस्यों में आन्ध्र प्रदेश से वाई एस आर कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सोनिया गांधी बनी राज्यसभा सदस्य

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने गुरुवार को नये संसद भवन में राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान से उच्च सदन से निर्विरोध निर्वाचित श्रीमती ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गठबंधन का बंटवारा, अमेठी कांग्रेस को

■ वायनाड के साथ राहुल गांधी यूपी की अमेठी सीट से भी मैदान में उतरेंगे

अमेठी (ए.)। अमेठी में सपा व कांग्रेस के गठबंधन के प्रत्याशी के नाम की घोषणा न होना राजनीतिक गलियारे में पहेली बनी हुई है। बीजेपी ने लगातार तीसरी बार मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी को टिकट देकर मैदान में उतार दिया है और वे अमेठी में डेरा डालकर मतदाताओं को बीजेपी के पाले में करने में जुटी हुई है। पर ये तय है कि सपा गठबंधन के बंटवारे में अमेटी सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी के नाम का ऐलान न होना अमेठी के लोगों के लिए भी चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि दूसरे चरण के मतदान के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिदायद : नक्सल क्षेत्र में तेज करें सर्विलांस

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रायपुर रेंज में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए आईजी रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा ने गुरुवार को सभी पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान रेंज के संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सर्विलांस बढ़ाने को कहा। आईजी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में केंद्रीय रिजर्व बल, एसपी गरियाबंद, एसपी महासमुंद, एसपी धमतरी शामिल हुए। इसके अलावा पुलिस विभाग में सबसे अहम विशेष सूचना शाखा के भी अफसर उपस्थित रहे। आईजी मिश्रा ने कहा, माओवादियों की समीक्षा कर संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की जाएगी।

माओवादियों के सहयोगियों को करें चिन्हाकित: ऐसे लोग जो माओवादियों को सहयोग करते हैं उन्हें चिन्हाकित कर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

भविष्य के लिए... इस फंड में निवेश करने से पहले इससे जुड़े कुछ नियमों की जानकारी होना आवश्यक है

पीपीएफ में अन्य योजनाओं की तरह नहीं है कई सुविधाएं

■ लंबी अवधि के लिए निवेश कर अच्छी रकम जमा की जा सकती है

नई दिल्ली। पब्लिक प्रोविडेंट फंड एक सरकारी योजना है जिसमें लंबी अवधि के लिए निवेश कर अच्छी रकम जमा की जा सकती है। फिलहाल सरकार इस पर 7.1 फीसदी ब्याज दे रही है। पीपीएफखाता किसी भी डाकघर या बैंक में खोला जा सकता है।

इस योजना में कोई भी भारतीय नागरिक निवेश कर सकता है। इसके अलावा इस स्कीम में इनकम टैक्स सेक्शन 80सी के तहत टैक्स बेनिफिट भी मिलता है, लेकिन फिर भी पीपीएफ में निवेश करने से पहले आपको इससे जुड़े कुछ नियमों की जानकारी होना जरूरी है, जिन पर कई लोग ध्यान भी नहीं देते हैं।

एक से अधिक खाता नहीं खोल सकते

सभी योजनाओं में एक से अधिक खाते खोलने की सुविधा है, लेकिन पीपीएफ में एक व्यक्ति एक से अधिक खाते नहीं खोल सकता है। यदि गलती से दो पीपीएफखाते खुल जाते हैं तो दूसरे खाते को वैध खाता नहीं माना जाएगा। जब तक दोनों खातों का विलय नहीं हो जाता तब तक इस पर ब्याज नहीं मिलेगा।

संयुक्त खाते का कोई विकल्प नहीं है

कई अन्य योजनाएं आपको संयुक्त खाता खोलने की सुविधा देती हैं, लेकिन पीपीएफ में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसमें आप नॉमिनी जरूर तय कर सकते हैं। किसी भी कारण से खाताधारक की मृत्यु होने पर नामांकित व्यक्ति को राशि निकालने का अधिकार है।

ब्याज दर में बदलाव की संभावना

पीपीएफकी ब्याज दर की बात करें तो इसकी ब्याज दर भी समय के साथ बदलती रहती है। अप्रैल 2019 से जून 2019 तक इसकी ब्याज दर 8 फीसदी, फिर 7.9 फीसदी और फिर जनवरी-मार्च 2020 में 7.1 फीसदी थी। तब से लेकर आज तक यह ब्याज दर 7.1 फीसदी पर बनी हुई है। अगर आने वाले समय में यह ब्याज दर और घटेगी तो लोगों के पास अच्छे रिटर्न पाने के कई विकल्प होंगे।

ये है निवेश सीमा

पीपीएफ में अधिकतम निवेश सीमा 1.5 लाख रुपये सालाना है। अगर आपकी सैलरी अच्छी है और आप इस योजना में ज्यादा निवेश करना चाहते हैं तो आप ऐसा नहीं कर सकते। ऐसे में आपको निवेश के दूसरे विकल्प तलाशने होंगे।

कांग्रेस का घर-घर गारंटी कार्ड अभियान, आठ करोड़ घरों में करेंगे वितरित

14 भाषाओं में छापे गए हैं कार्ड

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने जनता को पांच न्याय के तहत दी जाने वाली 25 गारंटियों के कार्ड घर-घर पहुंचने का अभियान बुधवार को शुरू कर दिया और चुनाव खत्म होने से पहले आठ करोड़ परिवारों तक इन सभी गारंटियों के कार्ड वितरित किए जाएंगे।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने आज राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पूर्वी लोकसभा क्षेत्र में घर-घर गारंटी कार्ड वितरण अभियान की शुरुआत की। पार्टी कार्यकर्ता अगले कुछ हफ्तों में पूरे भारत में आठ करोड़ परिवारों को ये गारंटी कार्ड वितरित करेंगे। गारंटी कार्ड 14 विभिन्न भाषाओं में छापे गए हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार प्रत्येक गारंटी कार्ड में ऐतिहासिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान श्री खडगे और पार्टी नेता राहुल गांधी द्वारा घोषित पार्टी के पाँच न्याय की 15 गारंटियों के कार्ड का विवरण है।

ये है गारंटियां

उन्होंने बताया कि कांग्रेस की इन गारंटियों में सबसे पहले युवा न्याय की बात है जिसके तहत पहली गारंटी पक्की नौकरी की है और तहत हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपये की अप्रेंटिसशिप का अधिकार दिया जाएगा। इसमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और सभी ख़ाली पोस्ट कैलेंडर के अनुसार भरे जाएंगे। पेपर-लीक रोकने के लिए नए कानून और नीतियां बनाने के साथ ही ? गिग वर्कर के लिए बेहतर काम-काजी नियम बनाना तथा सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसी तरह से युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपये का नया स्टार्टअप फंड शुरू किया जाएगा।

महिलाओं को आर्थिक रूप से करेंगे मजबूत

पार्टी नारी न्याय के तहत महालक्ष्मी योजना चलाएगी जिसके तहत हर ग़रीब परिवार की एक महिलाओं को हर साल एक लाख देकर ?आधी आबादी, पूरा हक़ देंगे और महिलाओं को- केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। ?शक्ति का सम्मान के तहत आशा, मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स को ज़्यादा सैलरी,अधिकार मैत्री के तहत महिलाओं को कानूनी हक़ और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली एक अधिकार-सहेली, हर पंचायत में नियुक्त होंगी और कामकाजी महिलाओं के लिए सावित्री बाई फुले हॉस्टल की संख्या दोगुनी की जाएगी।

सपा-कांग्रेस गठबंधन को दे पाएंगे टक्कर!

■ आजादी के बाद कई चुनावों तक यहां कांग्रेस का दबदबा रहा

बांसगांव। यूपी के गोरखपुर जिले की तीन विधानसभा और देवरिया जिले की दो विधानसभा सीट मिलाकर बनी है बांसगांव लोकसभा सीट। यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। आजादी के बाद कई चुनावों तक यहां कांग्रेस का दबदबा रहा। 1957 और 1962 में कांग्रेस के महादेव प्रसाद बांसगांव लोकसभा सीट से चुनाव जीते थे. 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर मोलहू प्रसाद जीते।

बांसगांव लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार का एक अलग अंदाज 1967 में मोलहू प्रसाद ने दिखाया जो, साइकिल पर सवार होकर खजड़ी बजाते, गीत गाते हुए क्षेत्र में निकलते और लोगों से मिलते थे. वे सांसद चुन लिए गए. कांग्रेस के राम मूरत प्रसाद 1971 में यहां से जीत दर्ज की तो 1977 में इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव में भारतीय लोकदल के उम्मीदवार विशारद फिरंगी प्रसाद विजयी रहे. कांग्रेस के बड़े नेताओं में शुमार रहे महावीर प्रसाद ने यहां से चार बार सांसद चुने गए. वे यहां से 1980, 84 और 1989 में सांसद बनते रहे. फिर 2004 में वो कांग्रेस के टिकट पर विजयी हुए और कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे. हरियाणा के राज्यपाल भी बने.

कमलेश पासवान की राजनीतिक स्थिति

कमलेश पासवान बांसगांव लोकसभा सीट से तीन बार सांसद रह चुके हैं. वे 2009, 2014 और 2019 में बीजेपी के टिकट पर शानदार जीत के साथ सांसद चुने गए. कमलेश की मां सुभावती पासवान भी 11वीं लोकसभा के लिए यहां से सांसद रही हैं। सुभावती पासवान ने समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीता था. कमलेश के पिता ओमप्रकाश पासवान भी अपने क्षेत्र में चर्चित नेता रहे हैं, लेकिन 1996 में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उनकी हत्या कर दी गई थी। कमलेश पासवान पहले समाजवादी पार्टी में थे और विधायक भी रहे। 2009 में वे समाजवादी पार्टी छोड़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

यहां 1991 में पहली बार खिला बीजेपी का कमल

भारतीय जनता पार्टी यहां पर 1991 में पहली बार कमल खिलाने में सफल रही और राजनरायण पासवान विजयी हुए. सुभावती पासवान 1996 में सपा के टिकट पर सांसद चुनी गई. 1998 और 1999 के चुनाव में एक बार फिर राज नारायण पासी बीजेपी उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीत गए. 2004 में कांग्रेस के महावीर प्रसाद विजयी हुए तो 2009 में एक बार फिर भाजपा ने इस सीट पर कब्जा जमाया. कमलेश पासवान तबसे लगातार यहां से विजयी हो रहे हैं. 2014 और 2019 का चुनाव जीत कर कमलेश जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं और एक बार फिर से वो भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे हैं।

2024 का चुनाव प्रत्याशी नहीं, मोदी के चेहरे पर लड़ा जा रहा

राजनीतिक विश्लेषक प्रो. अजय शुक्ला का कहना है कि 2024 का चुनाव प्रत्याशी नहीं पीएम मोदी के चेहरे पर लड़ा जा रहा है. इसलिए ये मायने नहीं रखता है कि कौन विजयी होगा. बांसगांव सीट पर रामलहर के बाद से ही भाजपा का दबदबा रहा है. मौजूदा कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद यहां पर टक्कर दे सकते हैं पर पलड़ा भाजपा का ही भारी रहेगा। वहीं वरिष्ठ पत्रकार टीपी शाही का कहना है कि बांसगांव के मौजूदा सांसद से वहां की जनता नाराज है. कई जगहों पर उनके विरोध की खबरें भी आ रही हैं, फिर भी इस सीट पर कमलेश पासवान का पलड़ा भारी रहेगा. मोदी और योगी के नाम पर उन्हें वोट मिलेगा. 2019 में सपा-बसपा के मजबूत गठबंधन में भी जब ये सीट भाजपा के खाते में चली गई तो इस बार के गठबंधन में उतना दम नहीं दिख रहा है.

सबसे ज्यादा मतदाता ओबीसी वर्ग के

जातीय समीकरण की बात करें तो बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता ओबीसी वर्ग के हैं। एक अनुमान के मुताबिक इनकी संख्या करीब 8.34 लाख है। 2.5 लाख मतदाता अनुसूचित जाति के हैं। सवर्ण मतदाताओं की संख्या भी करीब 5 लाख है और डेढ़ लाख मुस्लिम मतदाता हैं। अनुसूचित जाति में पासवान जाति के लोग काफी मजबूत है।

लालू को बड़ा झटका देंगे पप्पू

■ कांग्रेस का झंडा उठा पूर्णिया लोकसभा सीट पर किया नामांकन

पूर्णिया। महागठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर पूर्णिया लोकसभा सीट से बीमा भारती के नामांकन करने के बाद भी कांग्रेस नेता राजेश रंजन उर्फपप्पू यादव के बागी तेवर बरकरार है। जानकारी के अनुसार, वे आज पूर्णिया संसदीय सीट से नामांकन किएं। बता दें कि कांग्रेस में शामिल होने के बावजूद उन्हें टिकट नहीं मिला था, बावजूद इसके वह कांग्रेस का झंडा लेकर नामांकन करने का दावा करते रहे हैं। साफ है कि पप्पू यादव के नामांकन को लेकर महागठबंधन में आपस में ही द्वंद्व छिड़ा है।

लोकसभा चुनाव के लिए पप्पू यादव पर्चा दाखिल करने पहुंचे। नामांकन के बाद वे टाउन हॉल में समर्थकों को संबोधित किए। जानकारी अनुसार, इसके बाद समर्थकों के साथ शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वे करीब सवा ग्यारह बजे नामांकन पर्चा दाखिल करने पहुंचे। नॉमिनेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद समर्थकों के हुजूम के साथ पप्पू यादव वापस टाउन हॉल पहुंचे। जहां नॉमिनेशन में पहुंचे समर्थकों के बीच संबोधन के साथ ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किए। यहां चुनावी पड़ाई बेहद दिलचस्प होने वाली है, क्योंकि यहा फिर मुकाबला त्रिकोणीय हो जाएगा। पप्पू यादव के चुनावी मैदान में आने से बीमा भारती की मुश्किल बढ़ जाएगी और एनडीए में जदयू के उम्मीदवार संतोष कुशवाहा की राह आसान हो जाएगी।

पप्पू यादव ने पहले ही कहा था

बता दें कि राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को राजद प्रत्याशी बीमा भारती के नामांकन के बाद पप्पू यादव का नाम लिए बिना उनपर निशाना साधा था और भाजपा का आदमी बताने की कोशिश की थी। बता दें कि पप्पू यादव ने पहले ही कहा था कि वह दुनिया छोड़ देंगे, लेकिन पूर्णिया सीट नहीं छोड़ेंगे।

■ ▌ लोकसभा चुनावी वॉच

अपर्णा यादव मैनपुरी सीट से लड़ेंगी चुनाव?

कहा महिलाओं का अपमान कांग्रेस के DNA में

__मैनपुरी।__ दो साल पहले बीजेपी ज्वाइन करने वाली अपर्णा यादव के लोकसभा चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं. हालांकि गुरुवार को जब उनसे यह सवाल पूछा गया कि क्या वे मैनपुरी सीट से चुनाव लड़ेंगी जहां से उनकी जेठानी डिंपल यादव मैदान में हैं? इस पर अपर्णा यादव की तरफ से सधी हुई प्रतिक्रिया दी और संभावनाओं से इनकार भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि जैसा सीनियर लीडरशिप तय करेगा मैं वही करूंगी। दरअसल, कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा मथुरा सीट से मौजूदा सांसद और बीजेपी प्रत्याशी हेमा मालिनी के खिलाफकी गई अभद्र टिप्पणी को लेकर राजधानी लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि महिलाओं की अस्मिता और आत्मसम्मान को चोट पहुंचाने कांग्रेस का पुराना कल्चर है. महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में है. उन्होंने कहा कि बीजेपी नारी का सम्मान करती है. महिला को सशक्त करती है. वहीं कांग्रेस नेता महिलाओं को लेकर अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं. हेमा मालिनी पर रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी निंदनीय है. चुनाव आयोग से अपील है कि इनकी टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए करवाई हो. कांग्रेस के कई नेता इस तरह के बयान देते आए हैं. सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत पर गलत टिप्पणी की. कांग्रेस आईटी सेल से जुड़े लोगों पर भी महिलाओं के प्रति अपमानजनक व्यवहार के उदाहरण सामने आए हैं. देश की मातृशक्ति के अपमान का जवाब 2024 में मिलेगा।

जैसा सीनियर लीडरशिप तय करेंगे

इस दौरान मैनपुरी सीट से चुनाव लड़ने के सवाल का जवाब भी अपर्णा यादव ने दिया और कहा कि जैसा सीनियर लीडरशिप तय करेगा मैं वही करूंगी। राहुल और प्रियंका के अमेठी रायबरेली से चुनाव लड़ने पर अपर्णा यादव ने कहा कि ये हमेशा झूठ और लोगों को गुमराह करने की बाते करते हैं. इनका सच उजागर हो रहा है. ये लड़ने की परिस्थिति में नहीं हैं. अमेठी-रायबरेली भी बीजेपी जीतेगी।

..ये सांप्रदायिक, सनातन मिटाने की विचारधारा को समर्पित: अनिल

नई दिल्ली, (वार्ता)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ता गौरव वल्लभ, बिहार प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता उपेन्द्र प्रसाद ने आज यहां भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उसके बाद तीनों ने कांग्रेस के खिलाफ आग उगले।

भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी महासचिव विनोद तावड़े तथा राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने तीनों नेताओं को सदस्यता पर्ची एवं गुलदस्ता देकर पार्टी में स्वागत किया। तावड़े ने तीनों नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस अपना अस्तित्व खुद ही नष्ट करने पर तुली हुई है।

बिना सलाह निर्णय थोपे गए

बिहार में कांग्रेस ने प्रदेश के नेतृत्व से पूछे बिना कुछ ऐसे निर्णय थोपे हैं जिनसे कांग्रेस के कार्यकर्ता निराश हैं। महागठबंधन की शक्ति रहे बिहार के दोनों नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प से जुड़ गये हैं। उनकी योग्यता, क्षमता एवं प्रतिभा का उपयोग करते हुए विकसित भारत के अभियान को अधिक गति मिलने की आशा है। इस अवसर पर गौरव वल्लभ ने कहा कि कांग्रेस ने श्रीराम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करके ठीक नहीं किया। दिनरात देश के लिए पूंजी एवं संपत्ति निर्माण करने वाले उन उद्योगपतियों को गाली देना कतई उचित नहीं है जिन्हें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की नीतियों के कारण आगे आने का मौका मिला है।

नेताओं का चुप बैठना घोर आपत्तिजनक

नेताओं ने कहा गलत नीतियों के कारण मुद्दों को कांग्रेस द्वारा गलत ढंग से लिया जा रहा है। सनातन धर्म को गाली देने के मुद्दे पर कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं का चुपचाप बैठ जाना घोर आपत्तिजनक है। राजनीतिक पार्टियां विचारधारा के आधार पर चलतीं हैं लेकिन कांग्रेस व्यक्तिगत विरोध पर चल रही है जहां नयी सोच के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि वह भाजपा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित बनाने में अपना हरसंभव योगदान देंगे।

ऐसे घोर सांप्रदायिक वाले नेता हैं ये

कांग्रेस पार्टी सांप्रदायिक दृष्टिकोण वाले नेताओं के चंगुल में फंस गयी है। खुद को सेकुलर कहने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी घोर सांप्रदायिक सोच वाले नेता हैं। इसका प्रमाण है कि इन नेताओं ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा समारोह के

यहां समाजवाद नष्ट हो गया: उपेन्द्र

उपेन्द्र प्रसाद ने कहा कि उन्होंने अपनी राजनीति भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की छत्रछाया में उनकी प्रेरणा से शुरू की थी और डॉ. राममनोहर लोहिया का अनुसरण किया था। डॉ. लोहिया ने परिवारवाद एवं भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाया था। यहां परिवार वाद एवं भ्रष्टाचार को इस कदर बढ़ावा दिया कि समाजवाद नष्ट हो गया।

तमिलनाडु के साथ धोखा किया: तावड़े

इस मौके पर तावड़े ने कहा कि कांग्रेस में नारीशक्ति का सम्मान नहीं है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंच पर सबके सामने किसी साधारण बुजुर्ग महिला के पैर छूने में संकोच नहीं होता है, वहीं कांग्रेस महिलाओं को अपमानित करने से बाज़ नहीं आती है। श्री तावड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का सिर फोड़ने की बात कही है। उधर कांग्रेस ने तमिलनाडु के साथ धोखा किया है।

'बर्दाश्त नहीं कर सकता...' इस कारण छोड़ी कांग्रेस

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है. कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ और बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने गुरुवार को भाजपा का दामन थाम लिया. इन दोनों नेताओं के साथ राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व लोकसभा उम्मीदवार उपेंद्र प्रसाद ने भी भाजपा का दामन थाम लिया. भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और संजय मयूख की मौजूदगी में गौरव वल्लभ, अनिल शर्मा और उपेंद्र प्रसाद ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. विनोद तावड़े ने कहा कि गौरव वल्लभ कांग्रेस के पिछले 10 वर्षों से प्रवक्ता रहे हैं. बिहार में कांग्रेस अपनी पार्टी को खुद खत्म करने पर तुली हुई है, कांग्रेस आलाकमान बिहार प्रदेश पर जिस तरह से अपने फैसले थोप रही है, उससे कांग्रेस के नेता बिहार में दुखी हैं. वहीं उपेंद्र प्रसाद अपने इलाके के मजबूत नेता हैं. इन तीनों नेताओ के आने से पार्टी को बल मिलेगा और उन्हें विश्वास है कि इन तीनों नेताओं की क्षमता का सदुपयोग करते हुए पार्टी विकसित भारत की दिशा में और मजबूती से काम करेगी। वहीं भाजपा में शामिल होने के बाद गौरव वल्लभ ने कहा कि वह अपने पत्र में अपनी वेदना और व्यथा लिख चुके हैं.

कोरिया जिले में महिला मतदाता बनेंगे भाग्य विधाता

■ स्वस्थ लोकतंत्र के 2 लाख से अधिक मतदाता बनेंगे सहभागी

■ सीजी के कोरिया जिले के 306 मतदान केन्द्रों में 7 मई को मतदान

यशवंत राजवाड़े

कोरिया/नवप्रदेश। विस निर्वाचन-2023 को सम्पन्न हुए महज पांच माह हुए हैं। अब निर्वाचन आयोग, शासन-प्रशासन, सुरक्षा बल लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर पूरी तरह तैयारियों में जुटी हुई है। कोरबा लोकसभा संसदीय सीट के अंतर्गत आने वाले कोरिया जिले में तृतीय चरण के तहत मंगलवार 7 मई 2024 को मतदान होगा। इसके पहले 12 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा, 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है, 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी तथा 22 अप्रैल को नाम वापसी की तिथि है। लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं का रूझान क्या रहा वह मंगलवार 4 जून 2024 को मतगणना के दौरान जानकारी मिलेगी।

महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

बता दें इस बार बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में 228 तथा सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में 78 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में 1 लाख 70 हजार 663 मतदाता हैं, तो सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में 36 हजार 552 मतदाता है। महिला-पुरुष मतदाताओं की बात करें तो बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में पुरुष मतदाताओं की संख्या 85 हजार 85 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 572 है। इसी तरह सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में पुरुष मतदाताओं की संख्या 18 हजार 230 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 18 हजार 321 है। इस तरह 2 लाख 7 हजार 215 मतदाता स्वस्थ लोकतंत्र के सहभागी होंगे।

7 हजार युवा करेंगे मताधिकार का उपयोग

पहली बार वोटिंग करने नए मतदाताओं में उत्साह

जानकारी के मुताबिक 6 हजार 920 नए युवा मतदाता, 2 हजार 188 दिव्यांग मतदाता हैं तो 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 640 वहीं 7 तृतीय लिंग मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।



कोरबा संसदीय सीट में 8 विधानसभा

कोरबा संसदीय सीट के अंतर्गत 4 जिले के 8 विधानसभा शामिल हैं। कोरबा जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर, एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़, भरतपुर-सोनहत तथा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के मरवाही विधानसभा सीट है।

5 साल में बैकुण्ठपुर में 4 तो सोनहत में 11 प्रतिशत मतदाता बढ़े

बता दें विगत लोकसभा निर्वाचन-2019 में बैकुण्ठपुर विकासखण्ड के 1 लाख 25 हजार 872 (76.58 प्रतिशत), (सोनहत) विकासखण्ड के 28 हजार 667 (87.20 प्रतिशत), मतदाताओं ने मतदान किए थे। विगत लोकसभा निर्वाचन में बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में पुरूष मतदाता 77.59 प्रतिशत रहा तो महिला मतदाताओं की प्रतिशत 75.57 प्रतिशत थीं, इसी तरह सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में पुरूष मतदाता 88.59 प्रतिशत रहा तो महिला मतदाता की प्रतिशत 85.81 प्रतिशत रही। जानकारी के मुताबिक इस बार बैकुण्ठपुर विकासखण्ड में 3.84 प्रतिशत व सोनहत (आंशिक) विकासखण्ड में 11.15 प्रतिशत मतदाताओं की वृद्धि हुई है।

संपत्ति विरूपण पर लगातार कार्रवाई

17 मार्च को आचार संहिता लगते ही जिले में नगरीय निकायवार एवं ग्राम पंचायत वार संपत्ति विरूपण दल का गठन किया गया है, जिसके तहत संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की गई। इसके तहत शासकीय, अशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम, निगम, मंडल, बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, निजी कार्यालय, भवन, डिवाइडर, छत, दीवार आदि स्थानों से राजनीतिक व अन्य प्रचार-प्रसार से संबंधित फ्लेक्स, पोस्टर, स्टीकर, बैनर, पेंटिंग आदि को हटाने के लिए पूरा अमला लगा हुआ है।

जिम्मेदारी और सावधानीपूर्वक कराएं मतदान : कलेक्टर

- डाक मत के सुविधा केंद्र के लिए 16-16 दलों बनाए जाएंगे
- करीब 25 सौ कर्मचारियों का पीबीटी से होगा मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्ट्रेट परिसर के रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान के लिए प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर डॉ गौरव ने कहा कि डाक मत पत्र से मतदान कराना बहुत ही बड़ी जिम्मेदारी का कार्य है। मतदान दल बहुत ही सूझबूझ के साथ दायित्व का निर्वहन करें। प्रशिक्षण बेहतर तरीके से ली जाएं। साथ ही फ्लोचार्ट का पालन करते हुए कार्य करें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि मतदान सुविधा केंद्र में बुनियादी सुविधा सुनिश्चित की गई है। मेडिकल टीम, पेयजल सहित अन्य आवश्यक चीजें उपलब्ध रहेगी। डॉ सिंह ने कहा कि मतदान दल मतदान के पश्चात रजिस्ट्रर की जांच करें और मतदाताओं के हस्ताक्षर भी अवश्य कराएं। प्रशिक्षण

के दौरान संयुक्त कलेक्टर बृजेश सिंह और मास्टर ट्रेनर श्री राकेश डेढ़गवें और श्री अजीत हुडैंत ने मतदान दलों को बताया कि सुविधा केंद्र में मतदान प्रारंभ से पहले मतपेटी को सील किया जाएं। बॉक्स पूरी तरह खाली होने के बाद की स्थिति में अच्छे तरीके से सील करें। सील करने वाले कागज, गत्ते पर वही मौजूद अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर लें और पीठासीन अधिकारी हस्ताक्षर करें। सीलिंग की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन में करीब 11 हजार 500 कर्मचरियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जिसमें करीब 25 सौ को सुविधा केन्द्र में डाकमत के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। बाकि को कर्मचारियों को ईडीसी दी जाएगी। सुविधा केन्द्र, टाउन हॉल और प्रशिक्षण केन्द्र में बनाएं जाएंगे। प्रशिक्षण के समय फार्म 12 और 12(क) दिया जाएगा। जिसे भरकर कर्मचारी पीबीटी और ईडीसी के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

साथ ही डाक मत के महत्व, पात्रता, प्रक्रिया, प्रपत्र-12, सुविधा केंद्र, सुविधा केंद्र में मतदान पूर्व प्रक्रिया, अभिप्रमाणन, प्रपत्र-13, मतदान समापन, अनुपस्थित मतदाता के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्रीमती निधि साहू सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल से छग श्रम कल्याण मंडल के सदस्यों ने की भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के सदस्यों ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मंडल के सदस्य सुरेश मसीह और शिव नायक उपस्थित थे।

कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोस क्षेत्र के लिए प्रेक्षक नियुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में आम निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। आयोग ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2005 बैच के अधिकारी डॉ. एम.टी. रेजु को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी श्री एम. राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक और भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के 2014 बैच के अधिकारी श्री संदीप मोंडल को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। भारत निर्वाचन आयोग ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के शशि रंजन को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2014 बैच के अधिकारी श्री योगेन्द्र कुमार को पुलिस प्रेक्षक तथा भारतीय प्रतिरक्षा लेखा सेवा (IDAS) के प्रवीण रंजन को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2004 बैच के अधिकारी डॉ. समित शर्मा को सामान्य प्रेक्षक एवं भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी श्री एम. राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत महासमुंद जिले के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2014 बैच के अधिकारी श्री मनीष कुमार डबास को तथा धमतरी और गरियाबंद जिले के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2016 बैच के अधिकारी श्री राम प्रभु उदय आर. को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

86 साल के इतवारी ने मूंछों पर ताव देकर कहा

करेंगे अवश्य मतदान, बढ़ायेंगे लोकतंत्र की शान

रायपुर/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशन तथा सहायक एआरओ पुष्पेन्द्र शर्मा एवं तहसीलदार श्रीमती सीता शुक्ला के संयुक्त मार्गदर्शन में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कम मतदान प्रतिशत वाले दूरस्थ अंचल के मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए स्वीप टीम के द्वारा लांजा एवं खोरसी में सघन जागरूकता अभियान चलाया गया। वहां स्वीप टीम पहुंचकर मतदाता जागरूकता गीतों के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शत् प्रतिशत मतदान का संदेश देते हुए प्रलोभन फ्री मतदान की शपथ करवाई।वहीं ग्राम लांजा निवासी 86 वर्षीय इतवारी कोसले ने अपनी लंबी मूंछों पर ताव देते हुए कहा कि करेंगे अवश्य मतदान, बढ़ायेंगे लोकतंत्र की शान। वीप टीम ग्राम खोरसी एवं लांजा के सरपंच ,ग्राम सचिव एवं बीएलओ, पटवारी तथा ग्रामीणों से विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम होने कारणों पर विस्तार से चर्चा करते हुए मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के दिशा पर पहल किया। मतदाता जागरूकता अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों,स्व-सहायता महिला समूह की महिलाओं,युवाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता रही।

आचार संहिता के बाद शराब दुकानों में कर्मचारियों की छंटनी तय

- बाहर से आकर कइयों ने जमाए पांव, ब्लेक लिस्टेड भी शामिल
- प्लेसमेंट कंपनी रिप्लेस होने के बाद आबकारी विभाग करेगा बदलाव

नव प्रदेश/रायपुर शराब बिक्री के लिए प्लेसमेंट कंपनी बदलने के बाद अब विभाग पुराने कर्मचारियों की छंटनी करने की तैयारी में है। विभाग ऐसे कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने के मूड में है जो पिछले दो से तीन साल एक ही दुकान में जमे हुए हैं। पुरानी प्लेसमेंट कंपनी में इन कर्मचारियों ने फील्ड अफसरों के साथ तालमेल बिठाकर कई तरीकों से वारे न्यारे किए हैं। इनमें कई चेहरे ऐसे हैं जो मूल रूप से दूसरे प्रदेश के हैं लेकिन कंपनी के बड़े जवाबदारों के प्रभाव में आकर किसी न किसी तरीके से एंट्री ली है।

आबकारी सूत्रों के मुताबिक सीएसएमसीएल द्वारा व्यवस्था बदलने अब खाका तैयार कर लिया गया है। पुरानी कंपनी ने दुकानों के लिए सुपरवाइजर के अलावा फील्ड अफसर, ऑडिट अफसर और फिर फिल्ड मैनेजर नियुक्त किए थे लेकिन विभाग ने इस बार साफ कर दिया है दुकानों का संचालन सिर्फ फिल्ड अफसर करेंगे। बाकी बनाई गई व्यवस्था में फिल्ड मैनेजर, फिल्ड अफसर और ऑडिट के लिए दूसरे अन्य जवाबदारों की नियुक्ति नहीं की जाएगी। प्लेसमेंट को वर्क आर्डर जारी होने के बाद आचार संहिता हटते ही सभी जोन के लिए शर्ते तय कर दी जाएगी। बताया जाता है पुरानी प्लेसमेंट कंपनी के आने के पहले बिहार के एक गुट का दबदबा रहता था। यहां से आने वाले कर्मचारियों ने किसी तरह एंट्री लेकर बकायदा दुकानों का बंटवारा किया था। अपने-अपने सुपरवाइजर बिठाकर दुकानों में वारे न्यारे किए थे। प्लेसमेंट से काम लेकर अपने हिसाब से दुकानों में बिक्री का सिस्टम बिठाया जाता था। इसके बाद ओवर रेट से लेकर कोचियों का चेनल बनाने तक भूमिका बांधी जाती थी। अब आबकारी नीति बदलने के बाद प्लेसमेंट के लिए भी विभाग अलग से नियम तय करने के मूड में है।

ब्लेक लिस्टेड चेहरे का बड़ा खेल

पुरानी प्लेसमेंट कंपनी ने भले ही दुकानों में बिक्री के दौरान गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ ऊपरी कार्रवाई कर प्रकरणों का निपटारा किया है लेकिन असल में जिन कर्मचारियों को ब्लेक लिस्टेड किया गया, कई चेहरे अभी भी दुकानों में जमे हुए हैं। पर्दे के पीछे से भी कई कर्मचारियों ने दुकानों को प्रभाव में रखा है। कंपनी के साफ्टवेयर में कर्मचारियों के नाम और फोटो में खेला कर ब्लेक लिस्टेड होने वालों ने फिर से पांव जमा लिया।

सिक्योरिटी कंपनी बिकवाएगी शराब

रायपुर जिले को एक नंबर जोन में रखा गया है। बीआईएस (बांबे इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड) कंपनी को टेंडर मिला है। बताया जा रहा है जिले की दुकानों में पहले पुरानी एजेंसी ने 500 से ज्यादा कर्मचारियों की भर्ती की थी। कई दुकानों में काम छोड़ चुके हैं लेकिन इनकी जगह में बाहरी तत्वों ने प्रभाव जमा रखा है।

शिकायत के आधार पर हटाएंगे

पुरानी प्लेसमेंट कर्मचारियों के विरूद्ध सामने आई शिकायतों के आधार पर कार्रवाई होगी। निश्चित ही इस बार ब्लेक लिस्टेड कर्मचारियों की छंटनी करेंगे। आचार संहिता हटने का इंतजार है।

- पीएल साहू,
ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर,
सीएसएमसीएल

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तेज करें सर्विलांस : आईजी

- पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर सुरक्षा बिंदुओं पर चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रायपुर रेंज में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए आईजी रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा ने गुरूवार को सभी पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान रेंज के संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सर्विलांस बढ़ाने को कहा।

आईजी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में केंद्रीय रिजर्व बल, एसपी गरियाबंद, एसपी महासमुंद, एसपी धमतरी शामिल हुए। इसके अलावा पुलिस विभाग में सबसे अहम विशेष सूचना शाखा के भी अफसर उपस्थित रहे। आईजी मिश्रा ने कहा, माओवादियों की समीक्षा कर संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोग जो माओवादियों को सहयोग करते हैं उन्हें चिन्हाकित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में आईजी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए की जा रही सुरक्षा तैयारियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। आचार संहिता लगे होने के दौरान असमाजिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई जारी रखने भी निर्देश दिए। सीमावर्ती राज्य पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर नक्सल अभियान संचालित करने को लेकर भी अफसरों को निर्देश जारी किए। यूएपीए के तहत लंबित प्रकरणों की समीक्षा एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों की सुनवाई और उसकी प्रगति के संबंध में भी चर्चा की गई। आईजी ने त्वरित प्रकरणों के तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट पेश करने निर्देश दिए।

मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप क्रिकेट स्पर्धा

- खेल एवं युवा कल्याण विभाग की धुंआधार बल्लेबाजी, प्रतियोगिता में अब तक सर्वाधिक 235 रन बनाए
- कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने विजेता और उप विजेता टीम को दी ट्रॉफी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के मोतीबाग स्थित सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन 3 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग और लोकनिर्माण विभाग के मध्य खेला गया। इस प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने सबसे धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए बड़ी जीत हासिल की है। मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह भी शामिल हुए और एससीईआरटी के संचालक राजेंद्र कटारा ने उपस्थित खिलाड़ियों और नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के पहले जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने दोनों ही टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सबसे पहले खेल एवं युवा कल्याण विभाग की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 235 रन बनाए। टीम के ओपनिंग बल्लेबाज प्रदीप साहू ने शानदार पारी खेलते हुए नाबाद 115 रन बनाए। जिसके लिए उन्हें मैंन ऑफ द मैच चुना गया। टीम के कप्तान श्री प्रवेश जोशी ने कप्तानी पारी खेलते हुए 93 रन बनाए। उन्हें बेस्ट बेस्ट्मैन का खिताब दिया गया। तीन विकेट हासिल करने वाले गिरीश शुक्ला को बेस्ट बॉलर से नवाजा गया। साथ ही बेस्टर विकेट कीपर टी एन रेड्डी को चुना गया। इस दौरान कलेक्टर ने दोनों ही टीम के कप्तान को ट्राफी देकर सम्मानित किया। सभी खिलाड़ियों ने मैच के पश्चात मतदान की शपथ ली और नागरिकों से सबसे पहले 7 मई को मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर अधिकारीगण व नागरिक गण भी भारी संख्या में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 12 दिवसीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन में अंतर विभागीय टीम हिस्सा ले रही है। 10-10 ओव्हर के मैच में प्रत्येक टीम की तरफ से एक महिला खिलाड़ी को बॉलिंग का मौका दिया जाना अनिवार्य है। साथ ही प्रत्येक ओव्हरों का निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नामकरण किया गया है। स्वीप ओवर, अधिसूचना ओवर, ईवीएम ओवर, एफएसटी ओवर, वीवीपैट ओवर इत्यादि नाम दिए गए है।

जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने अनेक समुदाय के साथ रोज़ा इफ्तार पार्टी आयोजित की

रायपुर/नवप्रदेश। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद, रायपुर यूनिट के द्वारा बैरन बाजार स्थित अल-फ्लाह टावर में समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए विभिन्न समुदाय के साथ रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में सर्व आस्था मंच के मनमोहन सिंह सैलानी, प्रेम शंकर गोटिया, ऑल मुस्लिम वेलफेयर के संरक्षक फैसल रिज़वी, दलेर सिंह, फादर सेबेस्टियन, हरीश जोशी, भूपेंदर सिंह, हरिंदर सिंह, प्रवीण जाधव, गोपी रक्सैल और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

इस इफ्तार पार्टी का आयोजन कराने का मकसद था कि सभी समाज के लोग सभी त्यौहार एक साथ मिलकर मनाए. जो लोग समाज की फिज़ा को बिगाड़ने का काम करते हैं, उन्हें इस तरह के कार्यक्रम से आपसी भाईचारे और गंगा जमुना की तहजीब की मिसाल पेश की जाती है. संस्था के शहर अध्यक्ष उबैद खान ने सभी का स्वागत किया और बताया की रमजान महीने में रोज़े रखने का मकसद लोगों में ईश्वर का भय पैदा होना, झूठ से बचना और नफ्स काबू में रखना है. प्रदेश अध्यक्ष शफीक साहब ने संस्था द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी. प्रेमशंकर गोटिया जी ने बताया कि सभी मनुष्य को संसार में कुछ बनने के लिए अपने आप को तपाना पड़ता है. जब तक इंसान तपेगा (मेहनत) नहीं, तब तक वह कामयाब नहीं हो सकता, यह रमज़ान का रोज़ा भी लोगों को जिंदगी गुज़ारने का तरीका सीखता है. श्री अमर ने रमजान की मुबारकबाद देने के साथ कहा कि जमाअत के द्वारा यह कार्यक्रम रखकर समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारे की मिसाल पेश की है. सर्व आस्था मंच के मनमोहन सिंह सैलानी ने इस कार्यक्रम का स्वागत किया और आपसी भाईचारे बनाए बनाए रखने हेतु सभी से अपील की।

अंत में तमिलनाडु से आए अतिकुर रहमान साहब (मेंबर जमाअत ए इस्लामी हिंद) ने लोगो को इस्लाम का परिचय करया एवं देश में सबको आपस में मिलकर रहने की अपील की और कहा कि हमारा मुल्क एक खूबसूरत बगीचे की तरह है जहां सभी रंग के फूल खिलते हैं।

युवा और महिला मोर्चा को बृजमोहन अग्रवाल ने सिखाया बूथ मैनेजमेंट

- जो कांग्रेस 50 साल में भी नहीं कर पाई वो मोदी जी ने 10 साल के शासनकाल में कर दिखाया : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। सही सरकार का चुनाव देश को प्रगति के पथ पर ले जा सकता है। एक सकारात्मक और सुशासनशील सरकार ही देश को विकास, समृद्धि, और सामरिक तरीके से मजबूत बनाने में मदद कर सकती है। कभी-कभी जानकारी के अभाव में मतदाता गलत उम्मीदवार का चयन करते हैं कर लेते हैं जिसका खामियाजा केवल उनके क्षेत्र को ही नहीं बल्कि पूरे राज्य और देश को भी भुगतना पड़ता है।

यह कहना है छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ मंत्री एवं रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी श्री बृजभान अग्रवाल का जो बुधवार को रायपुर उत्तर विधानसभा मंडल के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे थे।इन बैठकों का आयोजन तेलीबांधा मंडल, शंकर नगर मंडल, फाफाडीह मंडल, जवाहर नगर मंडल में किया गया था। जिसमे युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी भी शामिल हुए। जिनको संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि,किसी भी चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए जनता से किया गए वादों को पूरा करने के साथ ही बूथ मैनेजेंट और पार्टी की नीतियों के प्रचार की अहम भूमिका होती है। चुनाव हो या युद्ध किसी को भी जीतने के लिए एक सही रणनीति की बहुत आवश्यकता होती है और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी होती है कि उस रणनीति को जमीनी स्तर पर लागू करें।

उन्होंने कहा कि, जो कांग्रेस 50 साल में भी नही कर पाई वो मोदी जी ने 10 साल के शासनकाल में कर दिखाया। देश के इतिहास में पहली बार हुआ है जब भाजपा सरकार ने किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की है। किसानों को पहली बार 20000 रुपए की अंतर राशि किसानों के खाते में आई है। कोई भी भूखा न रहे यह सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय गरीबों को 35 किलो मुफ्त राशन दे रहे। साथ ही 18 लाख परिवार के लिए पक्का मकान और हर घर नल से जल दिया जा रहा है। लेकिन सूचना के अभाव में हितग्राहियों को यह पता नही चल पात की कौन सी सरकार यह सब काम कर रही है। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर बताना पड़ेगा की मोदी जी के नेतृत्व वाली कमल फूल की सरकार दिन रात गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने उन्हे आत्म निर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के जरिए काम कर रही है। श्री अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि, मोदी जी ने चुनावी युद्ध को जीतने के लिए महतारी वंदन, उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन, धान खरीद आदि योजना रूपी हथियार दिए हैं। अब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि जनता को जागरूक करे और मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए कमल फूल को वोट दें। जिसके लिए कार्यकर्ताओं को बूथ मैनेजमेंट पर ध्यान देना होगा। एक एक वोटर से निजी तौर पर मिलकर उन्हें भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताना होगा। श्री अग्रवाल ने गर्मी के चलते कार्यकर्ताओं से सुबह शाम 2-2 घंटे जनता के बीच बिताने और उनसे बात करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के पास जनता के सामने जाने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। इसलिए जनता भी भाजपा के साथ है बस जरूरत है तो पार्टी कार्यकर्ताओं को एक बार उनसे मिलने की।

नाम निर्देशन प्रक्रिया के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी को प्रशिक्षण

- नाम निर्देशन की हर बारीकियों को बेहतर तरीके से समझें : कलेक्टर
- 12 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 तक होगी नाम-निर्देशन की प्रक्रिया

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में रिटर्निंग अफसरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह संबोधिक करते हुए कहा कि नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति और वापसी, संवीक्षा, प्रतीक चिन्ह आबंटन का संपादन सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों के माध्यम से की जानी है।

ऐसे में नाम निर्देशन की प्रक्रिया को बारिकियों से समझा जाएं। नाम निर्देशन 12 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 के मध्य किया जाएगा।

इस दौरान जिम्मेदारी से दायित्व का निर्वहन करें। मास्टर ट्रेनर राकेश डेढ़गवें और अजीत हुंडेट, के द्वारा रिटर्निंग ऑफिसरों को बताया गया कि नाम निर्देशन के दौरान नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, राष्ट्रीय व उस राज्य में मान्यत प्राप्त को निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम एक निर्वाचक प्रस्ताव आवश्यक है। गैर मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों और निर्दलीय अभ्यर्थियों को निर्वाचन क्षेत्र के कम से कम 10 निर्वाचकों के प्रस्ताव की आवश्यकता होगी।

सुविचार

आप जितना चाहो उतना मिल नहीं सकता लेकिन आप जितना चाहो उतना दे जरूर सकते हो, वह है प्यार, स्नेह सम्मान, खुशी और मदद। - अज्ञात

संपादकीय

चुनाव के पूर्व भागमभाग की स्थिति

लोकसभा चुनाव के पूर्व लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों में भागमभाग की स्थिति निर्मित हो गई हैं। रोज ही नेता एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी का रूख कर रहे हैं। इन दलबदलुओं को दूसरी पार्टी हाथों हाथ ले रही है। राजनीतिक दलों में नेताओं और कार्यकर्ताओं का दल बदलना कोई नई बात नहीं है। राजनीति में दशकों से आया राम गया राम का खेल बदस्तूर जारी है। किन्तु इस बार तो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नेताओं के बीच दल बदलने की होड़ लग गई है। सबसे ज्यादा कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता दल बदल रहे हैं। पिछले सौ दिनों के दौरान देश में हजारों की संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता अपनी पार्टी छोड़कर दूसरी राजनीतिक पार्टियों में जा चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा भाजपा के पाले में गए हैं। भाजपा के भी कुछ नेता और कार्यकर्ताओं ने दल बदला है। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी हवाओं का रूख भाप कर दूसरी पार्टियों का दामन थाम लिया है। इन सभी दलबदलुओं के स्वागत के लिए राजनीतिक पार्टियां पलक पावड़े बिछाए बैठी रहती हैं। जिस भी नेता को उसकी पार्टी टिकट नहीं देती वह अपने समर्थकों के साथ तत्काल दूसरी पार्टी में शामिल हो जाता है। इन असंतुष्ट नेताओं को दूसरी पार्टियां गले लगाती हैं। इसके पीछे एक बड़ी वजह यह है कि दलबदलुओं के कारण उस पार्टी की ताकत बढ़ जाती है जो दलबदलुओं को गले लगाती है। ऐसे दलबदलुओं को पहले भी चुनाव में मतदाता सबक सीखा चुके हैं। इसके बावजूद टिकट से वंचित नेता पार्टी बदलने से परहेज नहीं करते। वैसे दलबदलुओं के लिए कानून बने हुए हैं। लेकिन ये दलबदलू उसमें भी कोई चोर रास्ता ढूंढ निकालते हैं। वैसे भी एन चुनाव के पूर्व जब उनका कार्यकाल खत्म होने जा रहा है तो वे दलबदल कानून की चिंता भी नहीं करते। यदि उनकी सदस्यता खत्म भी हो जाती है तो भी इसका उन पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि महीने दो महीने के भीतर चुनाव होते हैं। यही वजह है कि ठीक चुनाव के पहले राजनीतिक पार्टियों में भागमभाग की स्थिति बन जाती है। जो नेता पार्टी छोड़कर जाते हैं। उन्हें उनकी पुरानी पार्टी वाले जयचंद बताते हैं और उनके खिलाफ जहर उगलते हैं। वहीं दूसरी ओर वे जिस पार्टी में शामिल होते हैं वह उनका गुन गाते हैं। कुल मिलाकर चुनाव के दौरान दलबदलुओं की पांचों उंगलियां घी में रहती है और सिर कढ़ाई में होता है। इन दलबदलुओं की विश्वसनीयता भले ही कम हो जाए लेकिन वे अपनी इस आदत से तौबा करने के लिए तैयार नहीं होते।

आतिशी के आरोप पर भाजपा का पलटवार

आम आदमी पार्टी की नेता और नई दिल्ली सरकार की वरिष्ठ मंत्री आतिशी ने फिर एक बार भाजपा पर आम आदमी पार्टी के नेताओं को प्रलोभन देकर भाजपा में शामिल करने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। आतिशी ने पत्रकार वार्ता लेकर भाजपा पर यह आरोप लगाया कि उन्हें भाजपा में शामिल करने के लिए उनके एक करीबी के जरिए दबाव बनाया जा रहा है। यह धमकी भी दी जा रही है कि यदि वे भाजपा में शामिल नहीं होंगी तो उनके खिलाफ ईडी कार्यवाही करेगी और उन्हें भी जेल भेज दिया जाएगा। आतिशी के इस आरोप पर पलटवार करते हुए भाजपा नेताओं ने उस आदमी का नाम बताने को कहा है। जिसने आतिशी को भाजपा में शामिल होने का आफर दिया था। भाजपा नेताओं के इस बयान के बाद भी आतिशी ने उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया। इसलिए अब भाजपा ने आतिशी को मानहानि का नोटिस भेजने का मन बना लिया है। आतिशी इसके पहले भी भाजपा पर इस तरह के आरोप लगाती रही है। लेकिन नाम छुपाती रही है किन्तु इस बार दिल्ली के भाजपा नेताओं ने आतिशी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि अब इस तरह के झूठे आरोपों को वह बर्दाश्त नहीं करेगी। देखना होगा कि आतिशी आफर देने वाले भाजपा नेता का नाम उजागर करती हैं या नहीं। यदि उन्होंने नाम नहीं बताया तो उन्हें कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले भी आतिशी और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं ने भाजपा पर यह आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी के विधायकों को खरीदने के लिए उन्हें पच्चीस-पच्चीस करोड़ रुपए का प्रलोभन दिया जा रहा है और भाजपा नई दिल्ली में ऑपरेशन लोटस चलाने जा रही है। उस समय भी आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ऑफर देने वाले भाजपा नेता का नाम उजागर नहीं किया था। नतीजतन भाजपा नेताओं ने आतिशी और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करा दी थी। जिसकी अभी तक जांच चल रही है। और आतिशी ने एक बार फिर ऐसा ही आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है। इससे उन्हें मीडिया की सुर्खियां जरूर मिल गई है। लेकिन यदि उन्होंने अपने इस आरोप का पुख्ता प्रमाण नहीं दिया तो ऐसा लगाता है हि इस बार उन्हें लेने के देने पड़ जाएंगे। वैसे भी आम आदमी पार्टी के भीतर असंतोष उभर रहा है। शराब घोटाले में आतिशी और सौरभ भारद्वाज का नाम आने के बाद उनके खिलाफ भी ईडी की कार्यवाही तेज होने की प्रबल संभावना है ऐसी स्थिति में अपने बड़बोलेपन के कारण आतिशी मुसीबत में फिर जाएं तो कोई ताज्जुब नहीं होगा।

नीरज मनजीत

इसके तहत वर्तमान अरुणाचल प्रदेश के तवांग और तिब्बत के दक्षिणी इलाक़े को भारत का हिस्सा माना गया था। तिब्बत उस वक़्त एक स्वतंत्र देश था और तिब्बती शासकों ने इस समझौते पर अपनी पूरी सहमति जताई थी। ब्रिटेन ने चीन को समझौते के लिए बुलाया था, पर चीनी शासकों ने विरोध जताते हुए अपना कोई प्रतिनिधि शिमला नहीं भेजा था, इसलिए चीन की गैरमौजूदगी में सर मैकमोहन ने भारत और चीन के बीच एक सीमा रेखा खींच दी। इसे मैकमोहन रेखा या लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) कहा जाता है। पूरा वैश्विक समुदाय इसे मान्यता देता है, मगर चीन मैकमोहन लाइन को नहीं मानता। 1950 में चीन ने तिब्बत पर कब्ज़ा कर लिया और अरुणाचल प्रदेश पर अपना हक़ जताने लगा। दरअसल चीन किसी भी अंतर्राष्ट्रीय सरहद को नहीं मानता, न ही वह यूएन और अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की बात मानता है। अपनी घोर इकतरफ़ा विस्तारवादी नीति के तहत वह थल समुद्र और आकाश की सरहदों की व्याख्या अपनी सुविधानुसार करना चाहता है। ऐसे में भारत बड़ी ही मजबूती से उसके नाजायज़ इरादों के ख़िलाफ़ खड़ा है।

अरुणाचल प्रदेश पर चीन का नाजायज़ दावा

चीन एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत पर नाजायज़ दबाव डालने की चेष्टा कर रहा है। कुछ दिनों पहले चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलकर उन्हें मंदारिन (चीनी भाषा) में रख दिया है। अरुणाचल प्रदेश को भी चीन ने चीनी भाषा में 'जंगनान' का नाम दिया हुआ है। अमेरिकी प्रवक्ता और भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर सहित अनेक राजनयिकों ने चीन के दावे को बेतुका बताते हुए पुरज़ोर विरोध किया है। इस वादविवाद की शुरुआत 9 मार्च के बाद हुई। इस दिन प्रधानमंत्री मोदी अरुणाचल प्रदेश के प्रवास पर थे। वहाँ उन्होंने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 825 करोड़ रुपए से निर्मित डबल ट्यूब 'सेला टनल' का उद्घाटन भी किया। यह टनल असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग से जोड़ती है। इस सुरंग के बन जाने से अरुणाचल प्रदेश और चीन के बीच की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) तक भारतीय सेना की पहुँच बहुत ही आसान हो गई है। जरूरत पड़ने पर किसी भी मौसम में कुछ ही घंटों में हमारी सेना साजोसामान सहित एलएसी पर तैनात की जा सकेगी। कितनी बड़ी विडंबना है कि भारत की इन रक्षा निर्मितियों का चीन यह कहकर विरोध कर रहा है कि नई दिल्ली की सरकार युद्ध की तैयारियां कर रही है, जिससे एलएसी पर तनाव बढ़ सकता है। जबकि पिछले दो-ढाई दशकों से हम देख रहे हैं कि खुद चीन ने गुपचुप तरीके से सरहद पर सड़कों और पटरियों का जाल बिछा दिया है।

कांग्रेस की पिछली सरकार जानते बूझते हुए इस तरफ़से आँखें बंद किए हुए थी। बल्कि इसके ठीक उलट 2008 में कांग्रेस पार्टी ने बीजिंग में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से आपसी सहयोग का एक समझौता कर लिया था। दो पड़ोसियों के बीच आपसी तालमेल का कोई भी समझौता होता है, तो इसे बहुत ही अच्छा क़दम माना जाना चाहिए। मगर भारत से दोस्ती को लेकर चीन के इरादे कभी अच्छे नहीं रहे। यदि चीन की मंशा साफ़होती, तो उसे एलएसी पर युद्ध की तैयारियों का इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की क्या जरूरत थी? 2014 में जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई, तब चीन से संबंधित कूटनीतिक नीति में बदलाव आया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से महाबलीपुरम और बीजिंग में शिखर वार्ता करके चीन से रिश्ते सुधारने की संजीदा कोशिशें की। मगर चीन की रणनीतिक हठधर्मिता की वजह से प्रधानमंत्री मोदी के इन कूटनीतिक प्रयत्नों का कोई सकारात्मक नतीजा नहीं निकला और आज एलएसी पर भारतीय और चीनी फौजें एक-दूसरे के सामने खड़ी हैं।

डोकलाम में फेस ऑफ और गलवान में खूनी झड़प के बाद चीन और भारत के रिश्ते निचले स्तर पर पहुँच गए हैं। इस तनातनी को कम करने के लिए दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच कई वार्ताएँ हो चुकी हैं, किंतु सेनाओं को पीछे हटाने पर सहमति नहीं बन पाई।

पिछले दिनों विदेशमंत्री एस जयशंकर नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर में विशेष वक्ता के रूप में बुलाए गए थे। इस यूनिवर्सिटी के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज में उन्होंने व्याख्यान दिया था। यह संस्थान दक्षिण पूर्व एशिया से जुड़े कई प्रकार के अनुसंधान कार्यक्रम, सम्मेलन, कार्यशालाएँ और सेमिनार आयोजित करता है। व्याख्यान के दरम्यान अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे के सवाल पर जयशंकर ने साफ़शब्दों में कहा कि 'चीन का यह दावा पूरी तरह बेतुका और हास्यास्पद है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और भविष्य में भी रहेगा। यदि चीन इस प्रदेश का या कुछ स्थानों का नाम बदल रहा है, तो यह उसका मसला है, हमारा नहीं।' जयशंकर के इस बयान के बाद भी चीन के तेवर ढीले नहीं पड़े। चीन के विदेश विभाग के प्रवक्ता लिन जियांग ने जबरिया तर्क देते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच कभी भी विभाजन रेखा नहीं खींची गई है, इसीलिए यह विवाद पैदा हुआ है। इधर चीन के इस दावे का अमेरिका ने कड़ा विरोध किया है। अमेरिकी ने कहा है कि 'हम अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा मानते हैं और इस इलाके में चीनी सेना या नागरिक के किसी भी अतिक्रमण या घुसपैठ के प्रयत्नों अथवा स्थानों के नाम बदलने की कड़ी निंदा करते हैं।' ज़ाहिर है कि वैश्विक समुदाय चीन के कुतर्क को कतई भाव नहीं दे रहा है। सच कहा जाए तो यह सब चीन की उस चालाक रणनीति का एक हिस्सा है, जिसके तहत वह अपने सभी पड़ोसियों को विवाद में उलझाए रखकर दबाव डालता है।

अरुणाचल प्रदेश को लेकर विवाद क्यों खड़ा हुआ है, इसे समझने के लिए इतिहास में जाना होगा। 1914 में भारत और तिब्बत के बीच शिमला में एक समझौता किया गया, जिसे शिमला संधि के रूप में जाना जाता है। चूँकि उस वक़्त भारत पर ब्रिटेन का शासन था, इसलिए भारत की ओर से इस समझौते पर विदेश सचिव सर हेनरी मैकमोहन ने हस्ताक्षर किए थे।

इसके तहत वर्तमान अरुणाचल प्रदेश के तवांग और तिब्बत के दक्षिणी इलाक़े को भारत का हिस्सा माना गया था। तिब्बत उस वक़्त एक स्वतंत्र देश था और तिब्बती शासकों ने इस समझौते पर अपनी पूरी सहमति जताई थी। ब्रिटेन ने चीन को समझौते के लिए बुलाया था, पर चीनी शासकों ने विरोध जताते हुए अपना कोई प्रतिनिधि शिमला नहीं भेजा था, इसलिए चीन की गैरमौजूदगी में सर मैकमोहन ने भारत और चीन के बीच एक सीमा रेखा खींच दी। इसे मैकमोहन रेखा या लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) कहा जाता है। पूरा वैश्विक समुदाय इसे मान्यता देता है, मगर चीन मैकमोहन लाइन को नहीं मानता। 1950 में चीन ने तिब्बत पर कब्ज़ा कर लिया और अरुणाचल प्रदेश पर अपना हक़ जताने लगा। दरअसल चीन किसी भी अंतर्राष्ट्रीय सरहद को नहीं मानता, न ही वह यूएन और अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की बात मानता है। अपनी घोर इकतरफ़ा विस्तारवादी नीति के तहत वह थल समुद्र और आकाश की सरहदों की व्याख्या अपनी सुविधानुसार करना चाहता है। ऐसे में भारत बड़ी ही मजबूती से उसके नाजायज़ इरादों के ख़िलाफ़खड़ा है।

आज का इतिहास

5 अप्रैल 1722 याकूब रोगगीन ने ईस्टर आइलैंड की खोज की। 1722 डच खोजकर्ता जैकब रोगगेन ईस्टर द्वीप पर पहला यूरोपीय अंतर्देशीय बन गया। 1762 ब्रिटिश ने फ्रांस से ग्रेनाडा तथा वेस्टइंडीज छीनकर उन पर कब्जा कर लिया। 1764 ग्रेट ब्रिटेन में चीनी अधिनियम पारित किया गया। 1768 पहला अमेरिकी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स स्थापित किया गया। 1795बासेल की शांति फ्रांस और प्रशिया के बीच हस्ताक्षर हुई। 1811 ब्यूनस आयर्स में क्रांतिकारी दंगे शुरू हुए। 1847 ब्रिटेन का पहला नागरिक सार्वजनिक पार्क, बिरकेनहेड, मर्सीसाइड में बिरकेनहेड पार्क, खोला गया। 1913 संयुक्त राज्य अमेरिका में फुटबॉल फेडरेशन का गठन हुआ। 1927 निषेध ब्यूरो संयुक्त राज्य अमेरिका के खजाना विभाग के हिस्से के रूप में स्थापित किया गया। 1955 ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने इस्तीफा दिया। 1964 नौसेना ने पहली बार राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया। 1966 इंडोनेशियाई सेना की मांग, देश संयुक्त राज्य अमेरिका से फिर से जुड़ें। 1974 स्टीफन किंग ने अपना पहला उपन्यास फ्कैरीफ् प्रकाशित किया। 1975 सऊदी अरब के राजा फ़ैजल की हत्या हुई। 1991 अंतरिक्ष यान एसटीएस 37 का प्रक्षेपण किया गया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

झूठ फरेब की इस तरह की

झूठ फरेब की... इस तरह की इमारत बन तो जाओगे.. तुम्हारी ये छद्म ऊंचाइयां, आसमान को छू न पाओगे बेईमानी की नींव पे.. कब तक टिके रह जाओगे यहां कोई नही अडिग... चलेगी ईमानदारी की आंधी तो क्षण भंगुर हो जाओगे

- सत्रुंजय तिवारी

घर से निकले हो सोचा है

घर से निकले हो सोचा है कि धर जाओगे, हर तरफ तेज हवायें हैं बिखर जाओगे,, इतना आशां नही खुद पे भरोसा करना, सर से दिवार जुदा होगी तो डर जाओगे,, ज़िन्दगी यूं भी मुकम्मिल नहीं जहां में, थपेड़े सह नहीं पाओगे तो कहां जाओगे,,

- ललित उपाध्याय

.ख़ास.पाती. | कल हमनें जैसे ही आंखें बन्द की और ध्यान

कल हमनें जैसे ही आंखें बन्द की और ध्यान में बैठे ही थे कि पीछे से खांसने की आवाज आई मुड़कर देखा तो sir ji की आत्मा खड़ी थी और बोली मेरा शरीर बेशक जेल में डाल दिया गया है , मगर मेरी आत्मा यहीं है ... आप लोगों के पास... दिल्ली वालों तुम अपने आप को अनाथ ना समझना....... और जाते जाते हमे दो चीज सौप कर गए हैं एक ये मफलर और दूसरा दिल्ली वालों की ज़िम्मेदारी तो बताइए दिल्ली वालों सब कुशल मंगल तो है न

- किरन भंडारी

उस दिन कहा था तुमने लिखना चाहते हो

उस दिन कहा था तुमने लिखना चाहते हो एक उदास उस कविता क्यूँ लिखना चाहते हो उदास कविता मुस्कुराओ इन मुस्कुराते फूलों की तरह टूटते हैं बिखरते है कुचले भी जाते है फिर भी खुशबू बिखेरते हैं मानों कह रहे हो मै अब भी हूँ और रही बात असफल प्रेम की तो कोई प्रेम असफल कहाँ होता है देखो अब भी है तुम्हारे हृदय में मुस्कुराती हुई मानो कह रही हो मै हूँ सुरक्षित यहीं तुम्हारे हृदय के कोने में महकते फूलों सी सदा तुम्हारे साथ हर पल हर धड़कन में साथ साथ धड़क रही हूँ मैं हूँ ना मैं तुम्हारी धड़कन में तुम्हारी सांसों में

-डेज़ी जयसवाल

बेटे के आस में पैदा की जाती रही बेटियाँ

बेटे के आस में पैदा की जाती रही बेटियाँ वे बेटियाँ किसी बेल से समय के पहले तोड़े हुए फल की तरह अपरिपक्व मन से विदा हो गईं और जिस दिन वे बेटियाँ पिता और पति के घर की बीच वाली देहरी पर खड़ी रहीं एक कतरा आंसू के साथ उस दिन पिता ने अपनी आंखें पीठ पर लगा लीं और माँ ने दरवाजे पर जुटी पराई भीड़ समझकर सांकल चढ़ा दी बेटे के आस में जन्मी बेटियाँ उदास मन से बार-बार लौटती रही

- सरिता शैल

ये बेहया-सी ख्वाहिशें भी ना आँखों के

ये बेहया-सी ख्वाहिशें भी ना आँखों के कोरों को नमी दे दी है हमेशा के लिए। नोंच फेंकना चाहती हूँ इन्हें आँखों से। रोज समझाती हूँ खुद को बड़ी हो गयी हूँ मैं। फिर बार-बार वही बातें कुछ अधूरी दास्तान। कुछ बेमानी सी लघु-कथाएं। जिसके होने न होने से कुछ भी न होना। उम्र गुजरती चली जा रही है किन्तु ,ये ढीठ दिल अब भी वहीं भिखारी की तरह खड़ा है। इन आँखों के कोरों को भी भींगने की आदत-सी हो गई है।

- तनु देहलवई

प्यास ऐसी कि मैं पी जाऊं समंदर

प्यास ऐसी कि मैं पी जाऊं समुंदर सारे, नसीब ऐसा कि मयस्सर मुझे ज़हर भी नहीं ! वफ़ाएं सीखनी हो तो कोई सीखे हम से, कि जिसे टूट के चाहा उसे खबर भी नहीं !!

- कुलदीप मिश्रा

दिन एक से सुना था कि रहते

दिन एक से सुना था कि रहते कभी नहीं पर हमने दिल के फ़ैसले बदले कभी नहीं हमने मिटा लिए सभी अपनों से फ़ासले, हम दुश्मनी किसी से भी रखते कभी नहीं सर पर दुआ है मां की, खुदा मेरा रहनुमा फिर भी सफ़र से मैं हटूं पीछे, कभी नहीं

- संजय कुमार गिरी

प्रेरक प्रसंग

आत्माभिमान

राजा मानसिंह तोमर ने कुमारी मृगनयनी की असाधारण वीरता तथा पराक्रम से प्रभावित होकर उससे प्रणय याचना की। वह एक गरीब किसान की कन्या थी। भाई था केवट अटल। विवाह संस्कार कहाँ हो, यह समस्या थी। राजा मानसिंह का कहना था कि आप सब ग्वालियर चलें, वहीं संस्कार हो जाएगा। किंतु कन्या के भाई अटल का स्वाभिमान सजग था। वह बोला- आप सर्व शक्तिमान् हैं महाराज ! किंतु हमारी परंपरा यही है कि पाणिग्रहण संस्कार कन्या के पिता के घर पर ही संपन्न होता आया है। आपके सामने हम कुछ भी नहीं। फिर भी जो कुछ फूलपत्ती बनेगी-उसके साथ हम अपने घर से ही बहन को विदा करेंगे। मानसिंह अटल के इस स्वाभिमान से बहुत प्रसन्न हुए और बारात लेकर ग्वालियर से गए। तब दहेज स्वरूप एक गाय देकर अटल ने अपनी बहन को विदा किया। बाद में भी राजा की ओर से कोई पद या सहायता उसने स्वीकार नहीं की। ऐसा था इस भारत के गरीब कृषक का आत्मसम्मान।

QUIZ TIME

1) वर्ष 1948 में बुन्देलखण्ड एवं बघेलखण्ड को जोड़कर कौन सा प्रदेश अस्तित्व में आया था?

2) टाटीपाका तेल रिफाइनरी कहाँ स्थित है?

3) कितनी रियासतें 15 फरवरी, 1948 को सौराष्ट्र संघ में मिलाई गई थी?

4) किसके द्वारा प्रथम बार पाकिस्तान शब्द का प्रयोग किया गया था?

5) हाल ही में विश्व के पहले ओम आकार के मंदिर का उद्घाटन कहाँ किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विंध्य प्रदेश (2) आंध्र प्रदेश (3) 222 (4) चौधरी रहमत अली (5) राजस्थान

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:25, सूर्यास्त : 06:38, चन्द्रोदयः : 21:26, चन्द्रास्तः :07:36,

अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलिय)

ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : वज्र, प्रथम करण : विष्टि (18:56 तक), द्वितीय करण : बव (पूर्ण रात्रि),

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : तुला, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:57 से 12:47, अमृत काल : 08:58 से 10:43, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त : 18:32 से 18:55, सायाह्न सन्ध्या : 18:33 से 19:43, निशिता मुहूर्त : 23:58 से 24:45, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 06:11 से 07:44, होमाहुति : मंगल, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : पृथ्वी (18:56 तक), भद्रावास : पाताल (18:56 तक), चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : क्रीड़ा में (18:56 से कैलाश पर)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन बीते कल की अपेक्षा अच्छा रहेगा। लेकिन आप अपनी ही मूर्खता से हास्य और हानि के भागीदार भी बनेंगे।

वृषः आज के दिन आपका मुख्य लक्ष्य अधिक से अधिक धन कमाना रहेगा। व्यावसायिक कार्य भी निर्बाध्य रूप से चलते रहेंगे।

मिथुनः आज का दिन मिला जुला फल देगा। प्रातः काल से ही किसी कार्य को करने में किसी के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी।

कर्कः आज आर्थिक विषयो को लेकर नई समस्याएं बनेगी जिनका समाधान होने में समय लग सकता है।

सिंहः आपका आज का दिन अवश्य धन लाभ कराएगा। लाभ की उम्मीद प्रातः काल से ही रहेगी लेकिन टलते टलते दोपहर तक ही इसमें सफलता मिलेगी।

कन्याः आज के दिन आपका स्वभाव संतोषी रहेगा। घर एवं बाहर परिस्थिति के अनुसार खुद को ढाल लेंगे।

तुलाः आज के दिन आपके अंदर चंचलता अधिक रहेगी। किसी भी बात पर ज्यादा देर नहीं टिकेंगे इससे आस पास के लोगो को परेशानी हो सकती है।

वृश्चिकः आज के दिन अधिक संवेदनहीनता प्रत्येक कार्यो में हानि करा सकती है। आज आप हर किसी को शक की दृष्टि से देखेंगे जिससे मन हीन भावना से ग्रस्त रहेगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा सेहत एवं व्यापार दोनों उत्तम रहेंगे। धार्मिक कृत्यों विशेषकर टोन टोटको में विश्वास करेंगे।

मकरः आज के दिन सुयोग बन रहे है कार्यो में सहज सफलता मिलने से उत्साह बढ़ेगा। भाग्य साथ देने से अटके कार्य पूर्ण होंगे।

कुंभः आज का दिन भी शुभफलदायी रहेगा। कुछ दिनों से मन में चल रही योजनाएं आज फलीभूत हो सकेंगी परन्तु इसके लिए अधिक परिश्रम भी करना पड़ेगा।

मीनः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा दिन के आरंभिक भाग में कल वाली स्थिति यथावत रहेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -017

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 016 का हल

अं	त	■	म	री	ज	■	■	■
ग	ह	न	ता	■	ब	र	ब	स
■	की	■	धि	क्का	र	■	र	मा
■	का	■	का	■	द	बा	खा	ना
प	त	वा	र	■	स्त	र	■	■
ह	■	■	■	■	■	दा	मि	नी
ना	■	ए	ह	ति	या	त	■	लो
वा	च	क	■	हा	■	■	खू	ब
■	■	ता	ब	ड़	तो	ड़	■	र

छत्तीसगढ़ में होंगी प्रतियोगी परिक्षाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आने वाले महीनों में विभिन्न प्रतियोगी परिक्षाएं आयोजित होने वाली है। इसमें पांच लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। इन अभ्यर्थियों की तैयारी के लिए अगामी रविवार को परिक्षा की तैयारी ग्राउंड जीरो से एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर से इस यात्रा की शुरूवात होगी, जोकि विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते हुए कलेक्टोरेट उद्यान में समाप्त होगी। एक दिवसीय इस यात्रा में शामिल अभ्यर्थियों को यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर इतिहास, कला औरं संस्कृति की जानकारी छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्यकार डॉ. गीतेश कुमार अमरोहित प्रदान करेगें। युवा अभ्यर्थियों को इस दौरान पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, संस्कृत महाविद्यालय, राजकुमार कॉलेज, ईदगाह भाठा, आनंद समाज वाचनालय, अजाद चौक, जयस्तंभ चौक, केसरे हिन्द दरवाजा, जवाहर, जवाहर बाजार , डे भवन, पहाड़ी मैना चौक, मोती बाग, घासीदास संग्रहालय, छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा, कलेक्टोरेट उद्यान से संबंधित इतिहास और संबंधित अन्य तथ्यों को अभ्यर्थियों को ग्राउंड जीरो में ही विस्तार से समझाया जाएगा। विस्तार फाउंडेशन के गजेन्द्र साहू और अनिकेत गोंड ने बताया कि पूर्णतः निःशुल्क इस यात्रा समाप्ति पर शामिल अज़्यर्थियों को बुक और संबंधित नोट्स भी दिए जाएंगे। अगर किसी स्थान पर खड़े होकर उस स्थान विशेष की जानकारी छात्र-छात्राओं को दिया जाए तो वह लंबे समय तक मेमोरी में रह जाता है। इस यात्रा का उद्देश्य भी वही है। इसलिए इस यात्रा को लेकर पीएससी के युवा अज़्यर्थियों में खास उत्साह देखा जा रहा है।

स्कूल को देना होगा 2 माह का वेतन और अनुभव प्रमाणपत्र

भिलाई/नवप्रदेश। । 9 वर्ष से एक निजी स्कूलों में कार्यरत शिक्षिका को स्कूल प्रबंधन ने बिना नोटिस दिए अचानक नौकरी से निकाल दिया, इससे महिला शिक्षिका को मानसिक आघात हुआ। असंगठित क्षेत्र में बिना किसी पूर्व सूचना के अपमानित कर काम से निकाले जाने के इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़ महिला आयोग ने सख्त ऐतराज जताया और पीड़ित महिला को इंसाफ दिलाया है। महिला आयोग की पहल पर अब स्कूल प्रबंधन प्रभावित शिक्षिका को 9 साल का अनुभव प्रमाण पत्र और दो माह का वेतन देने राजी हुआ है। मामला इस्पात नगरी भिलाई के प्रतिष्ठित टावरी परिवार का है। इस परिवार की बहू सुरुचि टावरी राजधानी रायपुर के पब्लिक स्कूल में शिक्षिका थी। शिकायत में शिक्षिका ने बताया कि 3 मार्च 2024 को निजी स्कूल के वार्षिक उत्सव में उन्होंने हिस्सा लिया। जहां प्राचार्य ने सबके सामने उनके कार्य की भरपूर प्रशंसा की। फिर इसके 3 दिन बाद अचानक 7 मार्च 2024 को प्राचार्य ने उन्हें नौकरी से निकाल दिया। अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के इस तरह अपमानित कर नौकरी से निकाले जाने से शिक्षिका श्रीमती टावरी बेहद परेशान हो गईं। उन्होंने इस बाबत छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में शिकायत की। जहां सुनवाई के दौरान प्राचार्य ने कहा कि उनके स्कूल में 2 से 5 वर्ष तक के बच्चे पढ़ते हैं। कुछ बच्चों के पालकों की शिकायत पर शिक्षिका को नौकरी से निकाला गया है। इस पर प्रभावित शिक्षिका का कहना था कि उसे कभी भी शिकायत के बारे में जानकारी नहीं दी गई ना ही कोई नोटिस दिया गया।

2200 से ज्यादा ठगों ने छत्तीसगढ़ को ठगा

- **60 लाख की रिकवरी बाकी, अब खाते में बैलेंस नहीं होने पर संपत्ति होगी कुर्क**
- **पुलिस ने पीड़ितों को राहत दिलाने कोर्ट में प्रकरण भेजा**
- **रायपुर समेत प्रदेशभर में ऑन लाइन ठगी के 5000 से ज्यादा केस**

रायपुर/नवप्रदेश। ऑन लाइन ठगी का जाल बुनकर छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई करके सायबर ठगों ने नाक में दम कर रखा है। अब सायबर ठगों को सबक सिखाने के साथ ही हितग्राहियों को उनकी राशि वापस दिलाने कवायद तेज कर दी है। प्रदेशभर में सायबर ठगी को अंजाम देने वाले 22 सौ ठगों की कुंडली बनाई है। जिनके खाते सीज किए जा रहे हैं। स्टेट सायबर थाना और संभागीय सायबर सेल यूनिट के पास अभी तक ऐसे 5000 केस हैं जिनसे 60 से 70 लाख रुपये की रिकवरी होनी है।

स्टेट सायबर सेल के पास ज्यादातर सायबर फ्रॉड के केस में बीमा पॉलिसी, लाटरी, मनी ट्रांसफर, हेल्थ इंश्योरेंस सेक्सटार्शन और कॉल सेंटर से जुड़े मामले पहुंचे हैं। संभाग स्तर पर सामने आए मामलों की जांच चल रही है। पुलिस अफसरों का कहना है अभी तक पुलिस 3000 से ज्यादा सायबर ठगों को जेल दाखिल करा चुकी है, लेकिन इनसे रिकवरी के मामले में प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। ज्यादातर ठगों के खाते में पैसे

नहीं मिले हैं ऐसे में पीड़ितों को लाभ दिलाने के लिए ठगों की संपत्ति कुर्क करने का निर्णय लिया गया है। न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत ठगों के प्रकरण कोर्ट में प्रस्तुत कर संपत्ति कुर्क करने कार्रवाई शुरू की है। अफसरों का कहना है कई मामले ऐसे भी हैं जिसमें ठगों ने पीड़ितों से लूटी गई राशि विदेशी खातों में भी जमा करा दिया है, ऐसे में ई-वॉलेट के लिंक की जांच कर संबंधितों पर कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

इन राज्यों से सबसे ज्यादा ठगी

प्रदेश में सायबर ठगी को अंजाम देने के लिए सबसे ज्यादा झारखंड के जामताड़ा गैंग ने संपर्क साधा। इसके बाद ठगी के लिए सायबर लिंक दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मुंबई जैसे बड़े शहरों में पहुंचा। पश्चिम बंगाल और दिल्ली में नाइजीरियन गिरोह ने डेरा जमाया। यहां से छत्तीसगढ़ में लोगों को तमाम तरह की पॉलिसी बताकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

सायबर ठगी की शिकायत 1930 में

पुलिस विभाग ने सायबर ठगी की घटना रोकने के लिए वाट्सअप हेल्प लाइन नंबर 1930 जारी किया है। पीड़ित तत्काल इसमें ठगी की सूचना दर्ज करा सकते हैं। विभाग के मुताबिक इस हेल्प लाइन नंबर में अभी तक 250 से ज्यादा शिकायतें दर्ज हो चुकी है, जिनमें जांच कर प्रकरण कोर्ट में प्रस्तुत करने की कार्रवाई चल रही है।

> सायबर ठगी के केस में पीड़ितों को मदद पहुंचाने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ई-वॉलेट के जरिए ठगी की राशि रूकवाकर पीड़ितों की मदद कर रहे हैं। ठगी करने वालों के खातों की जानकारी लेकर भी कार्रवाई कर रहे हैं। रकम नहीं होने पर संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई शुरू की है।
> **- संजय सिंह,**
> डीएसपी सायबर/क्राइम

धोखाधड़ी कर खाते से 47 लाख निकाले, पुलिस में हुई शिकायत

दुर्ग/नवप्रदेश। धोखाधड़ी करने के नये नये तरीकों का इस्तेमाल होने लगा है। फायनेंस करने की आड़ में धोखाधड़ी करके बैंक खाते से 47 लाख रू. निकालने का मामला सामने आया है। बैंक खाते से निकाली गई रकम एक ऐसे खाते में ट्रांसफर की गई है जिसका खाताधारक से किसी भी तरह का कोई व्यवसायिक संबंध नही है। इस मामले की शिकायत मोहन नगर थाने से की गई है।

जानकारी के अनुसार सिकोला भाठा जयंती नगर निवासी अखिलेश कुमार गुप्ता पिता स्व. बद्री प्रसाद गुप्ता सिरसा खुर्द जेवरा सिरसा स्थित हनुमत पेडी प्रोसेसर के संचालक है। अखिलेश गुप्ता ने मोहन नगर थाना प्रभारी के नाम शिकायत में कहा है कि भुवाल फाइनेंस एण्ड ब्रोकर्स नमक फर्म से रूपेश जैन संबंध रखते हैं। रूपेश जैन ने उनके भाई की फर्म हनुमत राईस इन्डस्ट्रीज को 6 अप्रेल 2023 को भुवाल फाइनेंस एण्ड ब्रोकर्स से 40 लाख रू. दिलाए थे। हनुमत राईस इन्डस्ट्रीज ने 19 मई 2023 को 40 लाख रू.वापस कर दिए। रकम वापसी के बाद उन्होने हनुमत राईस इन्डस्ट्रीज को इसके लिए बनाए गए हुण्डी व चेक भी वापस कर दिए। इस विश्वास के आधार पर मैने भी 67 लाख की हुण्डी बनाई और चेक दिया। रूपेश जैन द्वारा दो माह पहले हुण्डी और चिठ्ठी तथा चेक बनाया गया लेकिन चेक में कोई नाम नही लिखा गया। यह कहा गया कि जिस फर्म से रूपए ट्रांसफर होंगे उसका नाम लिखवा लेंगे। इसके बाद रूपेश जैन लगभग दो माह तक रूपए ट्रांसफर करने के लिए टाल मटोल करते रहे लेकिन न ही रकम ट्रांसफर की और न ही हुण्डी व चेक को वापस किया।

शिकायतकर्ता अखिलेश गुप्ता का कहना है कि 22 मार्च 2024 को मेरे खाते से 47 लाख रू. निकाल लिए गए। मैने तत्काल जाकर बैंक में संपर्क किया और इसकी शिकायत की। बैंक द्वारा मेरे खाते में रकम डाल दी गई है। अखिलेश गुप्ता का कहना है कि मेरे खाते से रकम राजू रेडिमेड के खाते में ट्रांसफर कर दी गई थी। राजू रेडिमेड फर्म से उनका किसी तरह का व्यवसायिक संबंध नही है और न ही उन्हें जानते है। उन्होने कहा कि रूपेश जैन द्वारा मेरी हुण्डी में नगद लिखवाया गया है और दूसरे के खाते में रकम ट्रांसफर करके धोखाधड़ी की गई है। उन्होने मोहन नगर थाना प्रभारी से इस पूरे मामले की जांच की मांग करते हुए रूपेश जैन के विरूद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध करने का आग्रह किया है।

संबंधित पक्ष को नोटिस जारी करके जांच के बाद की जाएगी कार्यवाही-आकांक्षा पांडे

प्रशिक्षु आई.पी.एस. एवं मोहन नगर थाना प्रभारी आकांक्षा पांडे ने बताया कि भुवाल फाइनेंस एन्ड ब्रोकर्स के रूपेश जैन के विरूद्ध अखिलेश गुप्ता द्वारा धोखाधड़ी की शिकायत की गई है। इससे संबंधित पक्ष को नोटिस दिया जा रहा है। जांच के बाद इस मामले में दोषी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में मुरमुंदा की दो छात्राओं का चयन

- **किरण यादव और वैष्णवी साहू को 12वीं तक मिलेगा लाभ**

दुर्ग/नवप्रदेश। धमधा ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुरमुंदा के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने फिर से एक बार अपनी प्रतिभा सबित की है। राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2023-24 में चयनित होकर मुरमुंदा स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रतिभावान छात्राओं के नाम किरण यादव और वैष्णवी साहू हैं। इस योजना अंतर्गत इन छात्राओं को नवमीं से बारहवीं कक्षा तक प्रति माह 1000 रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष इस परीक्षा का आयोजन किया जाता है, जिसमें

शासकीय शालाओं में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के विद्यार्थी भाग लेते हैं। छत्तीसगढ़ में परीक्षा को एनसीईआरटी रायपुर आयोजित करती है।

सालों पुराने प्रश्नों का अभ्यास कराती हैं शिक्षिका उर्मिला

इसमें पूर्व माध्यमिक शाला-मुरमुंदा लगातार पिछले 5 वर्षो से 2 बच्चों का चयन होते आ रहा है। विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती उर्मिला वर्मा प्रतिदिन बच्चों को 2 घंटे परीक्षा की तैयारी करवाई जाती रही है। वह बच्चों को पिछले 11-12 वर्षों के पुराने पेपर से तैयारी करवाती हैं। शॉर्ट नोट्स बनवाती हैं डिजिटल मीडिया का प्रयोग करते हुए टेस्ट लेकर बच्चों की तैयारी पर पूरा ध्यान केंद्रित करती हैं। शिक्षिका वर्मा की कड़ी मेहनत, दृढ़ इच्छा शक्ति एवं बच्चों की पढ़ाई के प्रति रुचि एवं लगन का यह परिणाम है कि पूर्व माध्यमिक शाला-मुरमुंदा, से बच्चों का चयन प्रतिवर्ष से होते आ रहा है। संस्था की प्रधान पाठिका श्रीमती निरूपा साहू ने बताया कि हमारे स्टाफ के सभी शिक्षक आपसी सामंजस के साथ कार्य करते हैं। जिसमें हम सभी मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करते हैं, जिसके कारण अध्ययन-अध्यापन के साथ चाहे कोई छात्रवृत्ति परीक्षा हो, खेलकूद हो, नृत्य-संगीत हो, हर क्षेत्र में बच्चे विकासखंड से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

मनवा कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज ने मनाया होली मिलन

कुम्हारी/नवप्रदश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज नगर ईकाई के तत्वावधान में प्रत्येक वर्षानुसार इस वर्ष भी डा.खूबचंद्र वर्मा वाचानालाय भवन मे बड़े हर्षोल्लास के साथ महिलाओं एवं बच्चो द्वारा होली मिलन मनाया गया । उक्त आयोजन भाजपा नेत्री व नगर महिला अध्यक्षा श्रीमती योगिता वर्मा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। आयोजन को लेकर योगिता वर्मा ने कहा कि बसंत पंचमी से आरंभ हुआ होली पर्व का समापन रंगपंचमी में हो रहा

है । उपस्थित सामाजिक महिलाओं ने होली फाग गीत के साथ नाचते झूमते हुए भगवान में फूलों की वर्षा कर होली खेली व सुख समृद्धि के लिये प्रार्थना की । कार्यक्रम सफल बनाने में अध्यक्षा योगिता वर्मा, मीना वर्मा, सरिता बंछोर, सुनीता बंछोर, भुनेश्वरी बघेल, निर्मला वर्मा, गंगा मढ़रिया, देवकी, राधा, बीना बंछोर, सविता बिजौरा, जमुना गोदा, कमला वर्मा, रेखा, ललिता, सती वर्मा, पुष्पा वर्मा सहित अनेक बच्चों एवं वार्ड की महिलाओं ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया ।

वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय होगा अपग्रेड

- **कामधेनु विश्वविद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दी जानकारी, पशु नस्ल सुधार में दुनियाभर में मशहुर विवि**

दुर्ग/नवप्रदश। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अंजोरा स्थित पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र एवं विश्वविद्यालय से संबंधित समस्त गतिविधियों एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला पचांयत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अश्वनी देवांगन भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विश्वविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यो की समीक्षा एवं निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा दुर्ग में डेयरी, बकरी, मुर्गी पालन इकाई, विभिन्न विभागों वेटनरी पब्लिक हेल्थ एवं एन.सी.सी. रेजीमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कुलपति श्री आरआरबी सिंह ने कॉलेज के बारे में बताया कि यहां जिला स्तर पर हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है, अभी इसकी क्षमता बढ़ाकर राज्य स्तर पर अपग्रेड किया जा रहा है। उन्होंने बताया यहां छात्र-छात्राएं परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत कुछ ने अपना निजी क्लीनिक प्रारंभ किया और डॉक्टर के रूप में प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। कुछ छात्र-छात्राएं विभिन्न मेडिकल कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं।

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ढेबाबाई संचेती पति स्व. महावीर संचेती निवासी ग्राम शिक्षकनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1027/1 का टु. 2 रकबा 564 वर्गफीट 564 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता पुष्पलता पिता/पति नीलकंठ बजरे निवासी केलाबाड़ी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 30.10.1985 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.04.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202404101000022/अ-6/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न. 00046 हे.

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - रुचिर भाटनागर, श्रीमती रचना भाटनागर/ अनावेदक पक्षकार - महेन्द्र कुमार भटनागर आ. हरिकिशोर भटनागर

ईश्तहार

आवेदक रुचिर भाटनागर पिता/पति/विभाग-स्व. महेंद्र कुमार भाटनागर पता-भिलाई नगर अन्य। द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1607/3 रकबा 0.02 है./2400 वर्गफीट है जो भूमिस्वामी महेंद्र कुमार भाटनागर पिता हरि किशोर भाटनागर भाटनागर के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी महेंद्र कुमार भाटनागर पिता हरि किशोर भाटनागर एवं श्रीमती सीमा भाटनागर की मृत्यु दिनांक 17.04.2016, 15-04-2002 को हो जाने के करण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसनो का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण बाबात आवेदन पत्र मय खसरा बी.।, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.04.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अति. तहसीलदार भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
भिलाई 3 के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202404103900007
विषय: अ-74/ सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

चरोदा प.ह.न. 00009 (हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-पूनम आहूजा/ अनावेदक पक्षकार- छग शासन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पूनम आहूजा पति स्व. अशोक कुमार आहूजा निवासी नेहरुनगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम चरोदा पदुमनगर प.ह.न 09 रा.नि.मं. चरोदा तह. भिलाई-3 व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 433/116 रकबा 0.0220 हे. भूमि का आवेदिका द्वारा द्वितीय डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका बनवाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया प्रकरण दर्ज है।

अत उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रुप में नियत दिनांक 19.04.2024 तक इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202404101400006
/अ-27/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार पिता मोहन लाल जाति कुर्मी विरूद्ध आरती चंद्राकर पिता मोहनलाल व अन्य पता- ग्राम व पोष्ट खोपली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक एवं अनावेदकगणों के सामिलात खाते में मौजा खोपली प.ह.नं. 56 स्थित भूमि खसरा नंबर 1350/1, 1352/1, 1352/6 रकबा कमशः- 0.0300, 0.0500, 0.0500 हे. कुल रकबा 0.1300 हे. लगान 0.4800 रू. कास्तकारी भूमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि सामिलात खाते में होने से उन्हे उक्त भूमि संबंधी कार्यो को संपादित करने में परेशानियां हो रही है जिससे वे आपसी सहमति से खाता विभाजन किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/04/2024 को यह उ?द्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202404101400007
/अ-27/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार पिता मोहन लाल जाति कुर्मी विरूद्ध आरती चंद्राकर पिता मोहनलाल व अन्य पता- ग्राम व पोष्ट खोपली तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक एवं अनावेदकगणों के सामिलात खाते में मौजा खोपली प.ह.नं. 56 स्थित भूमि खसरा नंबर 1350/2, 1352/3 रकबा कमशः- 0.0700, 0.1600 हे. कुल रकबा 0.2300 हे. लगान 0.8200 रू. कास्तकारी भूमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि सामिलात खाते में होने से उन्हे उक्त भूमि संबंधी कार्यो को संपादित करने में परेशानियां हो रही है जिससे वे आपसी सहमति से खाता विभाजन किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/04/2024 को यह उ?द्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

पंजी. नं. 202403100600143
/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री चेतम कुमार आ./पति श्री नरेन्द्र निवासी ग्राम बरबसपुर तह. पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.न. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 591/26 रकबा 0.0100 हें/ 1011 वर्गफीट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से 15 दिवस के भीतर में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग अण्डा सर्कल (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202404101200013
अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुलउराम पिता रामाधार निवासी आमटी मौजा ग्राम निकुम प.ह.न 34 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 18/1, 90/2, 99, 117, 238, 288/1 रकबा 0.4600, 0.1000, 0.1000, 0.3900, 0.2300, 0.4000 हे. कुल रकबा 1.6800 भूमि को खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 26.04.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग अण्डा सर्कल (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202404101200014
अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुलउ पिता रामाधार निवासी आमटी मौजा ग्राम निकुम प.ह.न 34 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1640 रकबा 0.4200 हे. भूमि को खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 26.04.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430107200052

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी तिहारुराम देवांगन पिता/पति तिजऊराम देवांगन पता बाम्बे आवास उरला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 590/13(0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता त्रिलोकचंद देवांगन पिता/पति स्व. तिहारुराम देवांगन पता ओमनगर उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, भरतलाल देवांगन पिता/पति स्व. तिहारुराम देवांगन पता ओमनगर उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, सरिता देवांगन पिता/पति स्व. तिहारुराम देवांगन पता ओमनगर उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, श्रीमती सावित्री देवांगन पिता/पति स्व. तिहारुराम देवांगन पता ओमनगर उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00018 बघेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430107000046

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम बघेरा के वर्तमान भूमिस्वामी महावीर पिता/पति ज्ञानचंद पता भोईपारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 263/9 (0.0116) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती सरस्वती देवांगन पिता/पति हीरालाल देवांगन पता पोलसायपारा दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00007 समोदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 20232411317095

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00007 के अंतर्गत ग्राम समोदा के वर्तमान भूमिस्वामी गीताबाई पिता/पति स्व. देवलाल पता ग्राम समोदा पो. करंजा भिलाई जिला दुर्ग, केसरबाई पिता/पति स्व. देवलाल पता ग्राम समोदा पो. करंजा भिलाई जिला दुर्ग, रेणुका बाई पिता/पति स्व. देवलाल पता ग्राम समोदा पो. करंजा भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 52/2(0.0300), 691 (0.4650), 361 (0.1125), 689 (0.0825), 431 (0.4425), 362 (0.2025), 672 (0.0150), 360 (0.1050), 443 (0.3000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राजेश कुमार देशमुख पिता/ पति स्व. देवलाल पता ग्राम समोदा पोस्ट करंजा भिलाई जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.11.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430104600088

तहसील दुर्ग प.ह.न. 00038 ग्राम पोटियाकला के वर्तमान जमींदार इन्दुलाल यादव पिता/पति स्व. कोदुराम पता- रामआसरा यादव पिता/पति-स्व. कोदूराम पता- खेदू पिता/पति भागीरथी पता-पोटियाकला दुर्ग, तेमिनबाई पिता/पति. स्वर्गीय कोदुराम पता, रामबाई पिता/पति-स्वर्गीय कोदूराम पता पोटियाकला दुर्ग द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 321/1 (0.2190) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रामआसरा यादव पिता/पति स्व. कोदूराम पता इंदुलाल यादव पिता/पति-स्व. कोदूराम पता-, टेमिनबाई पिता/पति स्व. कोदूराम पता, प्रीतम यादव पिता/पति स्व. कोदूराम यादव पता पोटियाकला दुर्ग, रामबाई पिता/पति स्व. कोदूराम पता पोटियाकला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने उपरांत नामातंरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/04/2024 को प्रातः 11 बजे न्यायालय न्यायालय तहसीलदारदुर्ग में होगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से प्रेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह इंश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430104600090

तहसील दुर्ग प.ह.न. 00038 ग्राम पोटियाकला अंतर्गत वर्तमान भूमि स्वामी खेदूराम यादव पिता भागीरथी पता-पोटियाकला खसरा संख्या 286/15(0.5990), 465/1 (1.1770), 344/3(0.0170), 465/4 (0.1760), 286/6(0.3560), 465/3 (0.1770) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रीतम यादव पिता/पति स्व. खेदूराम यादव पता पोटियाकला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/04/2024 को प्रातः 11 बजे न्यायालय न्यायालय तहसीलदारदुर्ग में होगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430104600089

तहसील दुर्ग प.ह.न. 00038 ग्राम पोटियाकला अंतर्गत वर्तमान भूमि स्वामी खेदूराम यादव पिता भागीरथी पिता/पति-पीतम मायादव पिता खेदूराम यादव पता-पोटियाकला, खसरा संख्या 424/1 (0.5630) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता पिता/पति-स्व. प्रीतम यादव द्वारा धारित बेदुराम यादव पता-पोटियाकला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/04/2024 को प्रातः 11 बजे न्यायालय न्यायालय तहसीलदारदुर्ग में होगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430104600091

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी कुमारीबाई साहू पिता/पति कुंभराम साहू पता, लुकेश पिता/पति-जिलाराम साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, चम्पाकली साहू पिता/पति-देवेन्द्र कुमार साहू पता-कुमारी, पिता/पति-लखनलाल पता-पोटियाकला दुर्ग, खिलेश्वरी साहू पिता/पति नेमीचंद साहू पत्ता-, नामदेव साहू पिता/पति देवेन्द्र कुमार साहू पता-धनेश्वरी साहू पिता/पति-कुंभराम साहू पता- हेमलाल साहू पिता/पति नेमीचंद साहू पता, राहूल कुमार साहू पिता/पति देवेन्द्र कुमार साहू पता, बिसरीबाई पिता/पति कुंभराम साहू पता, टिलेश्वरी साहू पिता/पति नेमीचंद साहू पता- दामिनबाई साहू पिता/पति-देवेन्द्र कुमार साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, अंगियाबाई पिता/पति-लखनलाल पता-पोटियाकला दुर्ग, सहोद्रा पिता/पति नेमीचंद साहू पता, पोखन साहू पिता/पति-कुंभराम साहू पता- जगन्नाथ पिता/पति-जिलाराम साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, गालेश्वर पिता/पति-कुंभराम साहू पता- होमिनबाई पिता/पति-लखनलाल पता-पोटियाकला दुर्ग, भगवतिबाई साहू पिता/पति-भूपेन्द्र कुमार साहू पता- नीलकुमार पिता/पति कुंभराम साहू पता-, बिंदु पिता/पति-जिलाराम पता-पोटियाकला दुर्ग. ना.बा.याशी साहू पिता/पति-भूपेन्द्र कुमार साहू पता-पोटियाकला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 344/5 (0.0400), 508/1 (0.0010) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता चम्पाकली साहू पिता/पति देवेन्द्र कुमार साहू पता, अंगियाबाइ पिता/पति लखनलाल पता-पोटियाकला दुर्ग, सहोद्रा पिता/पति-नेमीचंदसाहूपता- दामिनबाई साहू पिता/पति देवेन्द्र कुमार साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, होमिनबाई पिता/पति-लखनलाल पता-पोटियाकला दुर्ग. भगवतिबाई साहू पिता/पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- नीलकुमार पिता/पति-कुंभराम साहू पता- बिंदु पिता/पति-जिलाराम पता-पोटियाकला दुर्ग, ना.बा. याशी साहू पिता/पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, पोखन साहू पिता/पति कुंभराम साहू पता- जगन्नाथ पिता/पति-जिलाराम साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, चंद्रकला बाई साहू पिता/पति-स्व. गालेश्वर पता-पोटियाकला दुर्ग, रेवतीबाई साहू पिता/पति-स्व. लुतनराम साहू पता- कुमारीबाई साहू

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00026 बिरेझर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430108000008

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम बिरेझर के वर्तमान भूमिस्वामी जेठू पिता/पति कार्तिक पता-बिरैझर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 223(0.2800), 264(0.4300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुकलिया बाई निषाद पिता/पति-जेठू राम निषाद पता-ग्राम बिरेझर, शांति बाई निषाद पिता/पति-जेठू राम निषाद पता ग्राम बिरेझर, ललित कुमार निषाद पिता/पति-जेठू राम निषाद पता ग्राम बिरेझर, राजकुमार निषाद पिता/पति-जेठू राम निषाद पता-ग्राम बिरेझर, पवन कुमार निषाद पिता/पति-जेठू राम निषाद पता-ग्राम- बिरेझर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/03/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

■ न्यूज गैलरी

आधार से बच्चों के लिए खोलेंगे बैंक खाता

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय सेवाओं की सुलभ प्रदायगी के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मितान योजना के अंतर्गत गुरुवार को महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल (एसडीवी) प्रियदर्शिनी नगर में शिशु आधार पंजीयन शिविर लगाया गया। इसके माध्यम से बड़ी संख्या में मासूम बच्चों के अभिभावकों ने अपने- अपने बच्चों का आधार पंजीयन कराकर पहचान पत्र प्राप्त किया। बताते चलें कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आधार नंबर पहचान पत्र के साथ- साथ अन्य शासकीय योजनाओं में महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप मे मान्य है। इस शिविर में मासूम के आधार पंजीयन से अभिभावक संतुष्ट नजर आए और शासन की योजनाओं की सराहना की। इनके साथ-साथ अभिभावकों ने शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए भी शिविर लगाने का अनुरोध किया। अपने मासूम बच्चे के साथ पहुंचे अभिभावक ने कहा कि इस आधार नंबर (पंजीयन) से वे बच्चे का बैंक खाता खोलेंगी और भविष्य के लिए अभी से ही वित्तीय योजना पर नियमित निवेश करेंगी।

साहू समाज की कर्मा जयंती व वार्षिक सम्मेलन आज

नगरी/नवप्रदेश। परिक्षेत्र साहू समाज नगरी द्वारा कर्मा जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन चित्रोत्पला महानदी व सप्तऋषियों की तपोभूमि सिहावा क्षेत्र के नगरी में शुक्रवार 5 अप्रैल को सुबह 8 बजे से तहसील साहू सदन नगरी में होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुनीत राम साहू , अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी सिहावा बीरकुमार साहू , अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज नगरी सहदेव राम साहू, संरक्षक तहसील साहू समाज नगरी धनीराम साहू, पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी लक्ष्मण सिंह साहू , सहसंयोजक क.प्र. जि. साहू संघ धमतरी अनराज साहू , उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी कौशलदेवी साहू , उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज नगरी पेमन साहू, माहेश्वरी साहू अध्यक्ष म.प्र. तह. साहू समाज नगरी वरुण किरण साहू, अध्यक्ष कर्म.प्र. तह. साहू समाज नगरी बृजलाल साहू, अध्यक्ष संचालक मंडल नगरी भरत लाल साहू , सचिव संचालक मंडल नगरी अनिरुद्ध साहू , अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तह. साहू समाज नगरी पेमन्त कुमार साहू, सहसचिव तहसील साहू समाज नगरी परसापानी सुरेश साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज घठुला प्रदीप साहू , अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा लक्ष्मण सिंह साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज बिरगुड़ी मनीराम साह सांकरा लालसिंह साहू, अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज सिरसिदा रामगोपाल साहू, संरक्षक परिक्षेत्र साहू समाज नगरी भूपेन्द्र साहू , सभापति नगर पंचायत नगरी ललिता साहू आदि होंगे।

बीजेपी कार्यालय में 500 से अधिक लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

- **हम उस राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं जिनके नेता विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं: किरण सिंह देव**
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकासशील भारत विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, सरला कोसरिया की उपस्थिति में बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, राम नामी संप्रदाय की प्रमुख सदस्य, कांग्रेस पार्टी, जनता कांग्रेस, छत्तीसगढ़ के प्रमुख फिल्मी व लोक कलाकार सहित 500 से अधिक लोगों ने भाजपा प्रवेश किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सदस्यता लेने आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा परिवार में आपका स्वागत है। भाजपा की रीति नीति सिद्धांत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से प्रभावित होकर राजनीतिक, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों के लोग लगातार भाजपा की सदस्यता ले रहे है। उन्होंने कहा कि हम सब एक परिवार के रूप में और समय-समय पर दायित्वों का निर्वहन करने वाले हैं। हमें गर्व होता है कि हम उस राजनीतिक दल के कार्यकर्ता है जिनके नेता विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विश्व की सबसे लोकप्रिय नेता है। 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा आज पूरी दुनिया में होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आगे बढ़ रहा है, तेजी से प्रगति कर रहा है। 10 साल पहले भारत की अर्थव्यवस्था 11वें पायदान पर हुआ करती थी, लेकिन 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नेतृत्व में भारत पांचवें स्थान पर आ गया है। आज भारत आत्मनिर्भर हो रहा है। भारत विकासशील भारत से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। आप सभी ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास व्यक्त किया है। आज भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव में जुट चुका हैं। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पर आप लोगों की भूमिका है उन भूमिकाओं का निर्वहन पूरी क्षमता के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुना जाना है और अबकी बार 400 पर का जो लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में जीत को लेकर भाजपा कार्य कर रही है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। भारत के अधिकांश राज्यों में सबसे ज्यादा भाजपा की सरकार है और भाजपा के मुख्यमंत्री है सबसे ज्यादा सांसद, विधायक भाजपा के ही है। 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ और छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भाजपा ने ही किया है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी ने किया है। अटल बिहारी वाजपेई जी ने कहा था छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में आप मुझे जीत कर दीजिए मैं छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर आपको दूंगा। अटल बिहारी वाजपेई जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और भाजपा की तत्कालीन प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य का विकास किया, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस की सरकार में छत्तीसगढ़ राज्य के विकास को पूरी तरह से बाधित करके रखा। भाजपा की सरकार बनते ही पुनः छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में विकास फिर से प्रारंभ हुआ और आज छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार ने अपने शुरुआती कार्यकाल में ही बड़ी-बड़ी घोषणाओं को पूरी करके दिखाया है। आगामी लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का चुनाव है और इस चुनाव में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए हमें इस बार छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के साथ पूरे देश में 400 से अधिक सीटों में जीत हासिल कर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना हैं।

पोस्टकार्ड, रंगोली, मेंहदी, पेंटिंग से मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

भाटापारा/नवप्रदेश। गुरुवार को भाटापारा नगर भवन में तृतीय लिंग मतदाताओं ने सेल्फी लेकर शत प्रतिशत मतदान के लिए आम लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही रंगोली, भाषण,नुक्कड़ नाटक,के माध्यम से जिले में शत् प्रतिशत मतदान हेतु आमजनों को संदेश दिए। इस अवसर पर तृतीय लिंग के मतदाता एवं फर्स्ट टाइम युवा वोटरों का सम्मान भी किया गया। तृतीय लिंग एवं बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर के.एल.चौहान कार्यक्रम शामिल हुए।

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करना न केवल हमारा अधिकार है बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। आप सभी अपने घरो प्रत्येक सदस्यों को मतदान करने के लिए अवश्य बोले भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें जनता के द्वारा ही जनप्रतिनिधियों का चुनाव होता है। जिससे हमारी देश की दशा और दिशा दोनों तय होती है। अतः इस लोकतंत्र के महापर्व में हमें अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। इस दौरान कलेक्टर ने सभी को शत् प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही नोडल अधिकारी स्वीप एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत जिले में शहरों से लेकर गांवों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप

कार्यक्रम अंतर्गत पोस्ट कार्ड, रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई जा रही है। जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदान तिथी 7 मई 2024 को शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। आज हुए रंगोली प्रतियोगिता रंगोली में सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो,मतदान ही नागरिक की पहचान,चलो मतदान करें, वोट देना हमारा अधिकार, आओ मतदान करें, मेरा वोट मेरा भविष्य, छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान।

कर्मा जयंती पर आज निकलेगी तेलघानी से कर्माधाम तक भव्य शोभायात्रा

- **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे मुख्य अतिथि सामूहिक आदर्श विवाह भी होंगे**

रायपुर/नवप्रदेश। शहर जिला साहू संघ रायपुर द्वारा कल 5 अप्रैल को पाप मोचनी एकादशी पर भक्त संत माता कर्मा की जयंती मनाया जाएगा। इस अवसर कल भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं कर्मा धाम में सामूहिक आदर्श विवाह का कार्यक्रम आयोजित है जिसमें युवक-युवतियों के कई जोड़े विवाह के दाम्पत्य सूत्र में बंधेंगे। नवदाम्पत्य को आशीर्वाद देने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शाम 4 बजे कर्माधाम आएंगे। इसके पूर्व संध्या पर 4 अप्रैल को शाम 4 बजे

तेलघानी नाका चौक से कर्माधाम संतोषी नगर तक शहर जिला साहू संघ के समस्त प्रकोष्ठ कार्यकारिणी द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली गई। शहर जिला साहू संघ के अध्यक्ष केशव राम साहू ने बताया कि कर्मा जयंती के अवसर पर 5 अप्रैल को तेलघानी नाका में सुबह 11 बजे पूजा अर्चना के बाद यहां से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं रामसागरपारा स्थित कर्मा विद्या मंदिर में पूजा अर्चना एवं मनोकामना ज्योति कलश स्थापना एवं आरती की जाएगी। तेलघानी नाका चौक में कल 11 बजे विभिन्न मुहल्लों से नुक्कड़ एवं रैली के रूप में पहुंचेगी यहां से रामसागरपारा, तात्यापारा होते हुए बूढ़ातालाब, टिकरापारा होते संतोषी नगर स्थित कर्माधाम तक शोभायात्रा पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू सहित प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी एवं विभिन्न प्रकोष्ठ व वार्ड-परिक्षेत्र के पदाधिकारी सहित सामाजिक बंधु एवं माता-बहनें शामिल होंगी। इसके पश्चात कर्माधाम में आदर्श विवाह का आयोजन किया गया है। आदर्श विवाह कबीरपंथ के साहेब सुकृत दास शास्त्री विवाह सम्पन्न कराएंगे। विवाह कार्यक्रम संत माता कर्मा आश्रम समिति एवं शहर जिला साहू संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है।

26 साल से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। गंभीर धाराओं में फरार आरोपी द्वारा गिरफ्तारी के डर से लगातार लुका छिपी का खेला जा रहा खेल को निपनिया पुलिस ने समाप्त करते हुए 26 सालो से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर वारंटी को जेल भेज दिया है। उपरोक्त संबंध में सहायता केन्द्र निपनिया उप निरीक्षक किशन कुंभकार ने

बताया कि निपनिया पुलिस द्वारा 26 वर्ष पुराने मामले अपराध क्र. 171/1998 धारा 147,148,149,307 भादवि के फरार आरोपी, स्थाई वारंटी प्रदीप कुमार ध्रुव निवासी ग्राम बकुलाही को गिरफ्तार* किया गया है। आरोपी प्रकरण दर्ज होने के बाद लगभग 26 वर्षों से फरार चल रहा था, जिसे पुलिस द्वारा मुखबिर की सहायता से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल दाखिल किया गया है।

कांग्रेसी खो चुके मानसिक संतुलन: सुधांशु त्रिवेदी

- **कहा, मोहब्बत की दुकान से निकले ये कौन-कौन से फरमान**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के लाठी चलाने की बात अब दिल्ली तक पहुंच गई है। चरणदास महंत ने जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदर्भ में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, उसे मानसिक संतुलन खोने का खिताब देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मोहब्बत की दुकान से ये कौन-कौन से फरमान निकल रहे हैं?

सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आपके संज्ञान में यह तथ्य निश्चित रूप से आया होगा कि छत्तीसगढ़ में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने हम सबके प्रिय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के प्रति एक बार पुनः वैसे ही घटिया और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है, जो निरंतर कांग्रेस कहती चली जा रही है। प्रधानमंत्री जी के प्रति जो ईर्ष्या है, जो द्वेष है, उसके कारण से आ रहे ऐसे बयान निश्चित रूप से भारत की राजनीति के लिए बहुत दुखद संकेत है।

सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा कि चरणदास महंत ने सार्वजनिक मंच पर कहा कि मोदी जी से मुकाबला करने के लिए एक ऐसा व्यक्ति चाहिए जो लाठी मारकर उनका सर फोड़ सके। मैं पूछना चाहता हूं कि ये मोहब्बत की दुकान से कौन-कौन से फरमान हैं? ये कांग्रेस पार्टी तो अपने को गांधी की परंपरा का उत्तराधिकारी स्वघोषित होने का वन एंड एक्सक्लूसिव कॉपीराइट होल्डर होने का दावा करती है, क्या गांधी जी लाठी इसलिए रखते थे? और इतना ही नहीं है और ये कोई सहज रूप से मुंह से निकला हुआ या फिसला हुआ शब्द नहीं है, उसके बाद के कई वाक्य में निरंतर इसका एक्सप्लेनेशन व्याख्या की गई है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

सीनियर लीडर का बयान.. क्या...

लोकसभा चुनाव का तापमान कांग्रेस के इतना सिर चढ़कर बोलने लगा है कि एक ही दिन में अपनी ही पार्टी के चार लोकसभा प्रत्याशियों के लिए सीनियर लीडर और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का बयान मुसीबत बन गया है। फिलहाल देशभर में जब पीएम मोदी की तूती बोल रही है तब उनके सिर फोड़ने, लाठी मारने और कांग्रेस छोड़कर भाजपा जाने वाले उद्योगपति नविन जिंदल को जूता मारने वाला मुहावरा अब बहस का मुद्दा है।

चरणदास महंत को नांदगांव में ऐसा बोलने की वजह क्या थी यह वही बेहतर जानते हैं। लेकिन उन जैसे सुलझे कांग्रेस नेता के मुंह से ऐसे उग्र मुहावरे के निकलने की वजह जो भी रही हो इसका फायदा उनकी पार्टी के प्रत्याशियों को होता नहीं दिख रहा। बैठे बिठाये ब्छ्र्क्कको चुनावी मुद्दा मिल गया है और भाजपा भी इस मौके को भुनाने में कोई कसार बाकि नहीं रख रही।

बीजेपी ने बयान के बाद से मोदी परिवार के बाद 'मैं हूं मोदी का परिवार, पहले लाठी मुझे मारो' अभियान शुरू कर दिया है। बीजेपी इसके खिलाफबुधवार को सड़क पर उतर आई। मजे की बात यह कि डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा समेत तमाम भाजपाइयों ने रायपुर स्थित महंत के सरकारी बंगले के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हम तो लाठी खाने के लिए आए हैं।

बयान के खिलाफभाजपाइयों का प्रदर्शन

भाजपाइयों ने सिविल लाइन थाने के बाहर भी नारेबाजी कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। बयान के खिलाफचुनाव आयोग में भी शिकायत की गई है और 'मैं हूं मोदी का परिवार, पहले लाठी मुझे मारो' पोस्टर भी जारी किया है। ब्छ्र्क्ककी प्रदेश में सत्ता है, ष्टरू और गृहमंत्री भी इस बयान के बाद खासे नाराज हैं फिर भी पैदल मार्च, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का बंगला घेरने और प्रदर्शन की भी जनता में सियासी चर्चा होने लगी है।

लाठीवाद का जवाब सीजी ..

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास जी का देश के प्रधानमंत्री, सवा सौ करोड़ देशवासियों के नेता श्री नरेंद्र मोदी जी के लिए ऐसा बयान कांग्रेस की सोच, कांग्रेस की हिंसात्मक प्रवृत्ति, उनकी लाठी-डंडे की राजनीति को दर्शाता है। लेकिन इस लाठीवाद का जवाब छत्तीसगढ़ की जनता ने नवंबर में विधानसभा चुनाव में भी दिया है और इस लोकसभा चुनाव में जनता ही कांग्रेस को जवाब देगी।

मानसिक संतुलन बिगड़ गया है: साय

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि महंत के बयान की हम निंदा करते हैं। मैं भी मोदी के परिवार का हिस्सा हूं। कांग्रेसियों में हिम्मत है तो वे पहले मेरे सिर पर लाठी मारें। कांग्रेसियों का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है इसलिए वे अनाप-शनाप बोल रहे हैं।

मेरी बात बुरी लगी हो तो खेद: महंत

नेता प्रतिपक्ष महंत ने कहा कि उनकी कही गई बात को तोड़-मरोड़कर प्रचारित- प्रसारित किया जा रहा है। पीएम का पद सम्माननीय है, उनके असम्मान में मैंने कुछ नहीं कहा है। फिर भी मेरी बातों का बुरा लगा होगा तो खेद व्यक्त करता हूं।

महंत के निवास घेराव पर ...

के उल्लंघन किये जाने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया। कांग्रेस का आरोप है कि नेता प्रतिपक्ष के बंगले भीड़ ले जाकर गृहमंत्री ने कानून व्यवस्था और सवैधानिक मर्यादा को तोड़ा है। शिकायतकर्ता कोंग्रेसी नेताओं ने कहा ङ्क छत्तीसगढ़ राज्य के नेता प्रतिपक्ष श्री डॉ. चरणदास महंत के निवास स्थान में भाजपा नेताओं/कार्यकर्ताओं की भीड़ के साथ बंगले के दरवाजा को तोडकर घुसने का जो प्रयास किया गया है वह अत्यंत ही निन्दनीय है। क्योंकि छत्तीसगढ़ की पुलिस उक्त प्रदर्शन के दौरान मूकदर्शक बनकार शांत खड़ी थी प्रदेश के गृहमंत्री जिनके ऊपर राज्य की कानून व्यवस्था को संभालने की सवैधानिक जवाबदेही है वहीं कानून तोड़ने के दोषी है। स्वंय छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री द्वारा उक्त विरोध प्रदर्शन करना उनके पद की मार्यदा का घोर उल्लंघन है और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

लोकोक्ति को गलत ..

जो कुछ नेता प्रतिपक्ष आदरणीय चरणदास महंत जी ने कहा वह छत्तीसगढ़ी भाषा के मुहावरे में कही गई बात है। लोकोक्तियों से समृद्ध छत्तीसगढ़ी भाषा को जानने, समझने वाला और छत्तीसगढ़ी लोक जीवन से जुड़ा हर व्यक्ति इसे जानता है। उनका आशय घमंड तोड़ने से था।

बघेल ने कहा है कि इस मुहावरे को भाजपा के नेता नहीं समझ सकते क्योंकि वे छत्तीसगढ़ी भाषा संस्कृति को नहीं समझते। बघेल ने कहा है किंतु इस तथ्य के बावजूद महंत जी ने विनम्रता से कहा है कि अगर इसका गलत अर्थ निकाला गया है तो वे खेद व्यक्त करते हैं। इस खेद प्रकाश के बाद यह विवाद खत्म हो जाना चाहिए।

उन्होंने कहा है, हम महात्मा गांधी की पार्टी के लोग हैं। हम हिंसा पर न भरोसा करते हैं न हिंसा हमारी सोच का हिस्सा है। हम अहिंसक विचारधारा के लोग हैं। भूपेश बघेल जी ने कहा है कि जहां तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सवाल है, तो हम उन्हें लोकतांत्रिक ढंग से परास्त करना चाहते हैं। उनका घमंड तोड़ना चाहते हैं। उनके प्रति कोई अनादर हमारे मन में नहीं है। वे स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों।

सीएसपीडीसीएल में भर्ती ...

जारी किया गया है। अलग-अलग पदों पर भर्ती के लिए लोगों से संपर्क साधा जा रहा है। सीधी भर्ती का हवाला देकर बिना किसी परीक्षा एवं इंटरव्यू के मनचाही पोस्टिंग का झांसा देने बाकायदा विज्ञापन जारी किया गया है। योग्यता न्यूनतम आठवीं, दसवीं और बारहवीं तय है।

कुछ लोग अभी से इसकी झांसे में आ चुके हैं। 4 अप्रैल को ही एक महिला ने संपर्क किया है और पंजीयन कराने डिपासिटी फार्म के बदले उससे 1000 रुपये लिया गया है। इस बारे में सीएसपीडीसीएल पूछताछ करने पर पता चला है उन्हें भी इसकी कोई जानकारी नहीं है। विभाग ने कभी भी इस तरह का विज्ञापन नहीं दिया है। अगर कोई ऐसा कर रहा है तो यह सीधे लोगों से धोखाधड़ी है।

अलर्ट नहीं हुए तो प्रदेशभर में हो सकती है बड़ी ठगी

इश्तेहार में विधानसभा सत्र के दौरान तमाम विभागों में भर्तियां करने की घोषणा की गई है। इसमें सीएसपीडीसीएल भी शामिल है। बेरोजगारों के लिए अवसर की तत्परता का लालच देकर ठग वारदात को अंजाम दे सकते हैं। अगर इस ओर लोगों को जागरूक करने के साथ ठगों पर कार्रवाई के लिए प्रशासन अलर्ट नहीं हुआ तो प्रदेशभर में बड़ी ठगी को अंजाम देने की संभावना है।

जग्गी हत्याकांड : सप्ताह...

चमन सिंह शामिल है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद सिन्हा की बेंच में मामले की सुनवाई के बाद 29 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। जिसके बाद आज गुरुवार 4 अप्रैल 2024 को अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

14 नवनिर्वाचित सदस्यों ...

के गोला बाबूराव, मेडा रघुनाथ रेड्डी, वाई वी सुब्बा रेड्डी, बिहार से जनता दल यू के संजय झा, कर्नाटक से कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन, अजय माकन, ओड़िशा से बीजू जनता दल के सुभाशीष खूंटिया, देवाशीष सामंत्रय, ओड़िशा से ही भाजपा के अश्विनी वैष्णव, राजस्थान से कांग्रेस की सोनिया गांधी, राजस्थान से ही भाजपा के मदन राठौड़, तेलंगाना से बीआरएस के रविचंद्र वद्दीराजू, उत्तर प्रदेश से भाजपा के आर पी एन सिंह और पश्चिम बंगाल से भाजपा के समिक भट्टाचार्य शामिल हैं।

सोनिया गांधी बनी ...

गांधी को शपथ दिलायी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्रीमती गांधी को नयी पारी के लिए शुभकामनाएं दी।खड़गे ने एक्स पर लिखा, फ्'कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को मेरी शुभकामनाएं।

गठबंधन का बंटवारा, अमेठी..

बाद अमेठी सीट से राहुल गांधी के नाम का ऐलान होगा। दावा किया जा रहा है कि वे अमेठी से इस बार एक बड़ी जीत भी दर्ज करेंगे।

गांधी परिवार ही चुनाव लड़ेगा

इधर अमेठी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अमेठी से गांधी परिवार ही चुनाव लड़ेगा और राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। इतना ही नहीं इस बार उनकी जीत भी पक्की है. दूसरे चरण के मतदान के बाद अमेठी सीट से नाम का ऐलान होने की बात सूत्रों द्वारा पता चल रही है.

हिदायद : नक्सल क्षेत्र...

कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में आईजी आगामी लोकसभा चुनाव के लिए की जा रही सुरक्षा तैयारियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की। आचार संहिता लगे होने के दौरान असमाजिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई जारी रखने भी निर्देश दिए।

पूर्वोत्तर भारत में 7 अप्रैल ...

गया है। मौसम विभाग के अनुसार, फ्अरुणाचल प्रदेश में छिटपुट गरज और बिजली के साथ काफी व्यापक से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है।असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अगले सात दिनों के दौरान हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।फ्

छत्तीसगढ़ में 5 एवं 6 अप्रैल की रात गर्म

मौसम विभाग ने छह अप्रैल के दौरान ओडिशा और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, चार और पांच अप्रैल को छत्तीसगढ़ तथा पांच एवं छह अप्रैल को विदर्भ में रात गर्म रहने का अनुमान जताया गया है।

एएससीआई का 'रिस्पॉन्सिबल ...

सोशल मीडिया पर लघु फिल्म बनाने वाले लोगों के लिए एक पाठ्यक्रम शुरू किया है जो 21 खंडों में विभाजित है और यह ऑनलाइन है।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर युवा और विषय वस्तु के नए सृजनकर्ताओं के साथ विज्ञापन उद्योग के लिए यह रोमांचक समय है। संचार के इस माध्यम में उपभोक्ता और ब्रांड का विश्वास बने रहना बहुत जरूरी है। इसलिए विज्ञापनों से संबंधित नियमों और कानूनों की सही जानकारी आवश्यक है। यह पाठ्यक्रम युवाओं को एक लंबा एवं सुचारू करियर बनाने में मदद करेगा। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से उद्योग में नैतिक मानकों और पारदर्शिता बनाए रखने की शिक्षा दी जाएगी।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

नोटिस

रा.प्र.क्र. अ/6अ/ वर्ष 2023-24

प्रति,
भोपिन्दर सिंह आ. श्री स्वर्ण सिंह, एमआईजी डुप्लेक्स 19, हाउसिंग बोर्ड कालोनी भिलाई
0000

आवेदक लात कुम्भकार पति रविकांत कुम्भकार साकिन 4/सी सडक 10 सेक्टर-1 द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1601/73 रकबा 830.50 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक. 19.09.2017 को आपसे कय किया था, जिसका नामान्तरण हो गया था, परन्तु अभिलेख में आपका नाम आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। दर्ज, हो गया है, जिसे सुधार किये जाने जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिस पर आपकी उपस्थिति के लिए दिनांक 10.04.2024 नियत किया गया है। उपरोक्त तिथि को उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

मुहर — अति. तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती चेलना जैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202404100400068/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती चेलना जैन पति हेमचंद जैन निवासी नेहरुनगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोनारी प.ह.न. 35 तह. व जिला दुर्ग	170/2 220 221 223	1.89 हें 0.31 हे. 0.77 हे. 0.09 हे.	औद्योगिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202404100400048/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अनिता राय आ./पति शशांक राय निवासी कातुलबोर्ड द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 3/694 रकबा 0.0069 हें/ 750 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री श्रेयांश जैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202404100400071/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रेयांश जैन आ. श्री मनीत जैन आ. स्व. हेमचंद जैन निवासी नेहरुनगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोनारी प.ह.न. 35 तह. व जिला दुर्ग	170/3	0.62 हें	औद्योगिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री ऋषभ जैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202404100400070/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ऋषभ जैन (एच.यू.एफ) कर्ता ऋषभ जैन आ. श्री मनीत जैन निवासी नेहरुनगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोनारी प.ह.न. 35 तह. व जिला दुर्ग	170/5	2.20 हें	औद्योगिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री मनीत जैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202404100400069/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मनीत जैन (एच.यू.एफ) कर्ता मनीत जैन आ. स्व. हेमचंद जैन निवासी नेहरुनगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोनारी प.ह.न. 35 तह. व जिला दुर्ग	170/4	1.20 हें	औद्योगिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

दान बलि जैसा करो: पंडित झालेन्द्र

अमेरा/बलौदाबाजार/नवप्रदेश। अमेरा में मां गायत्री महिला समूह द्वारा आयोजित संगीत मय भागवत महापुराण के चौथे दिवस पं. झालेन्द्र कुंजबिहारी तिवारी ने भागवत व्यास पिठ से भगवान विष्णु के वामन अवतार और राजा बलि की कथा श्रवण कराई।

उन्होंने भागवत व्यास पीठ से बताया कि वामन अवतार भगवान विष्णु का बौना अवतार है। कथा अनुसार राजा बलि ने वामन देव को तीन पग भूमि दान का संकल्प लिया राजा के संकल्प लेने के बाद वामन देव ने एक पग में पृथ्वी, दूसरे पग में स्वर्ग नापा लिया और तीसरा पग राजा बलि के सिर पर रखा राजा बलि की दानवीरता देखकर वामन देव प्रसन्न हुए। पं. जी ने कहा की ईश्वर की कृपा बिना कुछ भी नहीं हो सकता। अच्छे काम भी पूजा पाठ करने की तरह ही है। मां गायत्री महिला समूह द्वारा चतुर्थ दिवस श्रोताओं के लिए भागवत कथा स्थल पर भंडारा का विशेष आयोजन किया गया।

कलेक्टर ने की उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य की समीक्षा

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य की समीक्षा की है। बैठक में श्री चौहान ने 10 अप्रैल तक का समय निर्धारित करते हुए मूल्यांकन कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में चुनाव की गतिविधियां और अधिक बढ़ जाएगी। अतः हमें दिए गए समय सीमा के पूर्व ही कार्य को पूर्ण कर लेना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने गुणवत्ता युक्त मूल्यांकन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं दुरूस्त रखें- कलेक्टर

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कबीरधाम जिला के दोनों विधानसभा में मतदान केन्द्र की मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करने, डाक मतपत्र तथा वेब कास्टिंग के संबंध में जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय अधिकारियों, विद्युत और लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में मतदान केन्द्रों की स्थिति, मतदान दलों के रूट चार्ट आने-जाने

का रास्ता, वेब कास्टिंग सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों पर समीक्षा हुई।

कलेक्टर श्री महोबे ने संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत कबीरधाम जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कुल 804 मतदान केन्द्रां की गहन समीक्षा की। उन्होने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि अप्रैल में अधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल एवं अन्य उपयोग के लिए जल पर्याप्त होना चाहिए। पेयजल के लिए मतदान केंद्र में प्याऊ केंद्र रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन के गाइड लाइन के अनुसार सभी मतदान केन्द्रों के लिए मेडिकल कीट उपलब्ध होना चाहिए। उन्होने सभी मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं, जैसे मतदान भवन केन्द्र की अच्छी स्थिति सहित बिजली, पानी, छांव, रैंप, फर्नीचर, शेड, महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था मतदान दलों की ठहरने की व्यवस्था बनाने लिए सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

आदिवासी समाज का युवक बना डॉक्टर

नगरी/नवप्रदेश। नगरी के ग्राम बगरुमनाला निवासी आदिवासी युवक सौरभ गोटा ने स्व.बलीराम कश्यप मेडिकल कॉलेज जगदलपुर से डाक्टर की डिग्री हासिल की है। उक्त उपाधि से आदिवासी समाज गौरवांन्वित महसूस कर रहा है। सौरभ गोटा बचपन से ही होनहार विद्यार्थी रहे हैं। प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्तर से पढ़ाई पूरी करने के बाद आदर्श स्कूल फरसगांव फिर प्रयास विद्यालय रायपुर से पढ़ाई पूरी कर 2018 में मेडिकल कालेज जगदलपुर में चयनित होकर कम उम्र में ही डाक्टर की डिग्री हासिल करने पर सौरभ गोटा के उज्जवल भविष्य की कामना गोड़वाना समाज तहसील अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम,छेद प्रसाद कौशिल तहसील अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज नगरी, उमेश देव तहसील अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज नगरी,जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र राज ध्रुव सर्व आदिवासी समाज धमतरी,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजाराम मंडावी,जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार साक्षी,नरेश छेदैय्या,हरख मंडावी, डोमार सिंह ध्रुव, ईश्वर मंडावी,जनपद सदस्य बंशीलाल सोरी,जयसिंह सोरी,शत्रुघन साक्षी,हेमंत तुमरेटी,संतोष कुंजाम,अरविंद नेताम,मोहन मरकाम,राजू सोम,नरसिंह मरकाम,श्यामाचरण मंडावी,फलेन्द्र मंडावी,नीलू छेदैय्या,संत कुमार नेताम आदि ने की है।

स्वामी आत्मानंद के छात्रों ने मेंहदी लगाकर मतदान जागरूकता का दिया संदेश

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय राम बिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल (सेजेस राजिम) राजिम के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गरियाबंद दीपक अग्रवाल आईएएस के निर्देश पर एसडीएम एवं अनुविभागीय निर्वाचन अधिकारी फिंगेश्वर धनंजय नेताम के मार्गदर्शन में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से प्राचार्य संजय एक्का के निर्देशन में व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ के मार्गदर्शन और नेतृत्व में कक्षा नवमीं दसवीं के छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली, स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा। छात्रों ने उत्साह के साथ स्लोगन व पोस्टर बनाएं और रैली में नगर भ्रमण कर निर्वाचन में अपने मत का प्रयोग कर देश निर्माण में योगदान की अपील की। परीक्षाएँ समाप्त होने पर छात्र छात्राओं ने हाथों में मेंहदी लगाकर जनमानस में मतदान जागरूकता का संदेश दिया। व्याख्याता गायकवाड़ ने बताया कि बालक और बालिकाओं ने मेंहदी से आकर्षक मतदान चिन्ह , विभिन्न स्लोगन और प्रतीक बनाया और आगामी लोकसभा

निर्वाचन में शत् प्रतिशत मतदान करने का आव्हान किया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता एम के चंदन, सागर शर्मा एनसीसी अधिकारी, प्रधान पाठक अंजय गिरी गोस्वामी, गोपाल देवांगन , मधु गुप्ता, राकेश साहू, अंजु मार्कण्डे उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यक्रम की जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक खेल सिंह नायक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी , विकासखण्ड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना व्यक्त की।

गुड़ाघाट के रामायण महोत्सव में शामिल हुए विधायक साव

भाटापारा/नवप्रदेश। गुड़ाघाट के ग्रामवासियों द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय रामायण महोत्सव में भाटापारा विधायक इन्द्र साव शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाएं जाने की व्याख्या करते हुए बताया कि, भगवान राम हमेशा सत्य की राह पर चले। अपने से बड़ों का व अपने से छोटों का कब, क्या और कैसे आचरण व व्यवहार करना चाहिए, इन बातों का उन्होंने हमेशा ध्यान रखा। भगवान राम ने सभी अवसरों पर अपने शील और शालीनता को अक्षुण बनाएं रखा। तभी वे मर्यादा की रक्षा करने वाले मर्यादा पुरूषोत्तम राम कहलाएं। आज समस्त देशवासियों के आराध्य देव के रूप में भगवान राम सर्वत्र पूजे जाते है। रामायण महोत्सव में आस पास के बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

भविष्य निर्माण के मार्गदर्शन के साथ छात्रों को विदाई

कुरूद/नवप्रदेश। कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद में कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा बारहवीं के बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन हुआ। बुधवार को हुए इस आयोजन में ग्यारहवीं के बच्चों ने अपने सीनियरों की विदाई को खास बनाने के लिए आकर्षक डेकोरेशन ,साज सज्जा और विभिन्न रूप से विशेष तैयारी की थी।

कार्यक्रम की शुरुआत जूनियरों ने सीनियर्स का तिलक वंदन और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं क्रमवार रैंप वाक द्वारा भी बारहवीं के बच्चों का पूरी ऊर्जा और उत्साह के स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बारहवीं के बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति देकर समा बांधा। वहीं मनोरजन से भरपूर गेम्स भी खेला। अंत में केक काटकर और डीजे की धुन में जमकर ठुमके लगाए। प्राचार्य के मंजीता ठाकुर ने कहा कि आज आप सभी विदा हो रहे हैं,यह पल काफी भावुक और अनमोल अहसास दिलाने वाला क्षण होता है,जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। आप सभी ने बचपन से यहां तक के सफर में विद्यालय में खट्टे मीठे पलों को जिया है,शिक्षकों की हर सीख आपको जीवन में हमेशा प्रेरणा देने का कार्य करेंगी। आप सभी के उज्वल भविष्य की कामना करती हूं। आप सभी कड़ी मेहनत और लगन से अपने सपनों को पूरा करने में सफल होंगे। ग्यारहवीं के छोटे भाई-बहनों को इस शानदार आयोजन के लिए विशेष आभार। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक विश्वनाथ चंद्राकर , उपप्रबंधक योगेश चंद्राकर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

भोजराज नाग दो दिनों तक आज से नगरी क्षेत्र में करेंगे जनसंपर्क

नगरी/नवप्रदेश। भाजपा के सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग सिहावा विधानसभा के बेलरगांव मंडल में शुक्रवार 5 अप्रैल शुक्रवार को दोपहर 2बजे बोराई, 4 बजे घुटकेल, 4.30 बजे लिखना, 5 बजे मैनपुर, 5.30 बजे बनियाडीही। शनिवार 6 अप्रैल की सुबह मगरलोड मंडल एवं कुकरेल मंडल में सतत जनसंपर्क करेंगे। शनिवार सुबह 8 बजे कमरौद, 9 बजे रांकाडीही, 10.30 बजे नवागांव, 11 बजे कपालफोड़ी, 12 बजे अमलीडीही, 2 बजे बोरसी, कुकरेल मंडल दोपहर 3 बजे छुही, 3.30 बजे सलोनी, 4 बजे दरगहन, 4.30 बजे सिरौदखुर्द/कांटाकुर्रीडीही, 5.30 बजे कुकरेल/बांसपारा, 6 बजे बनरौद, 7 बजे बगरूमनाला/ हितली, 8 बजे गट्टासिल्ली आदि गांवों में जनसंपर्क करेंगे। यह जानकारी सिहावा विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू ने दी।

इस दौरान उनके साथ किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती पिंकी शिवराज शाह, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, विधानसभा सह प्रभारी नरेश सिन्हा, विधानसभा संयोजक नागेंद्र शुक्ला, मंडल प्रभारी राजेन्द्र गोलछा- विकल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अकबर कश्यप, विजय यदु- वामन साहू, महामंत्री राकेश चौबे, मनोहर मानिकपुरी, रामायण सिन्हा, एवन साहू, अजय यादव, संजय सांडिल्य आदि मौजूद रहेंगे।

भागवत भगवान का निवास व विशुद्ध प्रेम शास्त्र है : पं हरगोपाल शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम खैरी में भगवती प्रसाद कमल नारायण वर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पं, हरगोपाल शर्मा भाटापारा वाले द्वारा कथा श्रवण कराई जा रही है। जिसे सुनने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही भाटापारा से भी प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कथारसिक ग्राम खैरी पहुंच रहे हैं।पं, हरगोपाल शर्मा ने बताया कि भागवत विशुद्ध प्रेम शास्त्र व भगवान के श्रीमुख से निःसृत ग्रंथ है। भागवत के चार अर्थ होते हैं जो भगवान का हो जाए वो भागवत है,भगवान के भक्तों का नाम भागवत है, भगवान के निवास का नाम भागवत है,भगवान के उपदेश का नाम भागवत है व भगवान के प्रियजनों का नाम भागवत है इसलिए जो भगवान से संबंध जोड़ लेता है वो भागवत हो जाता है मृत्यु को मंगलमय बनाने व काल के भय से मुक्ति दिलाने वाला कोई ग्रंथ है तो वो श्रीमद् भागवत है। जैसे नदियों में गंगा,देवताओं

में कृष्ण, वैष्णवों में भगवान शंकर और क्षेत्रों में काशी श्रेष्ठ है वैसे ही पुराणों में श्रीमद् भागवत श्रेष्ठ व सर्वोत्तम हैं। श्रीमद् भागवत कथा ब्राह्मणों में विद्या का प्रकाश करती है ,क्षत्रियों में विजय श्री की भावना भरती है व समस्त वर्गों के धन,स्वास्थ्य व सेवा भाव में वृद्धि करती है । पांच प्रकार के उग्र पाप करने वाला पापी भी भागवत कथा श्रवण मात्र से शुद्ध हो जाता है । पंडित हरगोपाल शर्मा ने बताया कि मनुष्य के लिए कोई परम धर्म है तो वो है भगवान के चरणों में प्रीति जिसके माध्यम से नर भी नारायण के पद को प्राप्त कर सकता है । इसका उदाहरण ध्रुव जी महाराज है। भगवान राम व कृष्ण के जन्मोत्सव पर श्याम मित्र मंडल के संजय शर्मा,गिरधर महाराज द्वारा गाए गए सुंदर भजन व बधाई गीतों में उपस्थित जनसमुदाय भाव विभोर हो झूमते व नाचते रहे । कथा स्थल पर श्रोतागण बड़े ही उत्साह एवं भाव से कथा का रसपान कर रहे हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पक्षकार का नाम - श्रीमती वर्षा साहू
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400029

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्रीमती वर्षा साहू पति श्री जितेन्द्र कुमार साहू निवासी कन्याडबरी बालोद, द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न 49 तह. व जिला दुर्ग	826/39	0.007 हे. 711.75 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पक्षकार का नाम - श्रीमती वर्षा साहू
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202404100400030

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्रीमती वर्षा साहू पति श्री जितेन्द्र कुमार साहू निवासी कन्याडबरी बालोद, द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न 49 तह. व जिला दुर्ग	826/40	0.007 हे. 692.25 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403100600123
अ-2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व अम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री इन्द्रजीत वर्मा पिता श्री चंदुलाल वर्मा निवासी मोहभट्ठा तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पाटन प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 604/26 रकबा 0.0037 हे. भूमि प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि के संबध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 10/04/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202403100600113
अ-2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आशुतोष कुमार वर्मा पिता श्री भुनेश्वर वर्मा निवासी ग्राम करेला तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अखरा प.ह.नं. 35 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 13/52 रकबा 0.0110 हे. भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किए जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 की सहपठित धारा 59 के तहत पुर्ननिर्धारण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वंय या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 10/04/24 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202403101400043
अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुलाराम पिता स्व. भुनेश्वर, ठगेश्वर साहू, पिता सावंतराम, चितेश्वर साहू पिता सांवतराम सभी निवासी ग्राम चिरपोटी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत की है कि आवेदक अपने भूमिस्वामी हक जमीन वाके मौजा चिरपोटी प.ह.नं. 57 स्थित भूमि खसरा नं. 212, 639/1, 639/3, 646 कुल खसरा नंबर 04 रकबा क्रमशः 1.010, 0.130, 0.040, 0.340 हे. कुल रकबा 1.520 हे. लगान 6.02 रु. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक अपने बेटा नाती एवं सुपुत्रों को विगत 10 वर्षों पूर्व पारिवारिक व्यवस्थापन के तहत बंटवारा कर चुका है जिस संपत्ति पर आवेदकगण क्रमांक 01,02 व 03 अपने-अपने प्राप्त हिस्से पर निर्विवाद रूप से मालिक व काबिज व कास्त में चला आ रहे हैं। उक्त संपत्ति को पृथक-पृथक ऋण पुस्तिका प्रदाय कर खाता विभाजन किए जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/03/24 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
// ईश्तहार //

ग्राम कोपरा वर्ष 2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलेश्वर पिता जितेन्द्र जाति बैसगी निवासी ग्राम कोपरा तह. राजिम जिला गरियाबंद के द्वारा मृतक भंगीन बाई पति गंगादास का मृत्यु दिनांक 23/12/2002 को होना बताया गया है। जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति/सर्वसाधारण को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18/04/2024 तक उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 04/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक 04/04/2024

सील — तहसीलदार राजिम जिला गरियाबंद

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु समन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय- कु. प्रतिभा मरकाम, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग.

उत्तराधिकार प्रकरण क्र. 11/24
प्रोसेस क्र. 162124
देवकुमार मानिकपुरी

प्रति,
आम जनता

जो कि आवेदक/नाम देवकुमार मानिकपुरी s/o सुभाष मानिकपुरी द्वारा मृतक सुभाष मानिकपुरी के नाम से अनावेदक श्रीमान रिजीनल पी.एफ. आयुक्त रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के यहां जमा राशि को प्राप्त किए जाने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके कारण आपको इस न्यायालय में पेशी दिनांक 03/05/2024 को प्रातः 11 बजे उक्त आवेदन का उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपस्थित हो सकते हैं जिसे सम्यक दिए गए हो और जो इस आवेदन से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा का प्रतिदावा आधारित है।

यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे आवेदन एवं दावे का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट- यदि किसी कारणवश दी गई तारीख को किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है कार्य स्थगित होता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर चले जाते हैं तब प्रकरण की अगली तिथि पर की जावेगी।

यह सूचना आज दिनांक 23/3/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा लगाया गया।

न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क. अ/6 वर्ष 2023-2024
ग्राम खजुरी प.ह.नं. 02

// ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार डहरिया पिता स्व. मंगलचंद डहरिया जाति सतनामी निवासी ग्राम खजुरी तहसील बलौदाबाजार बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र वास्ते अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू. राजस्व संहिता 1959 के तहत फौती नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि मौजा- खजुरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. लटुवा तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नं. 219/4, 382/3, 416/4 रकबा क्रमशः 0.3030 0.2580, 0.1620 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में मंगलचंद पिता सकलू जाति सतनामी के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि में खातेदार का दिनांक 17/02/2024 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। चूकि मृतक का तीन पत्नि है। पहली विवाहित पत्नि का वारिसान पुत्र विजय कुमार, पुत्री विमला, राजनंदनी पिता स्व. मंगलचंद, मधु पति स्व. मंगलचंद है। मृतक का दूसरी पत्नी तारनबाई, पुत्री कविता एवं तीसरी पत्नी सुनीता, पुत्र शत्रुहन, पुत्री राधिका है। मृतक की दूसरी पत्नि तथा तीसरी पत्नि का वारिसान उनके दुसरे पति का है, इसलिए उनका नाम उक्त खाता में दर्ज न किया जावे। आवेदन के साथ मय दस्तावेज सलग्न किया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 05/04/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार बलौदाबाजार

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला कबीरधाम (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ई.पंजी 202404082200008
अ-20 (1) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव कुमार पिता गोरेलाल जायसवाल कवर्धा द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-15बी भूखंड क्र.-199 कुल क्षेत्रफल 358.00 वर्गमीटर भूखँड जो नजूल अभिलेख नजूल जांच रजिस्टर वर्ष 1074-75 में मेहत्तर आ. बहोरन साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। मूल धारक की मृत्यु दिनांक 21.07.1993 को हो जाने के कारण आवेदक द्वारा उनके वैध वारिसों के नाम पर नजूल अभिलेख में निर्धारण + भूमिस्वामी हक करवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 19/04/2024 को नियत की गई है।

अतएव निर्धारण+ भूमि स्वामी हक के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 19/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 4/4/2024 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 04/04/2024
पेशी दिनांक 19/04/2024

सील — नजूल अधिकारी कबीरधाम

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202403104000111/
ब-121/2023-24
मौजा- अहिवारा प.ह.नं. 005

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तेजराम साहू पिता बुधारू जाति तेली निवासी अहिवारा तहसील अहिवारा व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने दादा फेरू पिता चैनु साकिन अहिवारा की मृत्यु दिनांक 12.08.2014 को ग्राम अहिवारा में होना लेख करते हुए मृतक के मृत्यु का पंजीयन किसी भी जिले या स्थान में दर्ज नहीं होने से संबंधित विभाग में मृत्यु का पंजीयन कराने स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10(3) के अंतर्गत निर्देश/ आदेश देने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आदि दस्तावेज की छायाप्रति इस न्यायालय में पेश किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 18.04.2024 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय से सील मुहर से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक 18.04.2024
जारी दिनांक 27.03.2024

सील — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी अहिवारा

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. /अ-6/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रमोद कुमार साहू आ./पति नीलकंठ साहू निवासी शक्ति नगर वार्ड 18 तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सिकोला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 299/102 का टु. रकबा 0.009 हे. भूमि जो कि नीलकंठ साहू पिता माखन साहू के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि की मृत्यु दिनांक 18.02.24 हो जाने पर जिसे वसीयतनामा के आधार पर आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.04.2024 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202401101500067
अ-27 वर्ष 2023-24
संस्थित दिनांक 29.01.2024
पक्षकार - लक्ष्मीनारायण वर्मा आ. स्व. सुखीराम अन्य 01 निवासी-रवेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम रवेली प.ह.नं. 18 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीनारायण वर्मा आ. स्व. सुखीराम अन्य 01 निवासी रवेली संयुक्त नाम से दर्ज भूमि ख.नं. 388, 390, 745, 926/1, 984/2 रकबा क्रमशः 0.80, 0.22, 0.32, 0.02, 0.03, हे. पक्षकार के सहमति से खाता विभाजन हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार खाता विभाजन की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15/04/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

सील — नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी रायपुर में निर्मित एमआईजी भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/भूखंडों/भवनों में से भूखंड/भवन क्रमांक एमआईजी- 1040, SL-I श्रीमती बलवीर कौर पति श्री बलिहार सिंग को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 26/12/2002 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 01/04/2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती कल्पना मनीष चौधरी पिता श्री अरूण कुमार चौधरी एवं पति श्री प्रशांत कुमार मिश्रा के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पक्षकार का नाम - श्री राहुल जैन
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202403100400394

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राहुल जैन आ. श्री कमल कुमार जैन निवासी दीपक नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा (क्षेत्रफल)	प्रयोजन
ग्राम बोरसी प.ह.न 39 तह. व जिला दुर्ग	265/10 265/9	0.037 हे. 0.004 हे.	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202401015000 10

विषय-ब-121 मामले की श्रेणी, राजस्व सन 2023-24
तुलसी (प.ह.नं. 00016)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- पदमा देवी मालू,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग.

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम तुलसी प.ह.नं. 16 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक पदमा देवी मालू निवासी तुलसी द्वारा ग्राम तुलसी प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. जामगांव एम तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 293/4 की रजिस्ट्री दिनांक 26.07.2023 रजिस्ट्री पत्र क्रमांक पुस्तक क्रमांक 1 ग्रंथ क्रमांक 6939 में पृष्ट 166 से 303 पर विलेख क्रमांक 2649 के द्वारा पदमा मालू के नाम पर करायी गई थी एवं इस खसरे का टुकड़ा रकबा 0.088 हे. की रजिस्ट्री दिनांक 26.07.2023 रजिस्ट्री पत्र क्रमांक पुस्तक क्रमांक 6938 में पृष्ट 346 से 386 पर विलेख क्रमांक 2641 के द्वारा हरखचंद जैन के नाम पर करायी गई थी जिसका नया खसरा 293/4 के दो ही टुकड़े में रजिस्ट्री हुई है व नक्शा आवेदक के अनुसार बंटाकन किए जाने के संबंध में आवेदन पेश किया गया है। प्रस्तुत आवेदन आधार एवं अन्य दस्तावेज के अभाव पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार बटानकन की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15.04.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 20240410500007

विषय-अ-6-अ मामले की श्रेणी-राजस्व सन 2023-24
रवेली (प.ह.नं. 00018)
पक्षकार का विवरण
आवेदक पक्षकार- हर देवाराम
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हर देवाराम पिता पटवारी निवासी ग्राम राखी तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आनलाईन कम्प्यूटर अभिलेख में नाम सुधार किए जाने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है, ग्राम रवेली प.ह.नं. 18 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 495, 754/1, 754/3, 754/4, 754/5, 754/6, 758/1 रकबा क्रमशः 0.07, 0.16, 0.16, 0.14, 0.17, 0.15, 0.40 हे. कुल खसरा नंबर 07 कुल रकबा 1.25 हे. भूमि आवेदक द्वारा धारित की जाती है। उक्त भूमि के आनलाईन कम्प्यूटर अभिलेख में आवेदक का नाम त्रुटिवश हड़देवा पिता पटवारी दर्ज हो गया है जबकि आवेदक का सही व सत्य नाम हर देवाराम पिता पटवारी है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूमि के आनलाईन कम्प्यूटर अभिलेख में त्रुटिपूर्ण नाम हड़देवा पिता पटवारी को संशोधित कर सही नाम हर देवाराम पिता पटवारी दर्ज कर त्रुटि सुधार किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 18/04/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

लापरवाह चालक ने स्कूली बच्चों पर चढ़ाई कार, वाहन छोड़ फरार

साजा/नवप्रदेश। साजा दुर्ग मुख्य मार्ग में शराब के नशे में तेज गति से कार चलाते हुए 2 युवकों ने 5 स्कूली बच्चों को पीछे से ठोकर मारते हुए एक दुकान कार चढ़ा दिया। बुधवार दोपहर को हुए इस दुर्घटना में 5 स्कूली बच्चें घायल हुए, जिनको प्राथमिक उपचार के लिए साजा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से दो बच्चो को मामूली चोटे आई हैं, जबकि अन्य दो बच्चों का हाथ और कंधे के हड्डी में सूजन होना बताया हैं। वही एक बच्ची के सिर में अंदरूनी चोट की बात सामने आई है। घटना सोशल मीडिया में तेजी से वायरल होने और मीडिया द्वारा फोन से सूचना देने के बावजूद शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्कूल शिक्षक या अन्य जिम्मेदार अधिकारी के पास बच्चों का हाल चाल जानने की फुरसत नहीं रहा। मामले से दूर रहने वाले जनप्रतिनिधि के खिलाफ भी पीड़ित परिवार के मन में आक्रोश दिखाई दिया। सभी बच्चें नगर के वार्ड 13 के - साजा के सबसे बड़े वार्ड 13 के बच्चे जब स्कूल से वापिस घर लौट रहे थे उसी समय उक्त दुर्घटना घट गई। पीछे से तेज गति से आ रही अनियंत्रित कार चालक ने बच्चों के तरफ कार मोड़ दिया, बच्चों ने चीख पुकार करते ऑटो पार्ट्स दुकान की ओर दौड़ पड़े, पीछे से आ रही अनियंत्रित कार भी दुकान के भीतर जा घुसी, जिससे दुकान के सामने रखे सामानों के अलावा बाइक को भी काफी क्षति पहुंची, जबकि घटना में घायल हुए बच्चों और परिजनों में दहशत व्याप्त हैं।

हेमा देशमुख ने माताओं-बहनों को भूपेश बघेल के पक्ष में वोट देने अपील की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम क्षेत्र वार्ड क्रमांक-6 गवर्नमेंट प्रेस वार्ड एवम महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नं 10 ;शंकरपुरद्ध में महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने माताओंदृबहनों को कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी से अवगत कराया साथ ही सभी को इस योजना की जानकारी दिया की केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही हर गरीब महिलाओं को साल का एक लाख रुपया महीने का 8333 रुपए कांग्रेस की सरकार देगीए साथ ही नारी न्याय गारंटी में सावित्री बाई फुले छात्रावास योजना के तहत दो गुना कामकाजी महिला हॉस्टल हर जिले में एक छात्रावासए आधी आबादी पूरा हक के तहत केंद्र की नई सरकारी भारतीय में 50: महिलाओं को आरक्षण मिलेगा इसके अलावा शक्ति का सम्मान के तहत आशाध्आंगनबाड़ीध् डक्ड वर्कर्स के वेतन में केंद्र का योगदान दुगना होगा कांग्रेस की गारंटी से होंगी सशक्त महिलाएंए मिलेगा समुचित आर्थिक और सामाजिक न्याय। हेमा देशमुख ने सभी महिलाओं से राजनांदगांव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल जी के पक्ष में वोट डालने की अपील की हैए और और कहा कि कांग्रेस पार्टीजो कहती है वह करके दिखाती है कांग्रेस की सरकार भरोसे की सरकार है महंगाई कम करना है बेरोजगारी खत्म करनी है पेट्रोल डीजल के भाव कम करना है तो संसद में आवाज उठाने के लिए आपको यहां से एक दमदार नेता लोकसभा से दिल्ली की ओर भेजना है तो माननीय भूपेश बघेल जी को यहां से जीत कर दिल्ली की सदन तक भेजें अतः आप सबसे निवेदन अधिक से अधिक संख्या में निकलकर कांग्रेस को वोट करे आज इस कार्यक्रम में पार्षद अरविंद वर्मा पार्षद पूर्णिमा नागदेवे उपस्थित थे।

महिला समेत 2 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने किया ढेर

■ 43 लाख रुपए का इनाम था घोषित, भारी तादाद में विस्फोटक सामाग्री किए बरामद

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धाप्रदेश में सक्रिय माओवादियों के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के द्वारा प्रभावी कार्रवाई होने से वे नए ठिकानों के तलाश में है। इससे के चलते छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश को मिलाकर नए एमएमसी जोन का गठन किया था, लेकिन पुलिस उनके पैर जमाने के पहले उखाड़ने में सफलता की ओर अग्रसर है।

कवर्धा जिले के रेंगाखार थाना क्षेत्र से लगे छग-मप्र सीमा में बालाघाट पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें बालाघाट हाक फोर्स ने दो माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। कई नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल के सर्चिंग किए जाने पर भारी मात्रा में नक्सली सामाग्री, हथियार, नक्सली साहित्य, बैनर, पोस्टर झंडे मिले हैं। कवर्धा एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने इसकी जानकारी दी है। नक्सल मोर्चे पर मप्र-छग व महाराष्ट्र पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चला रही है। जिसमें एक दूसरे राज्य के पुलिस के साथ बेहतर तालमेल के

चलते नक्सलियों के मामले में लगातर सफलता मिल रही है। मौजूदा मुठभेड़ तो बालाघाट पुलिस के साथ हुई है, लेकिन इससे कवर्धा जिले की पुलिस ने भी राहत की सांस ली है। क्योंकि मारे गए माओवादी में एक महिला भी शामिल है, जिसका नाम साजंति उर्फ क्रांति पति सुरेन्द्र निवासी सुकमा जिला जो कवर्धा जिले के कान्हा-भोरमदेव डिवीजन के विस्तार प्लाटून-2 व भोरमदेव एरिया डिविजन कमेटी की सदस्य थी। जिसे पुलिस ने मार गिराया है। नक्सल मोर्चे पर पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। कवर्धा जिला छग का अंतिम छोर में बसा जिला है। जिसकी सीमा मध्यप्रदेश लगती है। यह जंगल का घनघोर इलाका है। पूरे बार्डर एरिया कान्हा नेशनल पार्क के कोर एरिया से जुड़ा हुआ है। इसके गलियारे में ही नक्सली सांस ले रहे हैं। लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते इनके नाक में दम कर दिया गया है। नक्सली भरसक इस क्षेत्र में अपना पैर जमाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पुलिस इनके मंसूबे कामयाब नहीं होने दे रही है। छग में भी पुलिस नक्सलियों को ढुंढकर खदेड़ने में लगी है,मप्र के बालाघाट-मंडला पुलिस भी लगातार नक्सलियों के खिलाफ मोर्चा खोलकर रखा गया है। जिसका बेहतर परिणाम भी मिल रहा है। पुलिस नक्सलियों पर भारी पड़ रही है।

43 लाख रुपए का इनाम था घोषित नक्सलियों के ऊपर 43 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वहीं दूसरा माआवोदी का नाम रघु उर्फ शेरसिंह है,जो मलाजखंड एरिया कमेटी का सदस्य था। इन दोनों नक्सलियों को बालाघाट की पुलिस ने मार गिराया है। साथ ही इनके पास से भारी सामान मिला है। कवर्धा जिले में नक्सली नेतृत्वकर्ता के लिए जूझ रहे हैं। मारी गई नक्सली क्रांति भोरमदेव एरिया और बोड़ला डिविजन का काम देख रही थी। उसके मारे जाने के बाद माओवादियों के सामने लीडर को लेकर चुनौती रहेगी।

मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने पांडे को जिताएं : सीएम

भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को अपराध व भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं का जबरदस्त शक्ति प्रदर्शन किया। पार्टी के लक्ष्य से कही बहुत अधिक संख्या में संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ता पहुंचे। सुदूर बोड़ला से लेकर औंधी तक के कार्यकर्ता पार्टी का झंडा हाथ में थामें शिवनाथ वाटिका की ओर समय से पूर्व ही बढ़ते दिखाई दे रहे थे। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं के लिए सभा स्थल पर दो विशालतम पंडाल लगाए गए थे। पहला बड़ा पंडाल सभा मंच के सामने था, वहीं उससे कुछ दूरी पर एक और बड़े पंडाल की व्यवस्था संगठन की ओर से की गई थी। उक्त दोनों पंडाल सभा प्रारंभ होने के पूर्व कार्यकर्ताओं से खचाखच भर चुका था। इसके बाद भी कार्यकर्ताओं के आने का क्रम जारी था। शहर के चारों तरफ भाजपा कार्यकर्ताओं का सैलाब साफ दिखाई दे रहा था। हाथ में पार्टी का झंडा लिए कार्यकर्ताओं का उत्साह प्रदर्शित हो रहा था, कोई आबकी बार -मोदी सरकार के उद्घोषणा कर रहा था, तो कुछ लोग एक बार फिर मोदी सरकार के नारे लगा रहे थे। पूरा सभा स्थल भाजपा के झंडे, फ्लेक्स, कट आउट, तोरण से पटा पड़ा था। भीषण गर्मी को देखते हुए और कार्यकर्ताओं की अपेक्षा से अधिक उपस्थिति लो लेकर महिला मोर्चा व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व्यवस्था संभालने मे जुटे हुए थे। जगह-जगह नीले रंग का ड्रम रखकर पीने की शीतल जल की व्यवस्था की गई थी, सभा स्थल में स्थानीय व प्रदेश स्तर के भाजपा नेताओं का उद्बोधन अनवरत चलता रहा।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सभा स्थल पर कार्यकर्ताओं का उत्साह उस वक्त परवान पर चढ़ा जब साजा के रिक्शा चालक से विधायक बने ईश्वर साहू ने धारदार तरीके से पूर्ववर्ती भूपेश सरकार की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि-भूपेश के भ्रष्टाचार के चार चिन्हारी, नरवा-गरवा-गुरवा-बाड़ी। तब पूरा सभा स्थल करतल ध्वनि से गूंज उठा। श्री साहू ने जब अपने पुत्र की हत्या का विवरण दिया तो भाजपा कार्यकर्ता गमगीन हो गए। फिर अचानक ही माहौल में उत्साह दिखाई दिया, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तमाम बड़े भाजपा नेताओं के साथ सभा स्थल पर पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने नारे बाजी कर उनका जोशीला स्वागत किया। संक्षिप्त स्वागत कार्यक्रम के पश्चात विष्णु देव साय ने अपने पारंपरिक अंदाज में अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि देश मैं मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए इस लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी मतों से विजय बनाये। श्री साय ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा कि यहां के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने अपने शासनकाल में छत्तीसगढ़ को अपराध व भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था, कोयले से लेकर चाँवल, शराब, पीएससी नियुक्ति सहित अनेक क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के रिकार्ड को तोड़ दिया था। शराब दुकानों में दो काउंटर हुआ करते थे जिसमे एक काउंटर का पैसा शासन के पास तो दूसरे काउंटर के पैसा सीधे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं तक भेजने का कुचक्र चल रहा था।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने भरा नामांकन रैली में सीएम समेत कई दिग्गज हुए शामिल

बेमेतरा/नवप्रदेश। राजनांदगांव. आज राजनांदगांव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के नामांकन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए. इस अवसर पर संतोष पांडेय सहित उप मुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव साथ थे.

आज दोपहर रायपुर से राजनांदगांव पहुंचे विष्णुदेव साय भाजपा नेताओं के साथ जिला कलेक्ट्रेट पहुं?चे और वहां संतोष पाण्डेय ने अपना नामांकन दाखिल किया. सीएम साय ने कहा कि संतोष पांडेय ने एक ऊर्जावान सांसद के रूप में संसद में सदैव आम जनता के पक्ष को रखा है. उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र के हितों की कभी उपेक्षा नहीं की. निश्चित रूप से यहां की आम जनता संतोष पांडेय को संसदीय क्षेत्र का पुनः नेतृत्व देगी और संतोष पांडेय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार के साथ मिलकर राजनांद?गांव का चहुंमुखी विकास करेंगे।

दीनदयाल कालोनी के पीछे अवैध प्लाटिंग की तैयारी, निगम की टीम ने जेसीबी से उखाड़ा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जांचकर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक निगम सीमांतर्गत कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग उखाड़ने व खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस दिया गया है। इसी कड़ी में कौरिनभाठा दिनदयाल कालोनी के पीछे अवैध प्लाटिंग की तैयारी के लिये बनाये गये मुरूम रोड व नाली को आज निगम की टीम ने जेसीबी से उखाड़ने की कार्यवाही की। कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा अवैध कालोन निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग की जॉच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है, निर्देशानुसार नगर निगम की टीम निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जॉचकर रही है और अवैध प्लाटिंग उखाड़ने के अलावा खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है।

साथ ही निगम सीमाक्षेत्र में बगैर स्वीकृत अभिन्यास के आवासीय तथा गैर आवासीय भूखडों पर क्रय-विक्रय प्रतिबंध करने उप पंजीयक को पत्र प्रेषित किया गया है।

सरकार ने जनहितकारी काम सांय-सांय बंद कर दिया : भूपेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के नामांकन का आज दूसरा दिन था। पहले ही दिन अपना नामांकन भर चुके पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नामांकन दाखिल करने के अगले ही दिन से तूफानी दौरे पर निकल पड़े हैं।

बुधवार के दिन भूपेश बघेल ने सुबह 10 बजे से ही खुज्जी विधानसभा के छुरिया विकासखंड के ग्राम पंगरीकला से अपने जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान भूपेश बघेल वर्तमान प्रदेश भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए नजर आए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने कांग्रेस प्रवेश भी किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता को अपने शासनकाल में किए गए कामों को याद दिलाते हुए वर्तमान सरकार पर सभी जनहितकारी काम सांय-सांयबंद करने का आरोप लगाया। साथ ही अपने भाषणों में केंद्र सरकार को भी आड़े हाथों लिया। भूपेश बघेल इसके बाद पथरी, साल्हे, आयबांधा, तुर्रेगढ़, सीताकसा, दानी, मरकाकसा, लालूटोला, धोबनी, परेवाडीह, उमरवाही, बड़गांव, गोडलवाही, मासुलकसा, तुमड़ीकसा होते हुए करमरी पहुँचे। इसके बाद अर्जनकुंड, रतनभाट, महरूम, कलडबरी, गिदरी, बरबसपुर गांव का दौरा प्रस्तावित था। सभी गांवों में भूपेश बघेल का संवाद का तरीका एक जैसा नजर आया, जहां उन्होंने भाजपा सरकार आने से कैसे जनता की आय पर फर्क पड़ा है, इसको उदाहरण सहित बताया। विशेषकर महिलाओं से कहा कि महतारी वंदन योजना के नाम पर आपको बरगलाया गया है। राशन कार्ड में प्रति परिवार 7 किलो की बजाय 5 किलो प्रति परिवार किए जाने पर बघेल ने चिंता व्यक्त की। बघेल ने खुज्जी में कांग्रेस का विधायक जिताने के लिए आभार प्रकट करते हुए जनता से लोकसभा में भी कांग्रेस को वोट देने की अपील की। भूपेश बघेल ने इस दौरान कहा कि मुझे आपने पांच साल छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने का अवसर दिया, मैंने दिल खोलकर आप सब की सेवा की। अब आप लोकसभा चुनाव में आशीर्वाद दीजिए, आपकी आवाज को दिल्ली संसद में उठाने का काम करूंगा।

विवाहित महिला को जबरदस्ती भगाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। घुमका थाना अंतर्गत एक विवाहित महिला को आरोपी खोमलाल साहू, निवासी जुरलाखुर्द, थाना-घुमका जो की झाड़ फूंक का काम करता है के द्वारा रात्रि में पीड़िता के घर के बाहर आकर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती मोटर साईकल में बिठाकर अपने साथ भगा ले जाकर मोहारा चौकी क्षेत्र के ग्राम खुर्सीपार अपने परिचित के घर ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था, उसके बाद पीड़िता वहां से वापस आकर दिनांक 3 अप्रैल को थाना घुमका में लिखित आवेदन देकर पीड़िता के द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 52/24 धारा 376, 506 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कराया था। आरोपी घटना के बाद से अपने घर ना आकर मोबाइल बंद कर फरार था। प्रकरण महिला संबंधित व गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस

अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशनमें थाना घुमका पुलिस द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी खोमलाल साहू के बारे में जानकारी लेकर उसका लोकेशन ग्राम खुर्सीपार में होने की पुष्टि होने पर अविलंब 3 अप्रैल 2024 को ही एफआईआर के एक घंटे के अंदर थाना घुमका पुलिस आरोपी के ठिकाने ग्राम खुर्सीपार पुलिस चौकी मोहारा पहुंचकर आरोपी खोमलाल साहू को हिरासत में लेकर आरोपी को आज दिनांक 4 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार किया।

आभूषणों सहित चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थीया खेमवती सोमित पति स्व. राकेश सोमित उम्र 30 साल निवासी वार्ड क्रं. 12 नगर पंचायत मारो ने 2 अप्रैल को पुलिस चौकी मारो में रिपोर्ट दर्ज कराया कि रामकुमार पठारे के मकान वार्ड क्रं. 12 नगर पंचायत मारो मे किराये से रहती हूं, 1 अप्रैल के शाम 4 बजे अपने बच्चों को लेकर ग्राम मोहलाईन चली गई थी, 2 अप्रैल के प्रातः 6:30 बजे वापस मारो आयी और घर जाकर देखी तो घर के दोनो कमरे के ताला टुटा हुआ था तथा घर के अंदर रखे आलमारी का लाकर टुटा हुआ था लाकर मे रखे सोने की चैन वजनी 1 तोला किमती 20,000 रू. सोने की फुली 3 नग व सोने का टाप्स 4 ग्राम किमती 10,000 रू. तथा चांदी के पायल किमती 4,000 रू. एक नग स्मार्ट टीवी वेस्टेल कंपनी का एक इंडेक्शन बजाज कंपनी टाटा स्काई व रिमोट कपडा एवं नगदी रकम 12,000 रू. हेयर ड्रायर, जुमला किमती 49,500 रू. को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया हैं की रिपोर्ट पर चौकी मारो थाना नांदघाट में अपराध सदर धारा 457, 380, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने तत्काल आरोपी पतासाजी हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी मारो प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री को अपराध विवेचना हेतु चौकी स्टाफ के साथ माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया।

प्रकरण में विवेचना माल मुल्जिम पतासाजी के दौरान मुखबिर से सुचना मिला कि शेखर टण्डन उम्र 24 साल एवं सुरज जांगडे उम्र 19 साल साकिन वार्ड क्रमांक 10 नगर पंचायत मारो, पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट उक्त प्रार्थीया के घर से चोरी गये मशरूका को बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश रहे है कि सूचना पर मौके पर पहुच कर सूचना के अधार पर आरोपियों को घेराबंदी कर मारो से पकडा गया।

केंद्रीय कार्यालय शुभारंभ के साथ कांग्रेस ने फूंका चुनावी बिगुल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव चलते कांग्रेस अपनी राजनीतिक गतिविधियां जहां तेज कर दी है। वहीं संसदीय क्षेत्र में सफल चुनाव संचालन के लिए केंद्रीय कार्यालय का शुभारंभ सत्य अहिंसा के मार्गदर्शक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेस ने अपनी तेज चुनावी मंशा जाहिर कर दी है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता एवं राजनांदगांव लोकसभा मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 2 तारीख को ऐतिहासिक नामांकन रैली के पश्चात तुलसी व्यापार विहार, जीई रोड़, राजनांदगांव में चुनाव के संचालन के लिए केंद्रीय कार्यालय उद्घाटित करते हुए कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा की कुनीति और जनता के प्रति बेसुध जवाबदेही

के कारण आज देश में जो महंगाई, बेरोजगारी की हालत निर्मित हुई है, वहीं संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग जगजाहिर है। लोकतंत्र में विपक्ष जरूरी है, लेकिन भाजपा विपक्ष को बर्दास्त नहीं कर पा रही है। भाजपा के इन दमनात्मक नीति के विरुद्ध लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। लोकसभा के इस चुनाव में हम सब पूरी कर्मकता के साथ भाजपा के खिलाफ चुनाव मैदान है। भाजपा के विरुद्ध इस लोकतांत्रिक युद्ध में केंद्रीय कार्यालय से चुनाव का संचालन किया जाएगा।

फरार दो स्थायी वारंटी किए गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस चौकी देवकर स्टाफ द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 424/2015, अपराध क्रमांक 110/2015, धारा 294, 506 बी, 323, 34 भादवि में फरार चल रहें 2 स्थायी वारंटी कासीम खान पिता वसीम खान उम्र 24 साल साकिन कैलाश नगर जामुल छावनी भिलाई, जी विनोद ऊर्फ अन्ना पिता जी जोगेप्पा उम्र 33 साल साकिन खुर्सीपार जोन नं. 01 सेक्टर 2 छावनी जिला दुर्ग को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवकर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद घृतलहरे, सउनि भानुप्रताप पटेल, प्रधान आरक्षक ललित केरकेट्टा, आरक्षक विकास सिंह, दीपक सिंह का सहयोग रहा।

चुनाव सैकड़ों लोगों ने लिया था फॉर्म, पर भरने नहीं पहुंचे, प्रदेश में चर्चा का विषय है यह सीट

अंतिम दिन 23 अभ्यर्थियों ने राजनांदगांव सीट से भरा नामांकन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा सीट से नाम निर्देशन पत्र दाखिले के अंतिम तिथि से 1 दिन पूर्व बुधवार को 210 लोगों ने नामांकन फॉर्म लेकर इस सीट को प्रदेश में चर्चा का विषय बना दिया था. वहीं माना जा रहा था कि नामांकन दाखिले की अंतिम दिन 4 अप्रैल को लगभग 200 लोगों के द्वारा नामांकन फॉर्म लेकर नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया जाएगा. इस तरह से कुल 385 से अधिक प्रत्याशी इस लोकसभा सीट पर होंगे, लेकिन नामांकन दाखिले के अंतिम दिन बड़े पैमाने पर लोग नाम निर्देशन पत्र लेने नहीं पहुंचे.



वहीं जिन लोगों ने बुधवार को सैकड़ो की संख्या में नाम निर्देशन पत्र लिया था वह भी अपना नामांकन दाखिल करने नहीं पहुंचे. बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 385 नामांकन होने पर बैलेट पेपर से चुनाव की बात का असर राजनांदगांव में नजर आया था. नामांकन फार्म लेने पहुंचे लोगों के साथ कांग्रेस के पदाधिकारी भी दिखाई दिए थे. ऐसे में अब इन लोगों के द्वारा नामांकन नहीं भरे जाने के बाद कांग्रेस ने इस पूरे मामले से अपना पल्ला झाड़ लिया है. राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा है कि यह तैयारी कांग्रेस की नहीं थी जो लोग फार्म लेने आए थे उनकी मंशा रही होगी नामांकन प्रस्तुत करने की, अगर उन्होंने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नहीं किया है तो यह उनकी सोच होगी. इसमें कांग्रेस पार्टी का कोई संबंध नहीं है.

प्रशासन ने कर रखी थी व्यापक व्यवस्था

बड़े पैमाने पर राजनांदगांव लोकसभा सीट से सैकड़ो अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन ने भी यहां व्यापक व्यवस्था की हुई थी और लगभग 300 लोगों के बैठने को लेकर तैयारी की थी ।,

अवैध उगाही, जॉच समिति का गठन

बेमेतरा/नवप्रदेश। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर कि जिले में स्थित धान खरीदी केन्द्रों के समिति प्रबंधकों से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम पर नोडल कार्यालय बेमेतरा के दो अधिकारियों के द्वारा पचीस-पचीस हजार रूपये की चंदा उगाही अवैध रूप की जाने की खबर की जानकारी पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लिया।

उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए उक्त शिकायत की जांच हेतु तीन सदस्यी जांच समिति गठित की हैं। समिति में डॉ. अनिल कुमार बाजपेयी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी बेमेतरा, घनश्याम सिंह तंवर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी बेमेतरा और डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दिव्या पोटाई शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किए गए प्रेरित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय अम्बिकापुर की छात्राओं ने 100 प्रतिशत वोट पर मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया तथा मतदान करने प्रेरित किया। लाइवलीहूड कॉलेज अंबिकापुर के सहायक परियोजना अधिकारी अकरम खान ने छात्राओं को मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी। इस दौरान स्वीप सरगुजा कमेटी के सदस्य रजनीश मिश्रा , प्रीति तिवारी, भगत , शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के नोडल नीरजा मिंज उपस्थित रहे।

आग में झुलस कर ग्रामीण की मौत, जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। आग में झुलसने से एक ग्रामीण की मौत हो गया। दरअसल मामला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिनकरा का है। फूल साय राजवाड़े आ0 मझियाईन राम राजवाड़े उम्र 60 साल 3 अप्रैल दिन बुधवार के करीब 12 बजे अपने बाडी को साफ करने के मकसद से आग लगाया था। इतिफाक से आग की लपट पड़ोसी के बाड़ी में लगे गन्ने को अपने जद में ले लिया। आग तेज गति से फैलाता चला गया। फूलसाय राजवाड़े आग को बुझाने का प्रयास करने लगा लेकिन मकतुल का पैर गन्ना पौधा में फंस जाने कारण आग मे काफी हद तक जल गया। जिससे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। घरवालों ने हादसे की सूचना थाना लखनपुर को दी । पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए मकतुल के शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है । पुलिस मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया है।

मतदान के दिन कारखानों में कार्य करने वाले श्रमिकों को 2-2 घंटे का अवकाश

जांजगीर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु नियत मतदान में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा छत्तीसगढ दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1958 के अन्तर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक, कर्मचारियों को मतदान के दिन अर्थात 07 मई 2024 (मंगलवार) को राज्य शासन एतद् द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में अवकाश घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले में संचालित ऐसे कारखानें जहाँ सप्ताह में सात दिन कार्य संचालित होते है, वहाँ प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 02-02 घंटे का अवकाश रहेगा तथा जो कारखानें निरन्तर प्रक्रिया के अन्तर्गत आते हैं, उसमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा रहेगी।

प्रशिक्षण में अनुपस्थित 31 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का प्रथम प्रशिक्षण 01 से 04 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। 3 अप्रैल को आयोजित मतदान दल के प्रशिक्षण में 31 अनुपस्थित कर्मचारी पाए गए। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर में 14, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में 07 एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव में 10 कर्मचारी पाए गए। कुल 31 संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए है।

बूंद-बूंद कीमती ..पर भी नालियों का गंदा पानी आगर नदी में..

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के मध्य में बहने वाली आगर नदी इस बार ठण्ड के मौसम से ही सूखने लगी थी। नदी में नालियों का गंदा पानी बह रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा बड़ा बाजार में बनाए गए एनीकट का लाभ नगर को नहीं मिल पा रहा है। नगर के बीचों-बीच बहने वाली आगर नदी कभी जीवनदायिनी नदी के रूप में पहचानी जाती थी।

चार-पाँच वर्ष पूर्व आगर नदी में बारहो महिने पानी रहता था। जनवरी माह में ही पानी सुखने लग गया था। नदी में अब नालियों का पानी ही नजर आता है। शहर की सभी नालियों का गंदा पानी नदी से जुड़ा हुआ है। जिसके कारण नदी में गंदे पानी का बहाव होते रहता हैं। जिसके चलते नदी में सड़ांध उत्पन्न होने लगा है। बहती नदी में साफ पानी देखने के लिए शहर वासियों को तरसना पड़ रहा है। नगर पालिका कार्यालय के पीछे पचरी घाट, कचहरी घाट, पुलपारा, बड़ा बाजार, मलाई घाट आदि में लोगों का निस्तारी

होता था। जल स्तर बढ़ाने के नाम से पेण्डारा कापा के पास बनाया गया स्टाप डेम रख रखाव के अभाव में गंदे पानी से भर गया है। वर्तमान में नदी का पानी पूरी तरह से सूख गया है। बड़ा बाजार में सिंचाई विभाग द्वारा बनाया गया एनीकट में ऊंचाई कम होने से एनीकट के पास पानी का भराव नहीं रहता। नदी के किनारे बहने वाले नाली के पानी के लिए नदी के किनारे बड़ा सा नाला बनाने के लिए योजना भी आधी-अधूरी रह गई। नदी के सौंदर्यीकरण के तहत नदी के किनारे-किनारे सड़क एवं चैपाटी बनाये जाने की योजना पूर्व में बनाई गई थी। सरकार बदलने के बाद योजना तो बनी किन्तु कार्य रूप चार साल बीत जाने के बाद भी परिणीत नही हो पाई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुंगेली नगर आगमन पर घोषणा तो की गई थी। किन्तु अभी भी इसे अमलीजामा नही पहनाया जा सका है। अब देखना यह है कि जनप्रतिनिधि इस योजना को कब तक अमली जामा पहनाते है। यदि यह योजना तैयार हो जाती है तो आवागमन के साथ ही नालियों का गंदा पानी की निकासी की अलग से व्यवस्था हो जाएगी। समय रहते यदि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ी के लिए आगर नदी सिर्फ इतिहास बन कर रह जायेगी।

स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा

नदी किनारे सौंदर्यीकरण के नाम पर योजना की स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

-अनुभव सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुंगेली

दवा दुकानों में नियमों की उपेक्षा

जांजगीर/नवप्रदेश। उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला जांजगीर चांपा छ.ग. द्वारा नशीली दवाओं के अवैध रूप से कय विक्रय करने की मौखिक शिकायत के आधार पर फर्म निधि मेडिकल स्टोर्स, बलौदा का औषधि निरीक्षको द्वारा जांच करने पर पाया गया कि इनके द्वारा मेडिकल स्टोर्स की आड़ में, लगभग 16400 नाइट्रोसन टेबलेट का अवैध कारोबार किया गया। जिसके आधार पर उक्त मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस निरस्त किया गया है। साथ ही इनके विरूद्ध न्यायालयीन कार्यवाही हेतु अनुमति बाबत् उच्च अधिकारीयों को पत्र प्रेषित किया जाएगा। इसके साथ ही विभन्न मेडिकल प्रतिष्ठानों में निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया। जिसके जवाब का अवलोकन करने के पश्चात् गुण दोष के आधार पर उक्त प्रतिष्ठानों का लाइसेंस 05 से 15 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। सहायक औषधि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियो ने बताया कि मेसर्स समर मेडिकोज, ब्लॉक बम्हनीडीह 10 दिवस, दिशा मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक बलौदा, 10 दिवस, मेसर्स विश्वास मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक अकलतरा, 15 दिवस, चन्द्र प्रकाश मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक बम्हनीडीह 5 दिवस, अरोरा मेडिकल स्टोर्स अकलतरा 7 दिवस, मयंक मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक अकलतरा 3 दिवस, मेसर्स श्री धनवतरी जनेरिक मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक बम्हनीडीह, 7 दिवस, स्वस्थ्य मेडिकल स्टोर्स, सक्ती, 7 दिवस, मनसा मेडिकल स्टोर्स, ब्लॉक पामगढ़ 3 दिवस, मेडिकल जोन ब्लॉक नवागढ़, 10 दिवस, आर्शीवाद मेडिकल स्टोर्स जैजेपुर 5 दिवस, विवेक मेडिकल स्टोर्स, ब्लॉक पामगढ़ 5 दिवस, ओम मेडिकल स्टोर्स ब्लॉक नवागढ़ 3 दिवस, जमुना मेडिकोस, ब्लॉक अकलतरा 3 दिवस एवं जानकी मेडिकल स्टोर्स, ब्लॉक जैजेपुर, 5 दिवस के लिए लाइसेंस निलंबित किया गया है।

मोदी को लाठी मारो बोलने वालों को जनता सिखाएगी सबक- अनुराग

जांजगीर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के संभागीय प्रभारी अनुराग सिंह देव का आगमन जांजगीर हुआ, जहा उन्होंने जिले की तीनो विधानसभा के अपेक्षित कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उनके कार्यो की समीक्षा की। साथ ही आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव मे अब कुछ दिन ही शेष है, सभी कार्यकर्ता बुथ स्तर के कार्यकर्ताओ व घर घर जाकर आम लोगो व लाभार्थी से भेंट करे। इस दौरान पत्रकारो को सम्बोधित करते हुए कहा कि छग के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता चरणदास महंत हार के डर से बौखलाए हुए है वे देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी के ऊपर इस प्रकार के लाठी मारने की बात को कड़े शब्दो मे निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता महंत की इस प्रकार की बयानबाजी पुरी कांग्रेस पार्टी को शर्मसार करती है इससे छग के केवल भाजपा कार्यकर्ता ही नही बल्कि छग की महतारी किसान युवा सभी वर्ग नाराज है और आने वाले चुनाव मे इसका खमियाजा कांग्रेस पार्टी को भुगतना पड़ सकता है उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस मे जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल सोशल मीडीया प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर जिला मीडिया सहप्रभारी पंकज अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहन यादव, महामंत्री हितेश यादव, राम त्रिपाठी, जिलामंत्री अभिमन्यु राठौर, जांजगीर मंडल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, अमित यादव, अजित गढ़वाल, प्रदीप सोनी, अनिल शर्मा, रितेश अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मैं हूं मोदी का परिवार, पहली लाठी मुझे मारो का बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन

नेता प्रतिपक्ष महन्त का भाजपा ने जलाया पुतला, लगाए नारे

सक्ती/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा में नामांकन 2 अप्रैल को आयोजित जन सभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा आयोजित जनसभा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारत देश के उद्योगपति नवीन जिंदल प्रत्याशी लोक सभा हरियाणा प्रदेश एवं अन्य बीजेपी नेताओं के खिलाफ चरण दास महंत के द्वारा अमर्यादित बयान दिया है। चरण दास महंत ने नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री जो कि ओबीसी वर्ग मे आते है, कहा कि अच्छा लाठी धरईया आदमी चाहिये, नरेन्द्र मोदी के सिर फोरईया आदमी चाहिये, नरेन्द्र मोदी को रात दिन परेशान कर चीन भेजने वाला चाहिये एवं नवीन जिंदल के बारे में कहा कि ऐसे लोगो को जूता मारना चाहिये।

नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत के इसी बयान को लेकर पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है इसी कडी में शक्ति के भाजपाइयों ने भी तीन अप्रैल बुधवार की शाम को अग्रसेन चौक में डॉक्टर महंत का पुतला दहन किया और विरोध में जमकर नारे लगाए हालांकि इस दौरान गिनती के ही भाजपाई विरोध प्रदर्शन के दौरान उपस्थित थे हालांकि पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर मौजूद था जैसे ही भाजपायों ने डॉक्टर चरण दास महंत के पुतले पर आग लगाई पुलिस प्रशासन उस पुतले को पानी से तुरंत बुझा दिया एवं अपने कब्जे में ले लिया । इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता रामावतार अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह ,राजा सोनी, कृष्ण गबेल. प्रेम पटेल, पिंटू यादव प्रमेन्द्र सिंह ठाकुर गोविंद देवांगन घनश्याम साहू संजय कश्यप चिराग अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विकास कार्यों की समीक्षा में प्रगति की ली गई जानकारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा संभाग आयुक्त जीआर चुरेंद्र की उपस्थिति में बुधवार को सरगुजा विकास प्राधिकरण की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संभागायुक्त ने वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक पूर्ण, अपूर्ण और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में सरगुजा विकास प्राधिकरण के स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की। इसके साथ ही संभागायुक्त ने वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक सभी जिले के जनपद पंचायतों के पूर्ण कार्यों के लंबित उपयोगिता और कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र की भी समीक्षा की और शीघ्र प्रमाण पत्रों को सहायक आयुक्त कार्यालय में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कर शीघ्र पूर्ण करें।

बैठक में संभागायुक्त ने लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर सभी अधिकारियों को अपने दायित्व गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय अमले को मुख्यालय में रहने और फील्ड में रहकर काम करने कहा। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए पंचायत के आय के स्त्रोत को बढ़ाने पर कार्ययोजना बनाएं।

साथ ही उन्होंने पंचायत में वृहद वृक्षारोपण करने, पंचायत नर्सरी तैयार करने कहा। उन्होंने कहा कि जनपद क्षेत्र अंतर्गत शासकीय कार्यशैली को मजबूत करने लगातार कार्यालयों, स्कूलों, पीडीएस, आंगनबाड़ी सहित निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें। इसके साथ ही कार्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में विशेष कार्ययोजना के तहत काम करें। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा एवं घुमंतू मवेशियों को नियंत्रित करने के लिए नगरीय निकाय एवं पंचायत की टीम को समन्वय कर कार्यवाही करने कहा।

इसी तरह उन्होंने श्रमदान के जरिए शासकीय कार्यालयों में जल संरक्षण के लिए सोखता गड्ढा तैयार करने कहा जिससे वर्षा ऋतु में जल संरक्षण हो सके। बैठक में सरगुजा संभाग अंतर्गत समस्त जिलों के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, सीईओ जनपद पंचायत एवं एसडीओ आरईएस उपस्थित रहे।

रंगोली सजाकर किया वरिष्ठ महिला मतदाता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

जांजगीर/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 प्रायोजनार्थ ''सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप)'' कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता प्राप्त करने तथा स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाता जागरूकता हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ''रंगोली प्रतियोगिता व वरिष्ठ महिला मतदाता सम्मान'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में जिले में कुल 1423 वरिष्ठ महिलाओ को सम्मानित किया गया तथा मेहदीं, मतदाता जागरूकता रैली, एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम जिले के समस्त ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केन्द्र एवं परियोजना स्तर पर आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य उनको मतदान के प्रति जागरूक करना, मतदान के महत्व को बताना एवं मतदान के लिये प्रेरित करना है। परियोजना अधिकारियों एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों द्वारा मतदाता एप्प के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह भी बताया गया की प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का आवश्यक रूप में उपयोग करना चाहिए, कार्यक्रम में मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदाता के अधिकार एवं महत्व को बताया गया की भारत एक लोकतांत्रिक देश है देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाये रखने के लिये मतदान अवश्य करें क्योंकि मतदान हमारा अधिकार ही नही बल्कि कर्त्तव्य भी है जिसका उपयोग हमे समाज हित में करना चाहिए। जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुल 9776 प्रतिभागी सम्मिलित हुए जिसमें समस्त प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

कलेक्टर ने निर्वाचन टाइम्स जांजगीर का किया विमोचन

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन टाइम्स जांजगीर-चांपा का विमोचन किया। ई-पेपर ''निर्वाचन टाइम्स जांजगीर-चांपा'' में निर्वाचन से संबंधित अपडेट जानकारी एवं जिले में प्रतिदिन होने वाली स्वीप की गतिविधियों, इलेक्शन फैक्ट, निर्वाचन का एबीसी, क्विज, आगामी स्वीप कार्यक्रम की जानकारी का समावेश किया गया है। इसके साथ ही जिले में निर्वाचन प्रशिक्षण को भी शामिल किया गया है। निर्वाचन टाइम्स जांजगीर-चांपा में ''वोटर सेल्फी ऑफ द डे'' फोटोग्राफ्स भी प्रकाशित की गई है। जिले के मतदाताओं को निर्वाचन से संबंधित सभी जानकारियां प्रतिदिन इसके माध्यम दी जाएगी।

आम-सूचना

यह कि मैं अधिकृत अधिवक्ता जयराम भागवानी (जिला न्यायालय दुर्ग) बंधन बैंक लिमिटेड गृह सेंटर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता/करती हूँ कि मेरे पक्षकार नीरज सिंह राठौर पिता स्व. श्री सोबरन सिंह राठौर निवासी पदमनामपुर दुर्ग (छ.ग.) द्वारा दिये गये अधिकार उपरान्त विक्रेता - एम.पी.हाउसिंग बोर्ड क्रेता कु रेबका पाल पिता श्री जे. पाल निवासी पदमनामपुर, दुर्ग, मौजा पदमनाभपुर, खसरा नम्बर 967/5, भूखण्ड एल.आई.जी.- 582 क्षेत्रफल 163.15 वर्गमीटर, रजिस्ट्री दिनांक 29/03/1994, ग्रन्थ नं. 9605 पृष्ठ नं. 49-59 दस्तावेज नं. 8669 की मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गयी है उक्त मूल पुरानी रजिस्ट्री पेपर का कोई दुरूपयोग ना करे इस हेतु इसकी सूचना संबंधित थाने में दर्ज करायी गई है अतएव आम जनता जो कि उक्त जमीन/ मकान के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्व स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर पश्चात् किसी प्रकार की दावा आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा।

सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रकाशित।

जयराम भागवानी अधिवतक्ता
प्लाट नं. 20 पेट्रोल पंप के बाजू में न्यू आदर्श नगर दुर्ग
मो. 9302838684

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- /अ-20(3)/ वर्ष 2023-24
पंजी. 202312103800021

श्रीमती सुखबती पति स्व. रामू एवं अन्य 02 निवासी पोलसायपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग
विरुद्ध आवेदिकागण
छत्तीसगढ़

प्रति, 1. हनुमान राव आ. श्याम राव, 2. मोहन राव आ. मानिकराव, 3. मु.शांति बाई विधवा मानिकराव निवासी चरोदा जिला दुर्ग धारकगण/विक्रेतागण

आवेदिका श्रीमती सुखबती पति स्व. रामू निवासी पोलसाय पारा दुर्ग एवं अन्य 02 द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क. 60 बी प्लाट नं. 34 क्षेत्रफ्ल 33 वर्गमीटर भूमि धारकगण हनुमान राव आ. श्यान पाव, मोहन राय आ. मानिक राव, मु.शांतिबाई विधवा मानिक राव निवासी घरीधा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आयेदिका के पत्ति रामू आ. श्यामलाल द्वारा उक्त भूखण्ड का भाग 375 वर्गमीटर धारकगण शांतिबाई एवं अन्य से पंजीकृत पैमाना दिनांक 12.11.1981 को कय किया है। खेता रामू की नृत्यु दिनांक 10.08.2017 को हो चुकी है। मृतक केता के वारिसान उनकी पत्ति सुखबती पुत्र कंतु रान, सन्त्री है। आवेदकगण द्वारा उक्त भूखण्ड से धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर मृतक केता के वारित्तान आवेदकगण का नाम फौती नामान्तरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जित्तका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव एतद् द्वारा आपको/हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में दावा या आपत्ति अथवा अपना पक्ष समर्थन हेतु प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.04.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में त्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिचकता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दाया/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा। नियत सुनवाई तिथि में आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। आज दिनांक 28.03.2024 को किया गया।

मुहर **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202402103300007
/अ-6/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गिरजा बाई साहू पति ईश्वरी साहू निवास, ग्राम- गनियारी द्वारा ग्राम गनियारी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 390 रकबा 0.570 मे से रकबा 0.130 हे. जिसे पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 19/07/2019 के माध्यम से विक्रेतागण कृष्णाराम आ. श्री बहरू एवं अन्य-06 से क्रय किया गया है। परन्तु भूलवश उक्त भूमि का प्रमाणीकरण नही करा पाया अतएव वर्तमान मे प्रमाणीकरण कर उक्त भूमि को अपने नाम पर नामान्तरण करवाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 09/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं । समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202403104300002
/अ-02/ सन्- 2023-24
ग्राम कुगदा, प.ह.न. 13 तह. भिलाई-3

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अमित कुमार सोनी आ. पवन कुमार सोनी जाति सोनार निवासी शताब्दी नगर तेलीबांधा रायपुर द्वारा ग्राम कुगदा प.ह.न. 13 रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 294/41 रकबा 0.0223 हे. लगान 0.02 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 15.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण दिनांक 15.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 01.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग(छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ ऑ.नं. 202404101000011/
अ-6/ वर्ष 2023-24
आर.डी. 202324430103300144

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बृजेन्द्र कुमार गुप्ता पिता स्व. बालूलाल गुप्ता निवासी वैशालीनगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि ख.नं. 8306 रकबा 0.020 हे. मंजू गुप्ता पति बाबूलाल गुप्ता के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु होने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 24.04.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.04.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर **अति. तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शाह आलम पिता स्व0 मोहम्मद निवासी फरीद नगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प0ह0नं0 45 स्थित भूमि ख0नं0 2915 रकबा 0.01 हे. मोहम्मद आ. कुतुब अली के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु होने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.04.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर **अति. तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समीर कुमार गुप्ता पिता स्व0 अशोक कुमार गुप्ता निवासी रामनगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प0ह0नं0 45 स्थित भूमि ख0नं0 7859 रकबा 0.010हे0 अशोक कुमार पिता सोमनाथ गुप्ता के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खातेदार की मृत्यु होने से मृतक का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25.04.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.04.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर **अति. तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यूज गैलरी

नशीली दवाओं के साथ दो युवक गिरफ्तार, जेल गए

कवर्धा/नवप्रदेश। नशे के सौदागरों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से 50 नग नशीली दवाइयां और इंजेक्शन बरामद की गई है. दोनों आरोपी दयासुद्धिन और राजेश रघुवंशी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार, ये दोनों आरोपी रायपुर और बिलासपुर से चोरी छिपे नशीली दवाइयां 25 रुपए के दर से लाते थे और एक नग नशीली दवाइयों को 500 रुपए में बेचते थे. शहर में लगातार युवा नशीली दवाइयों के गिरफ्त में आने की शिकायत पुलिस को मिल रही थी. लगातार पुलिस नशे के सौदागरों की तलाश कर रही थी. एडिशनल एसपी पुष्पेंद्र सिंह बघेल ने बताया, मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आज दबिश दी और नाशीली दवाइयों की सप्लाई करते दो युवक को गिरफ्तार किया. दोनों आरोपी कवर्धा के रहने वाले है. दोनों के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है.

दिल दहलाने वाली घटना, घर में सो रही महिला की जिंदा जलकर मौत

खरोरा/नवप्रदेश। क्षेत्र से खौफनाक मामला सामने आया है. यहां स्थित एक मकान में महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई. बताया जा रहा है कि घटना के वक्त 65 वर्षीय महिला घर पर अकेली थी. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है. हालांकि ये घटना संदेहास्पद है, मामले में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है.जानकारी के मुताबिक, खरोरा थाना क्षेत्र के बाना गांव में एक घर में सो रही 65 वर्षीय महिला अपने बिस्तर पर जिंदा जल गई और उसकी मौत हो गई. बीते बुधवार की रात 9 बजे घटना की पुलिस को सूचना मिली कि बाना गांव में एक घर से धुआं उठ रहा है. जिसकी सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. वहीं घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. जब पुलिस ने लोगों से पूछा तो लोगों ने बताया कि घर के अंदर महिला की आग में जलकर मौत हो गई है. जिसके बाद पोलइ घर के अंदर घुसी जहां देखा तो 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला बिशबासा बाई साहू की अधजली लाश बिस्तर से गिरकर फर्श पर पड़ी हुई थी. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. मामले में यह भी पता चला है कि मृतिका महिला का बेटा टीकाराम साहू घटना वाले दिन सुबह दूसरे गांव चला गया था. उसकी मां घर में अकेली थी. मामला हत्या का है या हादसा है इसपर दोनों एंगल से जांच की जा रही है. इस केस में फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स से भी मदद ली जा रही है.

6 साल से नाबालिग का शारीरिक शोषण, युकां नेता गिरफ्तार

■ मामला कांकेर के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बांदे थाना का है

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में कांग्रेस नेता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता पिछले 6 साल से पीड़िता का शारीरिक शोषण कर रहा था. छत्तीसगढ़ के युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव सुप्रकाश मल्लिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप लगा है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने कांग्रेस नेता को गिरफ्तार कर लिया है.

मामला कांकेर के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बांदे थाना का है. यहां कांग्रेस नेता सुप्रकाश मल्लिक के खिलाफ नाबालिग ने दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई. पीड़िता की शिकायत के मुताबिक कांग्रेस नेता पिछले 6 साल से उससे दुष्कर्म कर रहा था. कांग्रेस नेता ने पीड़िता के परिजनों को भी पुलिस को न बताने की धमकी दी थी. पीड़िता की शिकायत पर बांदे पुलिस ने कांग्रेस नेता को गिरफ्तार कर लिया है.

थाना बांदे में पीड़िता ने मामला दर्ज कराया था कि एक व्यक्ति 6 साल से दुष्कर्म को अंजाम दे रहा है. परिजनों को पुलिस को न बताने की बात कहकर धमकी दी थी. शिकायत पर बांदे थाना में मामला दर्ज किया गया था. आरोपी सुप्रकाश मल्लिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. -प्रशांत शुक्ला, एसपी

जिले में कांग्रेस नेताओं की बढ़ रही है मुश्किलें- जिले में लगातार कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है. हाल ही में पखांजुर में हुए चर्चित असीम राय हत्याकांड में 11 कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है. 11 नेताओं की गिरफ्तारी के बाद दुष्कर्म के आरोप में सुप्रकाश मल्लिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है.

मेरी सरकार में हर काम सांय सांय हो रहा : सीएम

तो ईव्हीएम की जगह बैलेट पेपर से होगा लोकसभा चुनाव!

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। विकासखंड बिलाईगढ़ के नगर पंचायतपवनी में आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा जन आशीर्वाद रैली का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राजस्व मंत्री एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री टंक राम वर्मा, आरंग विधायक खुशवंत साहेब का आगमन हुआ,तय कार्यक्रम से लगभग एक घंटा विलंब से पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सुनने के लिए भरी दोपहरी में लोगों की भारी भीड़ रही।कार्यक्रम स्थल स्कूल मैदान से एक किलोमीटर दूर पुरगांव रोड पर हैलीपेड बनाया गया था,हेलीपेड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सड़क के दोनों ओर लोगों की अपार भीड़ अपने मुखिया की एक झलक देखने को उपस्थित रही।जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करते हुए आरंग विधायक खुशवंत साहेब ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास ही हमारा मूल मंत्र है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है और जांजगीर चांपा लोकसभा से श्रीमती कमलेश जांगड़े को सांसद बनाना है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने लोगों से कहा कि महतारी वंदन योजना का लाभ देने वाला मुख्यमंत्री आज आपसे स्वयं मिलने आए है मोदी के गारंटी पूरी हो रही है।लोकसभा के प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगड़े ने उपस्थित जन समूह से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की।रैली को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज हमारी सरकार में प्रत्येक कार्य सांय सांय हो रहा है चाहे महतारी वंदन योजना का लाभ हो,किसानों को बकाया बोनस राशि की बात हो,तेंदूपत्ता का संग्राहकों को लाभ देने की बात हो हमारी सरकार गांव गरीब और किसान की सरकार है जिसका लाभ सभी को मिल रहा है।प्रतिमाह महतारी वंदन योजना की राशि बहनों के खाते में एक से सात तारीख तक डल जाएगी।आज जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के अध्यक्ष भूमिका कथाकार के साथ कई जनपद सदस्य एवम सैकड़ो लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली।कार्यक्रम में जांजगीर चांपा लोकसभा के प्रभारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सह प्रभारी गुरुपाल सिंह भल्ल,सह प्रभारी दिनेश जांगड़े एवम खिलावन साहू,संयोजक कृष्णकांत चंद्रा,पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल,निर्मल सिन्हा, जिलाध्यक्ष सुभाष जालान, जगन्नाथ पाणिग्राही, सरिता बिहारी जांगड़े, समस्त मंडल अध्यक्ष गण एवम भाजपा के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आबकारी विभाग की कार्रवाई, 235 लीटर कच्ची महुआ शराब और 1200 किलो लाहन जब्त

■ अवैध कारोबारियों में दहशत का माहौल

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर के.एल चौहान के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 3 अप्रैल 2024 को गश्त के दौरान वृत्त कसडोल क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम द्वारा बडी कार्रवाई करते हुए कुल 235 लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त की गई एवं 1200 किलोग्राम महुआ लाहन का सैम्पल लेकर विधिवत नष्ट किया गया। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) (च), 34(2), 59(क) का प्रकरण आबकारी वृत्त कसडोल में कायम कर विवेचना में लेकर आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई से शराब के अवैध कारोबारियों में दहशत का माहौल है।जिला आबकारी अधिकारी श्री एल.के. गायकवाड़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना गिधौरी अन्तर्गत ग्राम भैंसामुड़ी में एक 200 लीटर क्षमता वाले ड्रम में भरी 120 लीटर एवं दो 10 लीटर क्षमता वाले जरीकेन में भरे प्रत्येक में 10 - 10 लीटर कुल 20 लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब कुल 140 लीटर जब्त किया गया एवं 18 बोरियों में प्रत्येक में 30- 30 किलोग्राम कुल 540 किलोग्राम महुआ लाहन का सैम्पल लेकर विधिवत नष्ट किया गया। इसी प्रकार गिधौरी थाना के ही ग्राम घटमड़ा में 10 लीटर क्षमता वाले जरीकेन में भरी प्रत्येक में 10-10 लीटर कुल 40 लीटर, दो 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक डिब्बे में भरी प्रत्येक में 15 -15 लीटर कुल 30 लीटर एवं 5 लीटर क्षमता वाले जरीकेन प्रत्येक में भरी 5 -5 लीटर कुल 25 लीटर कुल मात्रा 95 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया ।

बी.टी.ओ.ए की संचालन समिति की बैठक,नए ट्रकों की सदस्यता पर रोक

दंतेवाड़ा/ किरंदुल/नवप्रदेश। आज बैलाडीला ट्रक ऑनर एसोसिएशन (बी.टी.ओ.ए) संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बी.टी.ओ.ए पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में सदस्यो कि मौजूदगी रही। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जिसमे अब नए वाहनों को सदस्यता नही देने पर सहमति बनी जिसके बाद फैसले पर मुहर लगा दी गई। बैलाडीला ट्रक यूनियन के अध्यक्ष राकेश सिंह गौतम ने प्रेस के माध्यम क्षेत्र के लोगो को जानकारी देते हुये बताया कि आज के 3/4/2024 के बाद से बी.टी.ओ.ए मे नयी सदस्ता व नये वाहनों पर रोक लगा दिया गया है बैलाडीला ट्रक ऑनर ऐशोसियन की बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। राकेश सिंह गौतम ने बताया की वर्तमान मे गाड़ियों की संख्या में वृद्धि की वजह से माल लोडिंग में दस से बारह दिनों का समय लग रहा है। साथ ही पार्किंग की भी पर्याप्त नहीं है स्थानीय प्रशासन नगर में पार्किंग की गई वाहनों पर रोजाना कार्यवाही करती है एवं चेतावनी दे रही है जिससे पार्किंग की बहुत बड़ी समस्या सामने आई है। इन सब परेशानियों को देखते हुए बी.टी.ओ.ए कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया है जिसके तहत नये वाहन जो भी लायेगा उसको चलाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी वाहन मालिक की होगी बी टी.ओ.ए की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

भरतपुर विधायक ने निजी स्टाफ व भाजपाइयों में बांट दिए पैसे

स्वेच्छानुदान राशि की बंदरबाट

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। भरतपुर सोनहत विधानसभा में को रेवड़ी जैसे बांटने का जैसे चोली दामन का रिश्ता बन गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक गुलाब कमरो के स्वेच्छानुदान राशि का विधायक रेणुका सिंह ने पर्चा बंटवाया और गैर जरूरतमंद व कांग्रेसी व निजी कर्मियों को स्वेच्छानुदान राशि देने के मामले में कांग्रेस प्रत्याशी गुलाब कमरो घिर गए और चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब वही स्वेच्छानुदान राशि भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के गले की फांस बन गई है। विधायक ने गैर जरूरतमंद लोगों, भाजपा पदाधिकारी, ड्राइवर व निजी स्टाफ को स्वेच्छानुदान की राशि रेवड़ी की तरह बांट दी है। भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं, अपने करीबियों व समर्थकों के साथ ही अपने वाहन चालक पंकज सोनी की पत्नी आरती सिंह के नाम स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता के तौर पर 10 हजार रुपये दिए है। वहीं रेणुका सिंह के राजधानी रायपुर स्थित देवेंद्र नगर बंगले में कार्यरत जय प्रकाश देवांगन को भी स्वरोजगार हेतु 10 हजार रुपए दिए है। इसके अलावा विधायक रेणुका सिंह के साथ अक्सर देखे जाने वाले व विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रवेश करने वाले भगवान दास के भाई नागेंद्र दास को भी स्वेच्छानुदान निधि की 10 हजार रुपये की राशि दी गई है। विधायक ने नवीन जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के भाजपा जिला कार्यालय में कार्यालय प्रभारी के पद पर पदस्थ लालपुर निवासी प्रदीप कुमार वर्मा को ईलाज के नाम पर 10 हजार रुपये दिए है। प्रदीप वर्मा नागपुर भाजपा मंडल के पूर्व महामंत्री भी रह चुके है। इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष व महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के भाई साहिल सिंह को ईलाज हेतु 10 हजार रुपये व भाजपा नेत्री समा खान को पिता के ईलाज हेतु 10 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। रेणुका सिंह भरतपुर सोनहत विधानसभा से विधायक है। रेणुका सिंह ने स्वेच्छानुदान भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के अलावा दूसरे विधानसभा क्षेत्र के लोगो को भी स्वेच्छानुदान दिया है। सूरजपुर नगरपालिका के पूर्व पार्षद लक्ष्मण कसेरा को 10 हजार के अलावा उन्होंने सूरजपुर के भाजपा नेता विशाल गुप्ता को भी 10 हजार का स्वेच्छानुदान दिया गया है। इसके अलावा सूरजपुर जिले के अन्य लोगो को भी स्वेच्छानुदान की राशि दिए।

टीपीएल में उड़िया व रणवीरपुर ने जीता सेमीफाइनल मैच,आज फाइनल

कवर्धा/नवप्रदेश। स्तरीय शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का यह पांचवा वर्ष है। इसमें जिले के कुल 20 जोन के 22 टीमों ने हिस्सा लिया है।

प्रतियोगिता का दो सेमीफाइनल मैच बुधवार को खेला गया। पहला मैच उड़िया खुर्द जोन व रणवीरपुर जोन के मध्य खेला गया। रणवीरपुर जोन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 105 रनों का लक्ष्य दिया। टीम के बल्लेबाज राजेश कौशिक ने पारी के 11 वे ओवर में एक हैट्रिक के साथ कुल 4 छक्के जड़े। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी उड़िया टीम के कप्तान योगेश के 51 रनों एवं दिनेश निषाद के 25 रनों की मदद से आठवें ओवर में ही मैच जीत लिया। उड़िया टीम टीपीएल के फाइनल में पहुंच गई।दूसरा सेमीफाइनल मैच रणवीरपुर जोन व तरेगांव जोन के मध्य खेला गया। तरेगांव जोन टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवर में 136 रन बनाए। 137 रनों के पीछा करने उतरी रणवीरपुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में ही मैच जीत लिया। टीम के बल्लेबाज जितेंद्र चंद्रवंशी ने टीपीएल का आज तक का सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर नाबाद 90 रन बना। जितेंद्र इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे। रणवीपुर जोन ने यह मैच जीतकर फाइनल में अपना स्थान बना लिया। टीपीएल का फाइनल मुकाबला 5 अप्रैल को स्वामी करपात्री स्टेडियम में होगी।

लोगों में चर्चित खुज्जी का मशहूर लंगड़ा आम बगीचा

डोंगरगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव ब्लॉक का आश्रित ग्राम, शिवनाथ नदी के तट पर बसा खुज्जी देश में आजादी के पहले से ही चर्चित रहा है। अंग्रेजों के जमाने में खुज्जी एक जमींदारी हुआ करती थी। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य में यह एकमात्र मुस्लिम जमींदारी थी। तत्कालीन समय में खुज्जी के नवाबों के पास लगभग 32 ग्राम थे, जहां से ये कर वसूला करते थे और प्रशासन चलाने में सहयोग प्रदान किया करते थे। छत्तीसगढ़ के सबसे छोटी जमींदारी, खुज्जी जमींदारी के एक प्रकृतिप्रेमी नवाब मोहिनुद्दीन ने खुज्जी जमींदारी के खाली जमीनों पर अमरूद और आम के बगीचे लगवाए। इन्हीं में से शिवनाथ नदी के किनारे बना लंगड़ा आम का बगीचा। बताया जाता है कि पहले दो हजार के आसपास आम के पेड़ थे। वर्तमान में चार सौ करीब लंगड़े आम के पेड़ बच गए हैं। आज भी बड़ी दूर से इन पेड़ों पर लगे आम के बौर और फले आम को नदी के इस किनारे से बखूबी देखा जा सकता है, जबकि शिवनाथ नदी की चौड़ाई कुछ ज्यादा ही है। देश भर में आम की 1500 किस्में होती हैं। इन्हीं में से एक बनारसी लंगड़ा आम है। नाम से ही स्पष्ट है कि बनारसी लंगड़ा आम की उत्पत्ति आज से 250 से 300 वर्ष पूर्व बनारस के एक शिव मंदिर से हुई है। किंवदंती है कि एक संत जो काशी गए थे, अपने साथ एक विशेष आम का बीज ले गए और उसे उस शिव मंदिर में लगाया जहां वे निवास कर रहे थे। पौधा तेजी से बड़ा हुआ और सबसे मीठे आम पैदा करने लगा। चूंकि मंदिर का पुजारी दिव्यांग था, इसलिए लोगों ने उस रसीले आम को लंगड़ा आम कहने लगे। जाते समय उस संत ने उस मंदिर के पुजारी को कहा कि किसी भी व्यक्ति को आम का बीज न दे। पुजारी ऐसा ही करता रहा।

पांच नक्सलियों की हुई शिनाख्त, 8 घंटे चली थी मुठभेड़

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले के कोरचोली के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सर्चिंग के दौरान 3 महिला माओवादी समेत 13 माओवादियों के शव को बरामद किया गया है। 13 में से अब तक 5 नक्सली शव के शिनाख्त हुई है। पुलिस बाकी 8 माओवादियों के शव की शिनाख्त कर रही है।

इनकी हुई शिनाख्त...

1) सुखराम हेमला PPCM - PLG , कंपनी 2
2) हूँगा परसी , PLG , कंपनी 2
3) हूँगा कुंजम , PLG , कंपनी 2
4) सीतक्का (DVCM जितरू की पत्नी), PLGA , कंपनी 2
5) दुला सोनू , PLGA कम्पनी 2

पुलिस की टीम नक्सल ऑपरेशन पर निकली हुई थी मंगलवार देर शाम तक 10 और बुधवार सुबह सर्चिंग के बाद 3 और नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। बुधवार सुबह से तकरीबन 8 घंटे तक DRG, CRPF, कोबरा बटालियन और बस्तर बटालियन के जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। उल्लेखनीय है कि, सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकली हुई थी। इस दौरान गंगालूर, कोरचोली इलाके में नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। सुबह 6 बजे से शुरू मुठभेड़ तकरीबन 8 घंटे दिन भर चली। मंगलवार देर शाम तक 10 नक्सलियों के शव बरामद किए गए थे। वहीं आज सुबह सर्चिंग के दौरान तीन और नक्सलियों के शव बरामद किया गया। फिलहाल जवानों की सर्चिंग जारी है। बड़ी मात्रा में नक्सल सामान बरामद सर्चिंग के दौरान मौके पर से एक्के 47, इसांस लाइट मशीन गन, बैरल ग्रेनेड लॉन्चर और अन्य नक्सली सामान बरामद किया गया है। मारे गए नक्सलियों का शव बीजापुर लाया गया था।

रिश्वत लेते पटवारी को रंगे हाथों पकड़ा

सूरजपुर/नवप्रदेश। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने सूरजपुर जिले में पदस्थ एक पटवारी को 3 हजार रुपए की रिश्वत लेते गुरुवार की दोपहर रंगे हाथों पकड़ा है।

जमीन का नामांतरण कराने के एवज में पटवारी ने ग्रामीण से 5 हजार रुपए की डिमांड की थी। 2 हजार रुपए वह पहले ही ले चुका था, बाकी के 3 हजार रुपए लेते समय वह सूरजपुर स्टेट बैंक के प्रांगण में पकड़ा गया। पटवारी को रंगे हाथों पकड़ने का जाल एसीबी की टीम ने बिछाया था। एसीबी ने पटवारी को गिरफ्तार कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की है।सूरजपुर जिले के रामानुजनगर विकासखंड स्थित ग्राम गोविंदपुर निवासी सुनील कुमार सिंह 39 वर्ष के माता-पिता की मौत हो चुकी है।

रिश्वत एसीबी की कार्रवाई, बिल पास करने के एवज में पैसों की कर रहा था मांग

डेढ़ लाख रुपए लेते पीएचई का एसडीओ रंगे हाथ गिरफ्तार

खैरागढ़/नव प्रदेश। जिले में एसीबी की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है. छुईखदान के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी छुईखदान में छापामार कार्रवाई कर अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. ठेकेदार से बिल पास करवाने के नाम पर अधिकारी पैसे की मांग कर रहा था. बताया जा रहा है कि एसीबी की टीम ने डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत के साथ एसडीओ राजेश मडावे को रंगे हाथ पकड़ लिया. प्रार्थी ठेकेदार प्रवीण कुमार तिवारी की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई.

प्रार्थी ने बताया कि एसडीओ राजेश मडावे कई महीनों से टेंडर के बिल को पास करने के एवज में पैसे की मांग करता था. अंततः परेशान होकर प्रार्थी ने एसीबी में शिकायत की. इसके बाद आज एसीबी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी छुईखदान पहुंच कर छापामार कार्रवाई करते हुए एसडीओ को गिरफ्तार कर लिया.

पत्नी के गायब होने पर पति ने किया सुसाइड

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के कंवर चौकी के ग्राम पेरपार में पत्नी के गुम हो जाने के बाद पति ने सल्फास गोली खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार ग्राम पेरपार निवासी प्रवेश सिंह राजपूत ने बताया कि उसका भाई डामन सिंह राजपूत (32) पिता प्रद्युमन सिंह की पत्नी कुमलेश्वरी बीते 31 मार्च को अपने दोनों बच्चों को यह बताकर गई कि वह पार्लर जा रही है। डामन सिंह को जानकारी होने के बाद ससुराल पेंडरवानी जाकर पता किया तो वहां पत्नी के नहीं मिलने पर उसने कंवर चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 1 अप्रैल को डामन सिंह अपनी मां से 2 हजार रुपए मांग कर पता करने के लिए निकला। ग्राम को वापस लौटा और शराब का सेवन किया। घर में दरवाजा बंद करने के बाद अंदर सो गया।

सरकार ने 10000 टन अतिरिक्त प्याज निर्यात की दी अनुमति

नई दिल्ली । सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के जरिए संयुक्त अरब अमीरात को अतिरिक्त 10,000 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब ईद का त्योहार नजदीक आ रहा है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा मंगलवार देर रात जारी किया गया यह आदेश 14,400 टन प्याज के अतिरिक्त होगा, जिसे पहले 1 मार्च को संयुक्त अरब अमीरात में निर्यात करने की अनुमति दी गई थी। यह एनसीईएल के जरिए किया जा रहा है, जिसने हर तिमाही के लिए 3,600 मीट्रिक टन की मात्रा सीमा तय कर रखी है।

बढ़ती घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के लिए 8 दिसंबर, 2023 को शिपमेंट पर प्रतिबंध की घोषणा के बाद से मित्र देशों के प्रति की गई प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए अब तक 79,150 टन प्याज को निर्यात के लिए मंजूरी दे दी गई है। अल नीनो से प्रेरित सूखे के कारण सरकार को वित्तवर्ष 2023-24 के दौरान प्याज निर्यात को विनियमित करने के लिए नीतिगत उपाय करने की जरूरत पड़ी। इन उपायों में 19 अगस्त, 2023 को प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाना, 29 अक्टूबर, 2023 से 800 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगाना और 8 दिसंबर, 2023 से निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है।

प्याज की बढ़ती कीमतों के साथ केंद्र सरकार अपने बफर स्टॉक से मुख्य सब्जी जारी कर रही है।

इसने 26 मार्च को एनसीसीएफ और एनएएफईडी को चालू रबी-2024 फसल के दौरान देश की बफर जरूरत के लिए सीधे किसानों से 5 लाख टन प्याज खरीदने का निर्देश दिया था। रबी प्याज की फसल देश में प्याज की उपलब्धता के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह देश में वार्षिक उत्पादन में 72 -75 प्रतिशत का योगदान देती है। सालभर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए रबी प्याज भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें खरीफ प्याज की तुलना में बेहतर शेल्फ जीवन होता है और इसे नवंबर-दिसंबर तक आपूर्ति के लिए संग्रहीत किया जा सकता है।

रिन्यूएबल एनर्जी में भारत की पहली कंपनी बनी अदाणी ग्रीन एनर्जी

अहमदाबाद। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) 10 हजार मेगावाट से अधिक रिन्यूएबल एनर्जी का उत्पादन करने वाली भारत की पहली कंपनी बन गई है। यह जानकारी बुधवार को कंपनी की ओर से दी गई। एजीईएल की ओर से उत्पादित 10,934 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी से 5.8 मिलियन से अधिक घरों को बिजली मिलेगी। यह सालाना लगभग 21 मिलियन टन कार्बनडाईआक्साइड के उत्सर्जन को भी रोकेगा। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा, हमें रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में भारत का पहला 'दस हजारी' होने पर गर्व है।

अदाणी समूह के संस्थापक और चेयरमैन ने कहा, एक दशक से भी कम समय में अदाणी ग्रीन एनर्जी ने न केवल एक हरित भविष्य की कल्पना की है, बल्कि इसे साकार भी किया है। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए 10 हजार मेगावाट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करने की क्षमता हासिल की है। इसमें 7,393 मेगावाट सौर ऊर्जा, 1,401 मेगावाट पवन ऊर्जा और 2,140 मेगावाट पवन-सौर हाइब्रिड ऊर्जा शामिल है।

यह मील का पत्थर भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की अग्रणी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनियों में से एक एजीईएल और उसके साझेदारों की स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है, जो 2030 तक 45 हजार गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। गौतम अदाणी ने कहा, यह उपलब्धि उस तेजी और पैमाने का प्रदर्शन है, जिस पर अदाणी समूह का लक्ष्य भारत को स्वच्छ, विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा की ओर ले जाना है। गौरतलब है कि कंपनी गुजरात के कच्छ के खावड़ा में बंजर भूमि पर 30 हजार मेगावाट बिजली के उत्पादन के लिए दुनिया की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी परियोजना विकसित कर रही है। 538 वर्ग किमी की इस परियोजना का आकार पेरिस के आकार से पांच गुना और लगभग मुंबई शहर जितना बड़ा है।

साइबर हमलों से निपटने के लिए केवल 4 प्रतिशत भारतीय कंपनियां ही तैयार!

नई दिल्ली। एक नई रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारत में केवल 4 प्रतिशत कंपनियों के पास ही साइबर सुरक्षा जोखिमों से निपटने की तैयारी है।सिस्को के 2024 साइबर सिक्योरिटी रेडीनेस इंडेक्स में कहा गया, साइबर हमलों से निपटने के लिए कंपनियों की तैयारी महत्वपूर्ण है। 82 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि अगले 12 से 24 महीनों में उनके कंपनियों की साइबर सुरक्षा में सेंध लग सकती है।वहीं 88 प्रतिशत कंपनियां अभी भी अपने मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ साइबर हमले से बचाव करने की अपनी क्षमता में आश्वस्त महसूस करती हैं।सिस्को में सुरक्षा और सहयोग के महाप्रबंधक जीतू पटेल ने कहा, हम साइबर हमलों से निपटने के अपने आत्मविश्वास से आने वाले खतरे को कम नहीं आंक सकते। कंपनियों को एकीकृत प्लेटफार्मों में निवेश को प्राथमिकता देने के लिए एआई पर काम करने की जरूरत है।वैश्विक स्तर पर लगभग सभी (99 प्रतिशत) कंपनियों को अगले 12 महीनों में अपने साइबर सुरक्षा बजट में वृद्धि की उम्मीद है।लगभग 71 प्रतिशत कंपनियां अगले 12 से 24 महीनों में अपने आईटी बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण रूप से उन्नत करने की योजना बना रही हैं।सिस्को इंडिया और सार्क के सुरक्षा व्यवसाय के निदेशक समीर कुमार मिश्रा ने कहा, कंपनियों को उभरते खतरों से निपटने के लिए साइबर सुरक्षा रणनीति के हिस्से के रूप में एआई को फ्रंटलाइन में रखना होगा, ताकि उभरते खतरों के खिलाफ उनकी सुरक्षा को मजबूत किया जा सके।

मेटा ने भारत में फेसबुक व इस्टाग्राम से 1.38 करोड़ से ज्यादा खराब सामग्री हटाई

नई दिल्ली। मेटा ने कहा कि उसने भारत में फेसबुक की 13 पॉलिसियों में 1.38 करोड़ से ज्यादा खराब सामग्री और इंस्टाग्राम की 12 पॉलिसियों में 40.8 लाख से ज्यादा आपत्तिजनक सामग्री हटा दी। फरवरी में फेसबुक को भारतीय शिकायत तंत्र के जरिए 18,512 रिपोर्टें प्राप्त हुई और कहा गया कि उसने 9,300 मामलों में मुद्दे हल करने के लिए उपयोगकर्ताओं को उपकरण मुहैया कराए।

मेटा ने आईटी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के अनुपालन में पेश अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि इनमें विशिष्ट उल्लंघनों के लिए सामग्री की रिपोर्ट करने खातिर पहले से स्थापित चैनल है, जहां वे अपना डेटा डाउनलोड कर सकते हैं और खाता हैक किए जाने के मुद्दों को हल करने के उपाय वगैरह शामिल हैं।मेटा ने कहा, अन्य 9,212 रिपोर्टों में जहां विशेष समीक्षा की जरूरत थी, हमने अपनी नीतियों के अनुसार सामग्री का विश्लेषण किया और कुल 2,970 शिकायतों पर कार्रवाई की। बाकी 6,242 शिकायतों की समीक्षा की गई, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की गई।इंस्टाग्राम पर कंपनी को भारतीय शिकायत तंत्र के जरिए 12,709 रिपोर्टें प्राप्त हुईं। इसमें कहा गया है, इनमें से हमने 5,344 मामलों में उपयोगकर्ताओं को उनके मुद्दों को हल करने के लिए उपकरण प्रदान किए।अन्य 7,365 रिपोर्टों में, जहां विशेष समीक्षा की जरूरत थी, मेटा ने सामग्री का विश्लेषण किया और कुल 2,470 शिकायतों पर कार्रवाई की। बाकी 4,895 रिपोर्टों की समीक्षा की गई, लेकिन हो सकता है कि उन पर कार्रवाई न की गई हो। नए आईटी नियम 2021 के तहत 50 लाख से ज्यादा उपयोगकर्ताओं वाले बड़े डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को मासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करनी होगी।मेटा ने कहा, हम सामग्री के उन टुकड़ों की संख्या मापते हैं (जैसे पोस्ट, फोटो, वीडियो या टिप्पणियां) जिन्हें अपने मानकों के विरुद्ध जाने पर हम कार्रवाई करते हैं।

कार्रवाई करने में फेसबुक या इंस्टाग्राम से सामग्री के एक टुकड़े को हटाना या फ़ोटो या वीडियो को कवर करना शामिल हो सकता है। कुछ दर्शकों को चेतावनी देकर परेशान किया जा रहा है। मेटा ने जनवरी में फेसबुक के लिए 13 पालिसियों में 1. 78 करोड़ से ज्यादा सामग्री को हटा दिया और इंस्टाग्राम के लिए 12 पालिसियों में 40.8 लाख से ज्यादा आपत्तिजनक सामग्री हटाई।

स्पीडनेशन में मिलेंगी मल्टीनेशनल ब्रांड की एक से बढ़कर एक बाइक

रायपुर। रायपुर में बाइक के शौकिनों को अब शहर में भटकने की जरुरत नहीं पड़ेगी क्योंकि स्पीडनेशन में मल्टीनेशनल ब्रांड की 20 से 25 प्रकार की बाइक यहां पर उनके लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगी। यह जानकारी स्वयं बाइक के शौकिन और बाइक राइडर निशांत जोशी ने दी।

निशांत जोशी जिनका ऑटोमोबाइल सेक्टर में 25 वर्षों का अच्छा-खासा अनुभव है और स्वंय एक कुशल राइडर हैं और वर्ष 2019 से वे युवाओं के लिये प्रेरणा बने हुए हैं और उनके नेतृत्व में युवा बाइक राइडर को लेकर लद्दाख नार्थ ईस्ट पर राइडिंग के लिये लेकर गये हैं,साथ ही स्वंय उन्होंने सोलो राइडिंग करते हुए भारत भ्रमण किया है। निशांत जोशी ऐसे ही बाइक शौकिनों के लिए छत्तीसगढ़ में पहली बार एक ही छत के नीचे उन्होंने रिंग रोड नंबर - 1 डी मार्ट के पास स्पीडनेशन में मल्टीनेशनल ब्रांड की 20 से 25 प्रकार की अलग-अलग बाइक की रेंज रखी है जिसकी शुरुआत 1.25 लाख रुपये से लेकर 8 लाख रुपये तक की कीमत पर उपलब्ध है। उनका कहना हैं कि आज बाइक केवल ट्रांसपोर्ट का साधन नहीं रह गया है बल्कि एक पैशन भी है और लोग बाइक राइडर हमेशा ऐसी बाइक पसंद करते हैं जिसको ड्राइव करते समय उन्हें किसी भी प्रकार की न तो थकान महसूस होती है और न ही वे अपने आप को ड्राइविंग करने से बोझिल पाते हैं।

खेल, मनोरंजन

मुंबई इंडियंस का 7 अप्रैल को दिल्ली से भिड़ंत, सूर्यकुमार फिट

स्पोर्ट्स डेस्क। मुंबई इंडियंस (MI) के बैटर सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 में टीम के लिए खेलने के लिए तैयार हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, नेशनल क्रिकेट एकेडमी (NCA) ने सूर्यकुमार यादव को मंजूरी दे दी है। ऐसे में वह आईपीएल 2024 के लिए 5 अप्रैल को मुंबई इंडियंस की टीम से जुड़ जाएंगे। हालांकि, मुंबई की तरफ से अब तक इसके बारे में कोई बयान नहीं आया है। पूरी तरह फिट नहीं होने की वजह से सूर्या शुरुआती तीन मैच नहीं खेल सके थे। सूर्या ने इसी साल जनवरी में जर्मनी में ग्रोइन की सफल सर्जरी कराई थी। इसके बाद वे ह्ष्ट में रिहैब से गुजर रहे थे। मुंबई अपना अगला मुकाबला 7 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वानखेड़े में

खेलेगी। इस सीजन में मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम नए कप्तान हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में लगातार तीन मैच हार चुकी है।

दुनिया के नंबर-1 टी-20 बैटर सूर्यकुमार यादव ने इसी साल जनवरी में जर्मनी में ग्रोइन की सफल सर्जरी कराई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बारे में सूचना दी थी। सूर्या ने दूसरी बार ग्रोइन इंजरी की सर्जरी कराई। सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (ह्ष्ट) में रिहैब से गुजर रहे थे। सूर्या साउथ अफ्रीका के खिलाफ दिसंबर 2023 में में खेले गए टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। उनके ग्राउंड से बाहर जाने के बाद उप कप्तान रवींद्र जडेजा ने टीम की कप्तानी संभाली थी, तब से वे मैदान से दूर थे।

महिला फुटबाल खिलाड़ियों के कमरे में घुस गया एआईएफएफ का सदस्य, सस्पेंड

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को निलंबित कर दिया। वह आगामी सूचना तक निलंबित रहेंगे। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है। दरअसल भारतीय महिला फुटबॉल लीग के सेकेंड डिवीजन में भाग ले रही हिमाचल प्रदेश स्थित खाद एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने कथित आरोप लगाया कि क्लब के मालिक शर्मा ने 28 मार्च की रात को उनके कमरे में घुस उनके साथ मारपीट की थी।

एआईएफएफ को लिखे शिकायत पत्र में दोनों महिलाओं ने आरोप लगाया कि इंडियन वुमेंस लीग के दूसरे डिवीजन में एक मैच के बाद वे अपने एकमोडेशन पर लौट आईं और रात का खाना खत्म होने पर अंडे उबाल रही थीं। लड़कियों ने आरोप लगाया कि दीपक शर्मा नशे की हालत में थे। वह कमरे में घुस आए और उनके साथ मारपीट की। इससे पहले एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे , उपाध्यक्ष एन ए हैरिस और कोषाध्यक्ष किपा अजय ने सोमवार को शर्मा के खिलाफ खिलाड़ियों की शिकायतों पर गौर किया जिसके बाद एआईएफएफ के सदस्य संघों की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में शर्मा का पक्ष सुनने के बाद उन्हें बैठक से जाने के लिये कहा गया था।

संजय लीला भंसाली की हीरामंडी वेब सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर

भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक संजय लीला भंसाली वेब सीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार के जरिए ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। यह सीरीज पिछले लंबे समय से चर्चा में है।हीरामंडी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने को तैयार है। अब निर्माताओं ने सीरीज की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है।हाल ही में एक कार्यक्रम ने निर्माताओं ने खुलासा किया कि हीरामंडी का प्रीमियर 1 मई, 2024 से होगा।

हीरामंडी मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसी दिग्गज अभिनेत्रियों से सजी है।इस सीरीज की कहानी संजय ने मिताक्षरा कुमार, विभु पुरी, स्नेहिल दीक्षित मेहरा, मोईन बेग और दिव्य निधि शर्मा के साथ मिलकर लिखी है।हीरामंडी प्यार, ताकत और आजादी की जंग के बीच जूझने वाली हीरामंडी की तवायफों की कहानी है।इससे पहले भंसाली देवदास और गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी फिल्मों के जरिए तवायफों के जीवन को दिखा चुके हैं। हीरामंडी के अलावा भंसाली मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म लव एंड वॉर को लेकर चर्चा में हैं।इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की जोड़ी नजर आएगी। विक्की कौशल भी इस फिल्म का अहम हिस्सा होंगे।यह फिल्म अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।

उर्वशी रौतेला की जेएनयू की रिलीज तारीख टली

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जेएनयू को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। इस फिल्म के जरिए वह लंबे समय बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं।दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री रश्मि देसाई भी फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म में सिद्धार्थ बोडके, पीयूष मिश्रा, सोनाली सहगल और विजय राज जैसे कलाकार भी शामिल हैं. अब जेएनयू के लिए आपको लंबा इंतजार करना होगा। दरअसल, निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख को टाल दिया है। जेएनयू पहले 5 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी। फिलहाल निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख को टाल दिया है। नई तारीख का ऐलान जल्द होगा। जेएनयू के निर्देशन की कमान विनय शर्मा ने संभाली है तो वहीं प्रतिमा दत्ता फिल्म की निर्माता हैं।इस फिल्म में पीयूष मिश्रा, विजय राज, अतुल पांडे और सोनाली सेगल जैसे सितारे भी अभिनय करते दिखाई देंगे। जेएनयू का नया पोस्टर भी सामने आ चुका है।विनाय शर्मा द्वारा निर्देशित और प्रतिमा दत्ता द्वारा निर्मित, फिल्म जेएनयू काफी समय से सुर्खियों में है. फिल्म की कहानी और कलाकारों की स्टारकास्ट को लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता बनी हुई है. हालांकि, रिलीज टलने से फैंस को थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है. उम्मीद की जाती है कि मेकर्स जल्द ही फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर देंगे।

पुरस्कार व्यक्ति पर जिम्मेदारी बढ़ाते हैं : हार्दिक सिंह

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने पुरुष वर्ग में प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 पुरस्कार जीता। विशेष रूप से, उन्होंने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित हॉकी इंडिया छठे वार्षिक पुरस्कार 2023 में मिडफील्डर ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार भी जीता।

यह पुरस्कार हार्दिक की असाधारण प्रतिभा, समर्पण और पिछले वर्ष के दौरान खेल में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। उनकी अटूट प्रतिबद्धता, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान के रूप में अनुकरणीय नेतृत्व और अद्वितीय प्रदर्शन ने उन्हें पिछले वर्षों में वैश्विक हॉकी सर्किट में एक असाधारण खिलाड़ी बना दिया है।25 वर्षीय खिलाड़ी का खेल के शिखर तक का सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। उल्लेखनीय वादे के साथ अपने करियर की शुरुआत करते हुए, हार्दिक मैदान पर असाधारण तकनीकी कौशल और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य स्तंभ के रूप में विकसित हुए हैं। मिडफील्डर टीम का मार्गदर्शन करने और न केवल अपने लिए प्रशंसा अर्जित करने में बल्कि देश के लिए अपार गौरव और गौरव लाने में भी महत्वपूर्ण रहा है। जालंधर के रहने वाले 25 वर्षीय खिलाड़ी ने प्लेयर ऑफ द ईयर 2022 के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार भी जीता।लगातार दूसरे वर्ष पुरस्कार

जीतने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, मिडफील्डर ने कहा, मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को मुझ पर विश्वास रखने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। यह मुझे और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।' ईमानदारी से कहूं तो, मुझे जीतने की उम्मीद नहीं थी क्योंकि हरमनप्रीत सिंह और पीआर श्रीजेश जैसे कई मजबूत दावेदार थे, जिन्होंने पिछले साल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। मेरा मानना है कि एक टीम के रूप में हमारा वर्ष उतार-चढ़ाव भरा रहा। मैं ईमानदारी से महसूस करता हूं कि मैं पूरी टीम की ओर से यह सम्मान स्वीकार कर रहा हूं।उन्होंने कहा, जब आपको ऐसे व्यक्तिगत पुरस्कार और मान्यता मिलती है तो आपकी ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है। मुझे लगता है कि जब महासंघ आपको ऐसे प्रतिष्ठित पुरस्कार देता है, तो इसका मतलब है कि वे आप पर भरोसा करते हैं और आप जो भी मैच खेलें उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। 2018 में सीनियर अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण करने के बाद, हार्दिक सिंह ने भारत के लिए 123 कैप पहनकर अपनी योग्यता साबित की है।

न्यूज गैलरी

घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। अनंत विहार कालोनी दलदल सिवनी पंडरी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ए.श्रीनिवास राव 54 वर्ष अनंत विहार कालोनी दलदल सिवनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केक्यू 9346 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

असौंदा में युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम असौंदा में घासीदापारा रंगमंच में पेसे के लेन-देन को लेकर तीन युवकों नरे एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश कुमार बंजारे 32 वर्ष ग्राम असौंदा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी आकाश बारले अपने दो अन्य साथियों के साथ प्रार्थी के पास आया और पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के आमानाका और माना पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकदी 4640 रुपए सहित मोबाइल और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने टाटीबंध बस्ती के पास ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी ओंकार साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 मोबाइल, सट्टा-पट्टी का स्क्रीन शॉट जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने माना मोड़ के पास सट्टा खिलाते आरोपी चेलक पासी 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 4640 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 30 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने पटवा कॉम्पलेक्स के पास सरेआम शराब पीते आरोपी किशन पोपटानी 40 वर्ष, मोवा पुलिस ने आरोपी डेनियल एक्का 37 वर्ष व हालेन्द्र साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण निषाद 34 वर्ष व प्रितम कुमार विश्वकर्मा 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी ज्योतिश ग्वाल 28 वर्ष, खोगेश्वर बघेल 30 वर्ष, करण साहू 23 वर्ष व कुलेश्वर यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी गोलू रगडे 30 वर्ष व सिदार्थ भारती 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी चेतन सिंह 35 वर्ष, डिगेश साहू 32 वर्ष, कोमल साहू 48 वर्ष व राजकुमार बिसेन 55 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी रोहित बाग 29 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी छविलाल साहू 45 वर्ष, राजेंद्र कुमार साहू 53 वर्ष, शिव कुमार साव 45 वर्ष, जर्नादन गोड 47 वर्ष, शशिभूषण सिंह 39 वर्ष, टूकेश्वर प्रसाद 36 वर्ष, मुकेश मेश्राम 28 वर्ष, संदीप यादव 42 वर्ष व कमलेश साहू 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी मुनेश्वर कुर्रे 29 वर्ष, गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी दीपक भोई 43 वर्ष एवं आरंग पुलिस ने आरोपी मिलेन्द्र निषाद 28 वर्ष व कुमार साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी अतूल सहारे 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब बेचते दो कोचिए पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। खरोरा एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 51 पाव देशी शराब व 260 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने छड़िया मार्ग इर्ट भट्ठा के पास अवैध शराब के साथ आरोपी खिलेश्वर धीवर 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है।

वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी निलेश यादव 40 वर्ष के पास से 32 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 110 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जिले को डिस्पोजल मुक्त बनाने का समाजसेवी राजेश कर रहे प्रयास

- अब सिकोला में दिए 100 थाली, 100 गिलास
- पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता को दे रहे बढ़ावा

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के ग्राम सिर्राभांठा के रहने वाले राजेश कुमार सिन्हा और उनका परिवार पिछले कई वर्ष से बालोद जिले को डिस्पोजल मुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। वे विभिन्न सार्वजनिक आयोजन, धार्मिक आयोजनों सहित समाज को डिस्पोजल मुक्ति के लिए प्रोत्साहित करते हुए स्वयं के खर्चे पर थाली गिलास का सेट प्रदान कर रहे हैं। ग्राम सिकोला के श्री महर्षि मुक्त वाटिका बगीचा में आयोजित सत्संग के दौरान उन्होंने 100 गिलास और 100 थाली का सेट प्रधान किया।

गौरतलब है कि सिकोला में इन दोनों भागवत रसिक साजा आचार्य वीरेंद्र चतुर्वेदी का प्रवचन 31 मार्च से 7 अप्रैल तक जारी है। जहां पर सिकोला, देवगहन, सलौनी, गुरेदा, भरदा खुर्द, रौना, ओड़ारसकरी, चीचा, तिलखैरी आदि श्रद्धालु सत्संग का लाभ उठा रहे हैं। इन सबके बीच राजेश सिन्हा के प्रयासों की सराहना हो रही है। परमानंद महर्षि मुक्तानंद के सानिध्य में ग्राम सिकोला में राजेश सिन्हा ने 100 थाली गिलास का सेट प्रदान किया।

अब तक नौ गांवों में दे चुके हैं थाली-गिलास

राजेश सिन्हा ने डिस्पोजल मुक्त बालोद जिला बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। अब तक ग्राम चीचा, गोरकापार, खुरसुनी, मुड़िया, ओड़ारसकरी, नवागांव, घीना, कलंगपुर, तिलखैरी आदि गांव में भी स्टील की थाली और गिलास सेट प्रदान कर चुके हैं। अपने गृह ग्राम सिर्राभांठा के सभी समाज के लोगों को भी स्टील थाली गिलास प्रदान किया है। उनका मकसद सार्वजनिक आयोजनों में होने वाले प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने के साथ पर्यावरण का संरक्षण करना है।

केवल पर्यावरण नहीं कई उद्देश्य हैं

सिर्फ प्लास्टिक मुक्त जिला बनाना ही उनका उद्देश्य नहीं है। इसके अलावा परिवार, पर्यावरण, पेड़-पौधे लगाना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि भी शामिल हैं। सार्वजनिक सुविधा के लिए विभिन्न निर्माण कार्य जैसे सीसी रोड, यात्री प्रतीक्षालय निर्माण भी अपने खर्चे पर करवाए हैं। उनका कहना है कि परिवार समाज गांव की सेवा में लोगों को हमेशा तत्पर रहना चाहिए। तभी देश की उन्नति में एक आम व्यक्ति का योगदान सार्थक साबित होगा।

पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने के लिए छोटा सा कदम उनके द्वारा उठाया गया। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि इस तरह का छोटा सा छोटा प्रयास हर व्यक्ति को करते रहना चाहिए। ताकि समाज में बड़ा बदलाव आ सके।

गर्मी की शुरूआत में ही पानी के लिए मचने लगा हाहाकार

धमतरी/नवप्रदेश। आदर्श ग्राम पंचायत डोमा में पाइप लाइन जाम होने के करण पानी सप्लाई प्रभावित हो रही है । लोगों को पेयजल के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है । लोगो ने सरपंच एवं जल विभाग के अधिकारी से शीघ्र व्यवस्था सुधारने कि मांग की है ।

आदर्श ग्राम पंचायत डोमा के सभी वार्डों में नल जल योजना के अंतर्गत पानी दिया जा रहा था। विगत तीन -चार महिनों से वार्ड संख्या 16,17 एवं 18का मुख्य पाइप जाम हो गया है। उसको ठीक कराने के लिए सरपंच , तथा नल जल योजना के संबंधित विभाग में महिनों पहले आवेदन पत्र दिया गया। लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया। चूंकि सामने गर्मी है और तीनो वार्डों की जनता पीने के स्वच्छ पानी के लिए इधर उधर भटकने को मजबूर हो रहे ह। तीनों वार्डों के लोगों ने सरपंच एवं संबंधित नल जल योजना के अधिकारी का ध्यान पुनः इस ओर आकर्षित कराया है और त्वरित कार्यवाही कि मांग कि है । मांग करने वालों में मोतीलाल साहू, जगेश्वर ध्रुव पारख प्रकाश साहू, जगदीश ध्रुव, लोकेश्वर साहू, इतवारी साहू,पवन साहू, मदनलाल साहू, मोहन लाल साहू,लुकेश्वर साहू एवं समस्त वार्ड वासी. शामिल हैं ।

साइकिल रैली के जरिए किया गया मतदाताओं को जागरूक

धमतरी/नवप्रदेश । आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने गुरुवार सुबह कलेक्टोरेट परिसर से सायकल रैली का आयोजन किया गया। सायकल रैली में जिले के अधिकारी-कर्मचारी, महाविद्यालीयन छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक शामिल हुए और युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल और नगरनिगम आयुक्त विनय पोयाम ने सायकल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्टोरेट से शुरू होकर गोकुलपुर चौक, विंध्यवासिनी मंदिर, सदर बाजार होते हुए घड़ी चौक पहुंची। इस अवसर पर गोल बजार में उपस्थित सब्जी विक्रेताओं और घड़ी चौक में काम की तलाश कर रहे मजदूर भी स्व प्रेरणा से इस रैली में शामिल हुए और काम से पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने कहा कि सायकल रैली का उद्देश्य मतदाता जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाकर मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करना है।

देशी पिस्टल व जिंदा कारतूसों सहित पकड़े गए दो व्यक्ति

- हत्या के मामले में जमानत पर जेल से बाहर था एक आरोपी

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया की गुंडागर्दी की घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है। अपराधियों, गुंडे, मवाली व हुड़दंगियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। कोरबा पुलिस जन सहयोग से सुरक्षा का बोध कराने अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध है।

इसी कड़ी में नशे में धुत्त दो निगरानी बदमाश अपने मादक पदार्थो का सेवन कर नशे का शौक पूरा करने मदिरालय पहुंच गए, जिनके चर्चे पुलिस महकमें में काफी चर्चित रहे हैं। मादक पदार्थो का सेवन कर जमकर नशा किया और फिर हाथ में पिस्टल लिए नशे में धुत्त होकर यूं घूमने लगे, जैसे कोई जंग फतह की हो। एक इंटेल पर साइबर सेल व सिविल लाइन रामपुर ने ज्वाइंट एक्शन किया और घेराबंदी कर दोनों बदमाशों को धर-दबोचा। जब इनकी पृष्ठभूमि खंगाले गयी तो पता चला कि इनमें से एक के कारनामों की बड़ी लंबी फेहरिस्त है और वह हत्या के मामले में पहले ही बिलासपुर सेंट्रल जेल की हवा खाकर जमानत पर बाहर आया है।

अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को मिलेगा 2 लाख

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के अंदर अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को 2 लाख तथा घायलों को 50 हजार रुपए मुआवजा दिए जाने की योजना है। इस योजना के प्रति लोगों को जागरुक करने एसएसपी संतोष सिंह ने सभी टीआई को पत्र लिखा है।

सड़क यातायात और राजमार्ग मंत्रालय ने 25 फरवरी 2022 को हिट-एंड-रन वाहन दुर्घटना के पीड़ितों के मुआवजे के लिए एक नई योजना को अधिसूचित किया है. इस योजना के तहत मुआवजे की धनराशि बढ़ाने, यानी गंभीर रूप से घायल होने पर मुआवजे की राशि को 10000 रुपये से बढ़कर 50 हजार रुपये और मृत्यु होने की स्थिति में मुआवजा राशि 50 हजार रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का प्रावधान किया गया। सबसे पहले पुलिस को घटना की सूचना दें और इसके बाद इंश्योरेंस कंपनी से संपर्क करें. इसके बाद पुलिस घटना का मुआयना करती है और 30 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट मोटर एक्सीडेंट ट्राइब्यूनल को भेजती है. रिपोर्ट के आधार पर ही इंश्योरेंस कंपनी मुआवजे की रकम तय करती है. यदि किसी स्थिति में व्यक्ति मुआवजे से संतुष्ट नहीं है तो वह ट्राइब्यूनल में अपील कर सकता है।